# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




एमओयू साइन होने से पहले उत्साहित दिखे दोनों नेता

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गुरुवार को शाम साढ़े 6 बजे नई दिल्ली पहुंचे थे

दूसरे दिन शुक्रवार को देर शाम पुतिन मॉस्को के लिए रवाना हो गए

**दोनों देशों के बीच हुए 7 नए समझौते**

**रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देगा भारत**

## भारत आए पुतिन ने कहा- आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश पूरी मजबूती के साथ खड़े है

# 'ध्रुव तारे' की तरह अटल 'भारत-रूस' की दोस्ती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के महाशक्तिशाली देश रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी आवभगत की और प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि पिछले 8 दशकों में दुनिया ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को कई तरह की चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है। लेकिन इन सबके बीच भारत-रूस की दोस्ती ध्रुव तारे की तरह हमेशा अटल और स्थिर बनी रही है। मोदी ने रूसी पर्यटकों को 30 दिन का फ्री वीजा देने का ऐलान किया।

वहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बिना रुकावट के तेल की सप्लाई जारी रखने का ऐलान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदे का ऐलान नहीं हुआ, जबकि इसकी उम्मीद की जा रही थी। इसके बावजूद कई अहम घोषणाएं हुईं, जिनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और एमओयू साइन किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी साझा बयान में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत और रूस पूरी मजबूती से एकजुट हैं।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा

- भारत-रूस के आर्थिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे
- रूस भारत के लिए ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करेगा
- भारत की स्वतंत्र नीति की जमकर की प्रशंसा
- व्यापार लक्ष्य और संतुलन पर भारत का बड़ा वीजन
- रक्षा और तकनीकी सहयोग तेजी से बढ़ा



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते पुतिन और मोदी

### हम सिर्फ तेल पर बात करने नहीं आए हैं: पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इंडिया-रूस बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि हम भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं।

### यूक्रेन मुद्दे पर भारत हमेशा से शांति का पक्षधर: पीएम मोदी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'यूक्रेन मुद्दे पर भारत शुरू से ही शांति का पक्षधर रहा है। हम इस मसले के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए की जा रही हर कोशिश का स्वागत करते हैं। भारत हमेशा अपना योगदान देने के लिए तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा।*

### पीएम मोदी ने कहा

- भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी
- कृषि और उर्वरक के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण
- भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर
- ऊर्जा सुरक्षा भारत-रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ
- यूक्रेन मसले पर भारत शुरुआत से ही शांति के पक्ष में

### पीएम मोदी ने जताया आभार

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और रूस के 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे द्विपक्षीय संबंध कई ऐतिहासिक मील के पत्थरों से गुजर रहे हैं। ठीक 25 वर्ष पहले राष्ट्रपति पुतिन ने हमारी रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी। वर्ष 2010 में इस साझेदारी को 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा मिला। पिछले ढाई दशकों में उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने इन संबंधों को लगातार मजबूत किया है। भारत के प्रति उनकी गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले आठ दशकों में विश्व ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं।

### भारत–रूस की मित्रता स्थिर और प्रगाढ़



मानवता कई चुनौतियों और संकटों से गुज़री है, लेकिन इन सबके बीच भारत–रूस की मित्रता स्थिर और प्रगाढ़ है। परस्पर सम्मान और गहरे विश्वास पर आधारित यह संबंध समय की कसौटी पर हमेशा खरे उतरे हैं। आज हमने इस मजबूत नींव पर सहयोग को और व्यापक बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की है। पीएम मोदी ने बताया कि आर्थिक सहयोग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना दोनों देशों की प्राथमिकता है। इसी दिशा में 2030 तक के लिए 'इकोनॉमिक कोऑपरेशन प्रोग्राम' पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस व्यापार मंच से दोनों देशों के व्यापारिक रिश्तों को नई गति मिलेगी और इससे निर्यात, सह-उत्पादन और सह-नवाचार के नए अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के साथ एफटीए को जल्द अंतिम रूप देने के प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

## भारत-रूस के बीच हुए समझौते

### ऊर्जा सहयोग

रूस ने भरोसा दिलाया कि वह भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए लगातार और बिना रुकावट ईंधन की सप्लाई करता रहेगा

### औद्योगिक साझेदारी

भारतीय कंपनियों ने रूस के साथ एक यूरिया प्लांट रूस में ही स्थापित करने का समझौता किया

### फूड सेफ्टी

भारत की एफएसएसएआई और रूस की उपभोक्ता सुरक्षा एजेंसी के बीच खाद्य सुरक्षा नियमों को मजबूत करने के लिए औपचारिक समझौते हुए

### हेल्थकेयर सहयोग

मेडिकल रिसर्च और हेल्थ सर्विस में सहयोग बढ़ाने के लिए कई एमओयू साइन किए गए

### समुद्री लॉजिस्टिक्स

बंदरगाह और शिपिंग ऑपरेशन में भारत-रूस के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुए

### माइग्रेशन और मोबिलिटी

दोनों देशों ने लोगों की आवाजाही को आसान बनाने और माइग्रेशन प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए समझौते किए

### श्रमिक हित

अस्थायी श्रमिक गतिविधियों के संबंध में भी एक समझौता किया गया है

## भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, कौशल विकास को बढ़ावा

कृषि और उर्वरक के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग खाद्य सुरक्षा और किसानों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि यूरिया उत्पादन को लेकर दोनों पक्ष मिलकर प्रयास कर रहे हैं। बताया कि भारत के नाविकों की पोलर वॉटर में ट्रेनिंग के लिए सहयोग बढ़ाया जाएगा। इससे आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग को नई शक्ति मिलेगी और भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। जहाज निर्माण के क्षेत्र में गहरा सहयोग 'मेक इन इंडिया' को और सशक्त करेगा तथा रोजगार, कौशल विकास और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देगा। ऊर्जा सुरक्षा को भारत–रूस साझेदारी का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए पीएम मोदी ने कहा कि असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दशकों पुराना सहयोग स्वच्छ ऊर्जा की साझा प्राथमिकताओं को साकार करने में अहम भूमिका निभाता रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग से वैश्विक स्तर पर सुरक्षित और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। यूक्रेन मसले पर भारत ने शुरुआत से ही शांति का पक्ष लिया है।









### गुना में यात्री बस पलटी, एक की मौत,19 घायल

**गुना।** एनएच 46 पर स्थित बीनागंज क्षेत्र में शुक्रवार तड़के लखनऊ से इंदौर जा रही यात्री बस पलट गई। बस में सवार एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि 19 यात्री घायल हुए हैं। एक यात्री की हालत बेहद गंभीर है, उसे उच्च उपचार के लिए भोपाल रेफर किया गया है।

**नोएडा में अब तक का सबसे बड़ा साइबर फ्रॉड**

## निवेश के नाम पर 12 करोड़ ठगे, 17 करोड़ रु. और मांगे तो खुली आंखें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले में 12 करोड़ की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। नोएडा के सेक्टर-47 निवासी इन्द्रपाल चौहान को साइबर ठगों ने निशाना बनाया। ठगों ने जब 17 करोड़ रुपयों की मांग की, तब जाकर पीड़ित को छगे जाने का एहसास हुआ और उसने पुलिस के पास जाकर मामला दर्ज कराया।

सबसे पहले वॉट्सएप पर इंद्रपाल के पास क्यारा शर्मा नाम की प्रोफाइल से मैसेज आया। महिला ने बातचीत शुरू की फिर निवेश के लिए उकसाया। निवेश कराने के नाम पर पीड़ित को दो वॉट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। सुंदरन एएसमी स्टे पॉजिटिव और 111 सुंदर एएमसी इनफिनाइट पॉसिबिलिटी ग्रुप के जरिए पीड़ित के साथ ठगी की गई। ग्रुप में नकली प्रॉफिट स्क्रीनशॉट दिखाकर भरोसा दिलाया गया कि यह प्रमाणित शेयर ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है।

### महिला ने बातचीत शुरू की फिर निवेश के लिए उकसाया



**जांच में जुटी पुलिस**

लगभग 12 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले मे साइबर थाना पुलिस जांच में जुटी है। अकाउंट्स के डिटेल के साथ अमाउंट फ्रिज करवाने में जुटी साइबर पुलिस की अन्य टीमें भी मदद कर रही हैं।

### 50 हजार से शुरू किया निवेश

पीड़ित ने शुरू में 50 हजार रुपए निवेश किया। बाद में 17 दिन में 9 ट्रांजैक्शन में कुल 11,99,50,000 रुपए ट्रांसफर किये। साइबर ठगों द्वारा पैसे कई खातों में ट्रांसफर करवाया गया। शुरू में प्रॉफिट से 9 लाख रुपये आसानी से निकल भी गए। इस घटना से पीड़ित का भरोसा और बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने एग्जैटो टेक्नोलॉजी लिमिटेड के आईपीओ में निवेश के नाम पर और 17 करोड़ रुपए की मांग की। पीड़ित को तब शक हुआ और आया कि उसके साथ बड़ा साइबर फ्रॉड हुआ है। इसके बाद पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम सेक्टर-36 में एफआईआर दर्ज करवाई गई।

हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और उनके परिजनों को दी सांत्वना

## छग के सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर पहुंचे, स्व.द्विवेदी के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ग्वालियर में हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के ग्वालियर स्थित सिंधी कॉलोनी निवास पहुंचे। यहां उन्होंने



डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्वर्गीय पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. हिमांशु द्विवेदी की माताजी श्रीमती रमा द्विवेदी छोटे, भाई रवि द्विवेदी और अन्य परिजनों से भी उन्होंने मुलाकात की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में ईश्वर से परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम साय ने प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को अपना पारिवारिक मित्र भी बताया है। सभी वरिष्ठ जनों ने इस अवसर पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी के परिवार के को अपनी ओर से सांत्वना दी। इसके साथ ही मप्र के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडे, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ,पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री रामविचार नेताम, ग्वालियर के भाजपा सांसद भरत सिंह कुशवाहा, भाजपा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, भाजपा के युवा नेता रामू भैया, अशोक जैन, जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया, साडा के पूर्व अध्यक्ष जय सिंह कुशवाहा, एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, नगर निगम ग्वालियर के पूर्व सभापति लालजी जादौन के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि गण और गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।




डॉ. हिमांशु से चर्चा करते सीएम साय और रमन



परिजनों को सांत्वना देते साय और रमन

**आज प्रार्थना सभा एवं गंगा प्रसादी**

स्व. पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदीजी का 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया था। जिनकी आज शनिवार को त्रियोदशी पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन शामिल होंगे।



## लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास

# सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर अब अतिरिक्त कर लगाएगी सरकार, सीतारमण ने सुरक्षा के लिए बताया अहम

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया है। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर सरकार अब अतिरिक्त कर लगाएगी।




**कारगिल जैसी स्थिति दोबारा नहीं आने देंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा से हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया है। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद सिगरेट-पान मसाला जैसे उत्पादों पर सरकार अब अतिरिक्त कर लगाएगी। सरकार का कहना है कि इस बढ़े हुए टैक्स से आने वाले बजट को नेशनल सिक्योरिटी के लिए उपयोग किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी।

इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी होंगी। इस बिल पर चर्चा के दौरान संसद में लंबी बहस चली। दो दिन की बहस के बाद बिल लोकसभा से पास हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की aकमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80 फीसदी ऑथराइज़्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्थितकि दोबारा वापस आए।

### संसद की मंजूरी से रेट तय होंगे

सेस पूरी तरह संसद के अधिकार में है। रेट तय करने से लेकर हर प्रक्रिया हाउस की मंजूरी से होगी। सेक्शन 7 में पूरा फ्रेमवर्क साफ लिखा है। उन्होंने कहा कि अवगुण वाली चीजें सस्ती नहीं होंगी। राजस्व जुटाना जरूरी है ताकि देश की सुरक्षा और लोगों की हेल्थ दोनों मजबूत रह सकें। सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं लगेगा।


संसद में चर्चा का जवाब देतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

### पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी

उन्होंने कहा कि ये बिल पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का रास्ता खोलता है। मंत्रालय का फोकस लोगों की हेल्थ से जुड़ी रिस्क को कम करना है। ये सेस नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े फ्रंट पर भी मदद देगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कई अहम मुद्दों पर सरकार की पोजीशन साफ की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया हाई टेक वार का दौर है। प्रिसिजन वेपन्स, स्पेस एसेट और साइबर ऑपरेशन जैसे सेक्टर बहुत महंगे हैं। कारगिल में भारत को इसलिए नुकसान हुआ क्योंकि सेना के पास बजट की कमी थी।

### पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा

इस दौरान सांसदों के विरोध पर वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के समय तीनों सेनाओं ने शानदार काम किया जिसमें टेक्निकल इंस्ट्रूमेंट्स की जरूरत पड़ी। यही मॉडर्न वॉरफेयर है और इसी के लिए हमें सेस लगाने की जरूरत है। ये पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा। हम ये सेस केवल डीमेरिट गुड्स पर ही लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक वित्त मंत्री के रूप में उनका दायित्व धन जुटाना है।

### कुछ विपक्षी सांसदों ने किया विरोध

बिल पर चर्चा के दौरान सांसद हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है? कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे।

**राजमार्ग मंत्री गडकरी ने लोकसभा में बताया**

## पिछले साल सड़क हादसों में 1.77 लाख की हुई मौत



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि फरवरी 2020 में सड़क सुरक्षा पर तीसरे वैश्विक मंत्री स्तरीय सम्मेलन में अपनाए गए 'सड़क सुरक्षा पर स्टॉकहोम घोषणापत्र' में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और चोटों को 50 प्रतिशत तक कम करने का एक नया वैश्विक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने संसद को बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 2024 में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख से अधिक हो गई, जिसका अर्थ है कि हर दिन 485 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई।

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक**

## वक्फ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन नहीं बढ़ेगी

मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के



रजिस्ट्रेशन की डेडलाइन बढ़ाने की संभावना से इनकार कर दिया है। रिजीजू ने शुक्रवार को कहा कि उन 'मुत्तवलियों' (वक्फ संपत्तियों की देखभाल करने वाले) को तीन महीने तक जुर्माने और किसी कठोर सजा से राहत दी जाएगी, जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा सके।किरेन रिजीजू ने बताया कि शुक्रवार सुबह तक 1.51 लाख संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका था। मंत्री का यह भी कहना है कि जो लोग रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाए हैं वो वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं।

### उम्मीद पोर्टल पर अब तक नहीं अपलोड की जा सकी डिटेल्स

केंद्र ने सभी वक्फ संपत्तियों की 'जियो-टैगिंग' के बाद डिजिटल सूची बनाने के लिए जून महीने में एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम केंद्रीय पोर्टल शुरू किया था।'उम्मीद' पोर्टल के प्रावधान के अनुसार देश भर में सभी रजिस्टर्ड वक्फ संपत्तियों का विवरण अनिवार्य रूप से छह महीने के भीतर अपलोड किया जाना है। रजिस्ट्रेशन के लिए छह महीने की मियाद शुक्रवार को खत्म हो रही है।

### वक्फ कानून पर ममता सरकार राजी

रिजिजू ने कहा कि वक्फ कानून बनाने के बाद हमने उम्मीद पोर्टल शुरू किया था और सभी वक्फ संपत्तियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए संबंधित पक्षों को 6 महीने का वक्त दिया गया था। अब भी लाखों संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका है। कई सांसदों और सामाजिक संगठनों के लोगों ने पोर्टल की मियाद बढ़ाने का आग्रह किया। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी भी वक्फ कानून मानने को राजी हो गई हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष समेत 112 पर मामला दर्ज

**चेन्नई।** पुलिस ने तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और



पार्टी के वरिष्ठ नेता एच राजा समेत 113 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी ने 4 दिसंबर को तिरुपनरनकुंद्र पहाड़ी की चोटी पर दीप जलाने के लिए आयोजित एक प्रदर्शन में भाग लिया था। यह दीप स्तंभ तिरुपरमकुंद्रम की छोटी पहाड़ी पर एक दरगाह के पास स्थित है।

### कार ने दूल्हे के ताऊ, चाचा, मौसा को कुचला

**कासगंज।** यहां के गंजडुंडवारा में खुशियों से सजे मंडप में चीख-



पुकार गूंज उठी। यहां के जेडएस पैलेस गेस्ट हाउस में विकास पुत्र रामसनेही यादव की शादी के चलते सुबह से ही चहल-पहल थी। डीजे की धुनों के बीच दूल्हे के तहेरे भाई धर्मेंद्र के साले कौशल यादव के दूल्हे के ताऊ गिरीश, सुरेश चंद्र, मौसा बृजेश को कार से रौंदने की खबर से अफरा-तफरी मच गई।

### विजयवाड़ा में कृष्णवेणी संगीता नीरजनम आज से

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय,



संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से तथा आंध्र प्रदेश पर्यटन और संस्कृति विभाग की सहायता से 6 और 7 दिसंबर को विजयवाड़ा में कृष्णवेणी संगीता नीरजनम के तीसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। थीम 'तेलुगू संगीत परंपराओं की समृद्धि का उत्सव'है, जो आंध्र की पहचान को बल देगी।

### शाह 3 दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 3 दिनी गुजरात



दौरा शुक्रवार से शुरू हो रहा है। वे अहमदाबाद, गांधीनगर, सनादर , वाव-थराद और आसपास के क्षेत्रों में 25 से अधिक सार्वजनिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसका उद्देश्य राज्य में सहकारी क्षेत्र में सुधार, शहरी विकास, लोक कल्याण आदि है।

## टीएमसी के निलंबित विधायक कबीर को मिली बड़ी राहत, किया बड़ा ऐलान

# हाईकोर्ट ने बाबरी मस्जिद बनाने पर दखल देने से किया इनकार, हुमायूं आज रखेंगे 'आधार'

### बाबरी मस्जिद निर्माण मामले की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर


निलंबित विधायक हुमायूं कबीर

**मुर्शिदाबाद में आज नींव रखेंगे टीएमसी से रिश्ता तोड़ चुके कबीर**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण केस में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने शांति की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर छोड़ दी है। कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखने का ऐलान किया है। विधायक ने अदालत के फैसले पर खुशी जाहिर की है।फैसले पर कबीर ने कहा कि मैंने पहले ही कह दिया था कि मैं नींव रखूंगा। हाईकोर्ट के जज ने जो निर्णय लिया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं हाईकोर्ट के जज को बधाई देता हूं। यह मेरा संवैधानिक अधिकार है। जो लोग हाईकोर्ट गए थे, उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है। इसके साथ ही कबीर ने मस्जित निर्माण की तारीख भी मुकर्रर कर दी है। बताया जा रहा है कि इस मामले में उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से भी अपने रिस्ते तोड़ लिए हैं।

**मस्जिद बनाने से नहीं रोकेगा हाई कोर्ट**

**अदालत के फैसले पर कबीर ने जताई खुशी, जज को भी दी बधाई**


कलकत्ता हाईकोर्ट

### टीएमसी को सुनाया, इसी माह इस्तीफा देकर नई पार्टी बनाएंगे

टीएमसी ने विधायक कबीर को गुरुवार को पार्टी से निलंबित कर दिया था। निलंबन के कुछ ही देर बाद कबीर ने घोषणा की कि वे विधायक पद से इस्तीफा दे देंगे। इस महीने के अंत में अपनी पार्टी बनाएंगे और प्रस्तावित कार्यक्रम को बढ़ाएंगे, भले ही इसके लिए उन्हें 'गिरफ्तार' किया जाए या मार ही क्यों न दिया जाए?

### मैं अपने कार्यक्रम से पीछे नहीं हटूंगा

जब कबीर बहरामपुर में मुख्यमंत्री की एसआईआर विरोधी रैली के आयोजन स्थल पर बैठे थे, जहां तृणमूल ने उन्हें पहले आमंत्रित किया था। कबीर ने इसे 'जानबूझकर किया गया अपमान' बताया और कहा कि उनके खिलाफ 'साजिश' रची गई है। मुझे कोई पत्र नहीं मिला है। लेकिन मैं शुक्रवार या सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दूंगा। कबीर ने कहा कि उनका नया संगठन अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुल 294 में से 135 सीट पर उम्मीदवार उतारेगा।

### आज 12 बजे से 2 बजे के बीच करेंगे शुरुआत

मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में प्रस्तावित 'बाबरी मस्जिद' के निर्माण में दखल देने से कलकत्ता हाई कोर्ट के इनकार करने के बाद सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने अब और आगे बढ़कर फ्रंट पिच पर खेलना शुरू कर दिया है। उन्होंने बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने के समय का ऐलान किया है। शुक्रवार को कबीर ने कहा कि बाबरी मस्जिद मॉडल की आधारशिला शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच रखी जाएगी।

*कबीर को शंकराचार्य का जवाब*

### बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट करना चाहिए




शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर के द्वारा बाबरी मस्जिद की नींव रखे जाने को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाबर ने भारत में आकर आक्रमण किया और यह हमें पीड़ा पहुंचाने वाला काम है। आज की तारीख में अगर कोई व्यक्ति उसी के साथ अपने आप को खड़ा रखता है कि हम बाबर के लोग हैं तो बाबर जैसा ही ट्रीटमेंट उनके साथ करना चाहिए।

*हाईकोर्ट बेंच पहुंचा मामला*

### मस्जिद ने मांगी थी लाउडस्पीकर की इजाजत कोर्ट ने किया खारिज

**नागपुर।** मुंबई हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने लाउडस्पीकर के



इस्तेमाल की अनुमति देने के अनुरोध से संबंधित एक मस्जिद की याचिका खारिज कर दी। बेंच ने कहा कि मस्जिद को धार्मिक कार्यों को अधिकार का मामला बताकर लाउडस्पीकर इस्तेमाल करने का हक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी धर्म में ध्वनि उपकरणों का इस्तेमाल करके या ढोल बजाकर प्रार्थना करने का आदेश नहीं है।न्यायमूर्ति अनिल पंसारे और न्यायमूर्ति राज वाकोड़े की बेंच ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण का मुद्दा बार-बार सामने आ रहा है। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### मस्जिद गौसिया ने दायर की थी याचिका

यह याचिका गोंदिया जिले की मस्जिद गौसिया की ओर से दायर की गई थी। इसमें लाउडस्पीकर की अनुमति का अनुरोध था।

## संगरूर के भरूर में किसानों का बवाल

# रेलवे गेट पर धरना देने अड़े 150 को,ट्रैक से किया गिरफ्तार

**रेल रोको आंदोलन की कर रहे थे तैयारी**



एजेंसी ▶▶ संगरूर

पंजाब के संगरूर जिले के गांव भरूर में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। किसानों के प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन से पहले ही लगभग 150 किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों ने घोषणा की थी कि वे दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक सुनाम रेलवे स्टेशन पर दो घंटे का धरना-प्रदर्शन करके रेल रोकेंगे, लेकिन प्रशासन ने इसे अनुचित बताते हुए आंदोलन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए।

घटना के बाद एसपी (डी) दविंदर अत्तरी ने कहा कि किसानों का रेल रोको आंदोलन कानून के तहत सही नहीं था, क्योंकि इससे आम जनता को असुविधा होती और रेलवे सेवाओं पर सीधा असर पड़ता। उन्होंने बताया कि पुलिस ने पहले ही किसानों से अपील की थी कि वे इस तरह के आंदोलन से दूर रहें और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखें।

### किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंचे थे

एसपी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि किसान बड़ी संख्या में गांव भरूर पहुंच चुके हैं और वहां रेलवे फाटक पर बैठकर प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किसानों को समझाने की कोशिश की। किसानों को यह भरोसा दिलाने की भी कोशिश की कि उनकी बात प्रशासन तक पहुंचा दी जाएगी, लेकिन वे नहीं माने।

### प्रशासन के आगे किसानों जिद नहीं चली

जब किसान अपनी योजना पर अड़े रहे और रेलवे फाटक पर धरने की तैयारी करने लगे, तो पुलिस ने लगभग 150 किसानों को अलग-अलग स्थानों पर हिरासत में लिया गया। हालांकि अभी कुल संख्या अस्पष्ट है, लेकिन प्राथमिक रूप से इतने ही किसानों को सुरक्षित ले जाया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस का मकसद किसी भी प्रकार का टकराव पैदा करना नहीं था, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना और रेलवे जैसी आवश्यक सेवाओं को सुचारू रूप से चलाना उनकी प्राथमिकता थी। पुलिस पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है और किसी भी नागरिक को कोई नुकसान न पहुंचे, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**इलाके में भारी पुलिस बल तैनात:** इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसान संगठनों ने कार्रवाई पर नाराजगी जताई जा रही है, जबकि प्रशासन इसे सुरक्षा के लिहाज़ से ज़रूरी कदम बता रहा है।

## राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला

# बालिग मनमर्जी रिश्ते में रह सकते हैं, भले उनकी शादी की उम्र न हो

एजेंसी ▶▶ जयपुर



राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा है कि दो बालिग व्यक्ति यदि अपनी मर्जी से साथ रहना चाहते हैं, तो वे विवाह योग्य आयु नहीं होने के बावजूद लिव-इन रिश्ते में रह सकते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल शादी की कानूनी उम्र पूरी न होने के आधार पर किसी के संवैधानिक अधिकारों को सीमित नहीं किया जा सकता।जस्टिस अनूप धंड ने यह फैसला उस याचिका पर सुनाया जिसमें कोटा निवासी 18 वर्षीय युवती और 19 वर्षीय युवक ने सुरक्षा की मांग की थी। दोनों ने अदालत को बताया कि वे अपनी स्वेच्छा से साथ रह रहे हैं और 27 अक्टूबर को एक लिव-इन एग्रीमेंट भी किया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि युवती के परिवार वाले इस रिश्ते का विरोध कर रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर कोटा पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

## रामलला के प्रथम दर्शन से भाव-विभोर हो गए तमिल प्रतिनिधियों के छात्र

# उत्साह-आनंद हो गया अलौकिक, परिसर में गूंजा 'जय श्री राम'

### उत्तर और दक्षिण भारत की भक्ति परंपराओं का अद्भुत संगम दिखा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

**काशी तमिल संगमम 4.0**

काशी तमिल संगमम- 4.0 के अंतर्गत आए छात्र समूह का दूसरा दिन अयोध्या में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आध्यात्मिक एकता का सशक्त प्रतीक बन गया। शुक्रवार सुबह 9 बजे विशेष बस से जब छात्र श्री राम मंदिर धाम पहुंचे, तो पूरे परिसर में 'जय श्री राम' की गूंज ने वातावरण को उत्सवमय कर दिया। तमिलनाडु के विद्यार्थियों के उत्साह और आनंद से पूरा धाम आलोकित प्रतीत हो रहा था।छात्रों ने भगवान श्री रामलला के प्रथम दिव्य दर्शन किए, जिनसे वे भाव-विभोर हो उठे। विद्यार्थियों ने श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की।


रामलला मंदिर के सामने तस्वीर भी खिंचाई

### यात्रा को बताया अत्यंत प्रेरणादायी

छात्रों ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही। पहली बार उन्हें उत्तर भारत की आस्था, परंपरा और भक्ति की विराट संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से देखने-सुनने का अवसर मिला। छात्रों ने बताया कि अयोध्या का यह दिव्य अनुभव उनकी स्मृतियों में जीवनभर के लिए अमिट छाप छोड़ गया।

### 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और बल मिला

यह कार्यक्रम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूती से पोषित कर रहा है। उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक साझेदारी और परंपरागत संबंधों को सुदृढ़ करते हुए यह पहल देश की महान विरासत और सांस्कृतिक एकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

### प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन भी किया

दर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने भव्य राम दरबार का अवलोकन किया, जहां भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्ट कलात्मकता को नजदीक से देखने का अवसर मिला। फिर छात्र हनुमान गढ़ी पहुंचे और वहां की आध्यात्मिक ऊर्जा तथा भक्तिमय वातावरण ने उनकी यात्रा को और पवित्र बना दिया। राम की पैड़ी का भ्रमण किया। शांत और पवित्र सरयू नदी के तट पर विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक वातावरण को महसूस किया।



एक एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बेंगलुरु एयरपोर्ट में उड़ानें निरस्त होने के बाद यात्री बेहाल दिखे

## इंडिगो संकट: 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल... सरकार कराएगी जांच

# उच्च स्तरीय समिति के गठन का दिया आदेश डीजीसीए ने वापस लिया वीकली रोस्टर नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो पिछले 2 दिनों से पूरे देश में काफी ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है। शुक्रवार को इंडिगो की 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो गई है, जिसके चलते हजारों हवाई यात्री प्रभावित हुए हैं। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र ने इंडिगो के ऑपरेशन में रुकावट की हाई-लेवल जांच शुरू करने का फैसला किया है।

### राज्यसभा में भी उठा मुद्दा, घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा

### कैंसिल की जा रहीं फ्लाइट्स के चलते हजारों हवाई यात्री प्रभावित

### इंडिगो के सीईओ का पहला बयान

कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स ने शुक्रवार को जारी वीडियो संदेश में कहा कि पिछले कुछ दिनों से विमानन कंपनी के कामकाज में दिक्कतें आ रही हैं। कंपनी का कामकाज पांच दिसंबर को सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं आपके साथ यह साझा करना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिनों से हम गंभीर ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना कर रहे हैं।

### सांसद भी परेशान, राज्यसभा में विमानन मंत्री से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** इंडिगो का मुद्दा शुक्रवार को राज्यसभा में भी उठा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि एयरलाइन के बढ़ते एकाधिकार का असर आम लोगों के साथ-साथ सांसदों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कई संसद सदस्य आज घर जाने और सोमवार को लौटने के लिए टिकट बुक कर चुके थे। लेकिन अब उड़ान रद्द होने से परेशानी बढ़ गई है।

### पटना-दिल्ली के बीच टिकट 60 हजार रुपए के पार पहुंचा

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन संकट ने हवाई यात्रा को आम आदमी की पहुंच से पूरी तरह बाहर कर दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिसका सीधा असर हवाई किरायों पर पड़ा है। स्थिति यह है कि घरेलू मार्गों का किराया अब लंदन और पेरिस के टिकटों से भी महंगा हो गया है।

### इंडिगो ने यात्रियों से मांगी माफी, कैंसिलेशन पर पूरा रिफंड का दावा


एयरलाइन ने यात्रियों को राहत देने के लिए कई फैसलों की घोषणा की है। कैंसिल हुई उड़ानों का किराया अपने आप मूल पेमेंट मोड में रिफंड किया जाएगा। साथ ही 5 दिसंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की बुकिंग पर कैंसिलेशन और री-शेड्यूलिंग पूरी तरह मुफ्त होगी।

### एयरपोर्ट पर बिखरी व्यवस्था-बिफरे यात्री

हजारों की संख्या में लोगों को एयरपोर्ट पर ही समय बिताते और जानकारी जुटाते देखा जा रहा है। अकेले दिल्ली एयरपोर्ट की ही बात करें तो यहां बुधवार को 150 से ज्यादा फ्लाइट रद्द हुईं, जिसके चलते अपनी मंजिल तक जाने के लिए हवाई अड्डे पर आए यात्री वहीं रुकने को मजबूर दिखे। कुछ ऐसा ही आलम केरल के तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट में दिखा।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में बच्चों को मारने वाली टीचर सस्पेंड




**सीहोर।** एक टीचर ने 6वीं की 8 छात्राओं को डंडे से पीटा। छात्राएं लिख नहीं रही थीं, इसके बाद टीचर ने उनकी पिटाई की। इससे उनके हाथों में चोट आ गई, हाथ सूज गए। एक छात्रा बेहोश हो गई थी। घटना आष्टा तहसील के कोठरी गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार की है। घटना से जुड़ा वीडियो शुक्रवार को सामने आया। मामला सामने आने के बाद टीचर कीर्ति शाक्य को डीईओ संजय सिंह तोमर ने सस्पेंड कर दिया है।

### प्राचार्य के यहां ईओडब्ल्यू का छापा, जांच जारी



**सीधी।** जिले में आय से अधिक संपत्ति के मामले में रीवा ईओडब्ल्यू ने छापामार कार्रवाई की है। जिले के कुसुमी विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल खोखरा के प्रभारी प्राचार्य अभिमन्यु सिंह के यहां ईओडब्ल्यू का छापा पड़ा है। टीम ने सुबह करीब पांच बजे अमहा स्थित ऊंची हवेली वाले आवास पर पहुंचकर कार्रवाई की शुरुआत की। उनका मूल निवास मड़वास को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

### शादी टलने के बाद स्मृति मंधाना की पहली पोस्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना म्यूजिक कम्पोजर पलाश मुच्छल से शादी टलने के बाद पहली बार सोशल मीडिया पर नजर आईं। उनकी पहली इंस्टाग्राम पोस्ट लंबे समय बाद आई है। इससे पहले उन्होंने पलाश के प्रपोज करने और हल्दी मेंहदी के सभी पोस्ट अपने प्रोफाइल से डिलीट कर दिए थे। लोगों ने पूछा कि क्या पलाश ने धोखा दिया है। ऐसे ही अनेक सवाल किए।

## विधानसभा का शीतकालीन सत्र खत्म:- द्वितीय अनूपूरक बजट में 13476.94 करोड़ रुपए के प्रावधान

# मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव बोले- 13 हजार करोड़ के अनुपूरक बजट से होगा हर वर्ग का कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के समापन मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष प्रजातंत्र की धुरी हैं। इस सत्र में विपक्ष ने पूरे सत्र में सकारात्मक भूमिका अदा की है। प्रश्नों और उद्बोधनों में हमें अपने कार्यों को और अधिक कुशलता की तरफ जाने के लिए इंगित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष को धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में विपक्ष ने पूरे सत्र में सकारात्मक चर्चा की।

- प्रधानमंत्री के विकसित भारत के स्वप्न को करेंगे साकार
- मुख्यमंत्री ने सत्र समाप्ति पर दिए संबोधन में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों को दिया धन्यवाद



भाजपा विधायक मोहन सरकार के दो साल की उपलब्धियों वाले पोस्टर लेकर विधानसभा परिसर पहुंचे

### इस सत्र में प्रदेश के लोगों को कई सौगातें मिली है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सदस्यों एवं मंत्रियों ने विस्तारपूर्वक अपनी बात अच्छे ढंग से सरकार की कार्यकुशलता के आधार पर, काम के आधार पर, जो वह कर सकते थे, उन्होंने सदन में रखा। इस सत्र के समय का सदुपयोग का प्रयास किया है। हमें कई सौगातें भी मिली है। गुरूवार को 3 चीते चम्बल के अंचल में श्योपुर से छोड़े। चीता परियोजना की सफलता का नया मुकाम हासिल किया है।

### अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक महत्वपूर्ण विधेयक मप्र नगर पालिका (संशोधन) विधायक-2025 प्रस्तुत हुआ। इसमें नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से इससे वर्तमान में निकायों में कार्य करने में आ रही समस्याओं में काफी कमी आएगी। यह निकाय स्वतंत्र रूप से तेज गति से कार्य कर सकेंगे।

### अनूपूरक बजट की विशेषताएं

द्वितीय अनुपूरक अनुमान में कुल 13476.94 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। अब विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता बनी है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसमें आगे और भी करने का प्लान है। बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मूलभूत जन सुविधाओं के लिये स्थानीय निकायों को 1633 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का था। यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है।

### अनूपूरक बजट की खास बातें

- *जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता*
- *प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ का प्रावधान*
- *मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ का प्रावधान*
- *मूलभूत जन सुविधाओं के लिये स्थानीय निकायों को 1633 करोड़ का प्रावधान*
- *पूंजीगत मद में 5028.37 हजार करोड़ का प्रावधान*
- *मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट था*

## आरबीआई ने ब्याज दर 0.25% घटाई

# लोन सस्ते होंगे, जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

आरबीआई गर्वरन ने वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8% की जीडीपी ग्रोथ और कम होती महंगाई दर एक आदर्श स्थिति है। इसे 'गोल्डीलॉक्स' काल कहा


संजय मल्होत्रा, आरबीआई गर्वनर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की अपनी पांचवीं मौद्रिक नीति बैठक (एमपीसी) के नतीजों का ऐलान कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को न केवल रेपो रेट में कटौती कर कर्जदारों को राहत देने की खबर दी, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर एक बेहद शानदार तस्वीर भी पेश की है। केंद्रीय बैंक के मुखिया मल्होत्रा मौजूदा स्थिति को 'गोल्डीलॉक्स' काल बताया है। आने वाले में लोन सस्ते हो जाएंगे।

### ग्राहकों की ऐसे होगी बचत

यदि किसी ने 50 लाख रुपये का लोन 8.5 प्रतिशत की ब्याज दर से 20 साल के लिए लिया है और आरबीआई यदि 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा करती है तो उसकी ईएमआई कम हो जाएगी, जैसे कि पुराने ब्याज दर 8.5 प्रतिशत पर 43,391 रुपए की ईएमआई देनी पड़ती है, और ब्याज दरों पर कटौती के नई ब्याज 8.25 प्रतिशत पर 42,603 रुपए हो जाएगी, जिसमें महीने में 788 रुपए की बचत और साल भर में 9,456 रुपए की बचत होगी।

### यह भी बोले आरबीआई गर्वनर

- *आम आदमी के लिए सबसे अच्छी खबर महंगाई के मोर्चे पर है। चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान 2.6% से घटाकर अब सीधा 2% कर दिया है।*
- *देश की मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) गतिविधियों में सुधार लगातार जारी है। वहीं, सर्विस सेक्टर भी स्थिर गति से बढ़ रहा है। ये दोनों सेक्टर रोजगार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और इनका अच्छा प्रदर्शन करना सुखद संकेत है।*
- *बाजार में नकदी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी ताकि लोन बांटने और बिजनेस चलाने में कोई रुकावट न आए।*

## छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

# 5 लाख फिरौती मांगी, 2 लाख लेने के बाद भी वीडियो किया वायरल, लोगों का चक्काजाम

**12 घंटे में दोनों आरोपी गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के शामगढ़ में 12वीं की 16 वर्षीय छात्रा को ब्लैकमेल करने और अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। घटना से नगर में तनाव और भारी आक्रोश है। इसके चलते पूरा शामगढ़ नगर बंद है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### खबर फैलते ही जनाक्रोश बढ़ा

वीडियो वायरल होने की खबर फैलते ही गुरुवार रात सैकड़ों लोगों ने शामगढ़ थाने का घेराव कर दिया और तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। शुक्रवार को यह जनाक्रोश और बढ़ गया, जिसके आईपीसी, पॉक्सो और आईटी एक्ट के तहत केसशामगढ़ पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रिहान और बाबू के खिलाफ आईपीसी की धाराओं, पॉक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के तहत गंभीर मामला दर्ज कर लिया है।

## सागर में काले हिरण का किया शिकार

# वन विभाग की टीम ने देर रात तीन आरोपियों को दबोचा, केस दर्ज

**कब्जे से काले हिरण का मांस, खाल, सागौन की लकड़ी और 22 बोर की राइफल समेत कारतूस जब्त किए**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले के राहतगढ़ के जंगल में काले हिरण के शिकार का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने गुरुवार देर रात तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से काले हिरण का मांस, खाल, सागौन की लकड़ी और 22 बोर की राइफल समेत कारतूस जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली थी कि बेरखेड़ी बीट के टेहरा-टेहरी में दो कारों में सवार कुछ लोग घुसे हैं। वन विभाग की टीम ने जंगल के रास्तों पर नाकाबंदी कर दी। जवान झाड़ियों में छिपकर संदिग्ध वाहनों वन विभाग की टीम ने के लौटने का इंतजार करते रहे। रात करीब 3 बजे जैसे ही दोनों कारें जंगल से बाहर आईं, टीम ने घेराबंदी कर रोक लिया।

## सर्द हवाओं का फिर असर... रीवा, ग्वालियर, दतिया ठिठुरे

भोपाल-जबलपुर समेत 17 शहरों में 10 डिग्री से कम रहा तापमान

# रीवा सबसे ठंडा 5.8 डिग्री पर पारा रविवार से प्रदेश में बढ़ेगी ठिठुरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तर से आ रही सर्द हवाओं से प्रदेश का रीवा, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी समेत 28 शहर ठिठुर गए हैं। शुक्रवार की रात में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर समेत 17 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। प्रदेश में रात के तापमान में औसत 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। रीवा प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी से भी ठंडा रहा। यहां पारा सबसे कम 5.8 डिग्री पर पहुंच गया। राजगढ़ में 6 डिग्री, भोपाल में 8.2 डिग्री, इंदौर में 11 डिग्री, ग्वालियर में 7.5 डिग्री, उज्जैन में 11.7 डिग्री और जबलपुर में 9.9 डिग्री सेल्सियस


सर्दी से बचने के लिए अलावा का सहारा

दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, पचमढ़ी में 6.7 डिग्री, शिवपुरी में 7 डिग्री, उमरिया में 7.1 डिग्री, नौगांव में 8.2 डिग्री, सतना में 8.6 डिग्री, दमोह-खजुराहो में 9 डिग्री, गुना में 9.5 डिग्री, सीधी में 9.6 डिग्री, मलाजखंड में 9.7 डिग्री और धार में तापमान 9.9 डिग्री रहा।

### पहाड़ी इलाकों में फिर होगी बर्फबारी

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जबकि इसके पीछे एक और विक्षोव आ रहा है। इस वजह से रविवार और सोमवार से पहाड़ों में बर्फबारी-बारिश होगी और फिर ठंडी हवाएं प्रदेश में आएंगी। **दिसंबर में भी रिकॉर्ड तोड़ेगी सर्दी:** इस बार सर्दी का असर तेज रहा है।

## आबकारी अधिकारी से परेशान शराब ठेकेदार ने दी थी जान

# ठेकों से महीने में 1.50 लाख की मांग करती हैं आबकारी अधिकारी... वीडियो हुआ वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

एक शराब ठेकेदार ने 8 नवंबर को आत्महत्या कर ली थी। लेकिन इससे पहले ठेकेदार ने वीडियो बनाया था। जिसमें आबकारी विभाग की अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित पर आरोप है कि वो शराब ठेकों से हर महीने में 1.50 लाख की मांग कर रही हैं। आबकारी अधिकारी पर आरोप है कि शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने कुल 22 लाख से ज़्यादा रुपए मंदाकिनी दीक्षित को दे दिए थे। मृतक मकवाना का एक पुराना वीडियो सोशल-मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह साझा कर कहता है की - वह चपड़ा, करनावद, डबल चौकी में शराब ठेकेदारी का काम करता है, उससे माल के बदले हर महीने लाखों रुपए की मांग होती।


■ ठेकेदार पर भी ब्लैकमेल का आरोप लगाया

### मृतक परिवार ने न्याय की गुहार लगाई

मृतक परिवार ने भी न्याय की मांग करते हुए इंदौर में शिकायती आवेदन भी सौंपा था। कहा कि मामले की न्याय-पूर्ण जांच होनी चाहिए। इधर, आबकारी अधिकारी दीक्षित ने कहा- मेरे खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। दिनेश के परिजन मुझे ब्लैकमेल कर रहे थे।

**कलेक्टर ने कहा जांच कर रहे:** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि इस संबंध में वीडियो संज्ञान में आया है और इंदौर में प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है विवेचना चल रही है, विवेचना में जो भी तथ्य समाने आते हैं उस पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा।

## सहकारी बैंकों द्वारा दायर अपील पर भी सुको में हुई सुनवाई

कोर्ट ने कहा- तस्वीरें खींचना बीएनएस की धारा 354सी का उल्लंघन नहीं

# महिला निजी काम नहीं कर रही है तो बिना इजाजत फोटो लेना जुर्म नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब कोई महिला निजी कार्य नहीं कर रही हो तो उसकी फोटो खींचना और उसकी सहमति के बिना मोबाइल फोन पर उसका वीडियो बनाना भारतीय न्याय संहिता की धारा 354सी के तहत तांक-झांक करने का अपराध नहीं माना जाएगा। ऐसे एक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने एक आरोपी को बरी कर दिया।


■ कोर्ट ने आरोपी को दी जमानत

### सुप्रीम कोर्ट के दो महत्वपूर्ण फैसले

*देश के सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण फैसले सुनाए। एक में कोर्ट ने कहा- बिना इजाजत महिला की तस्वीर लेना जुर्म नहीं है। दूसरे में सख्त लहजे में कहा कि मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए नहीं किया जा सकता।*

### आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि किसी मंदिर के अराध्य के धन का उपयोग वित्तीय संकटग्रस्त सहकारी बैंकों को सहारा देने के लिए नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह कड़ी टिप्पणियां कुछ सहकारी बैंकों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के दौरान कीं। अपील में केरल हाई कोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी गई थी, जिसमें बैंकों से थिरुनेल्ली मंदिर देवास्वोम को जमा राशि लौटाने को कहा गया था। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि आप मंदिर के धन का उपयोग बैंक को बचाने के लिए करना चाहते हैं? यह निर्देश देने में क्या गलत है कि मंदिर का धन, संकट ग्रस्त सहकारी बैंक में रखने के बजाय एक आर्थिक रूप से सुदृढ़ राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा किया जाना चाहिए जो अधिकतम ब्याज दे सके।

■ कोर्ट ने कहा बैंक आर्थिक संकट से जूझ रहा है तो ये उनका फेलुअर

## यूक्रेन के संकट पर पीएम मोदी ने रखा देश का पक्ष और बोले-

# भारत न्यूट्रल नहीं है, हम शांति के समर्थक, विश्व कल्याण के लिए यह जरूरी, पुतिन ने संघर्ष विराम प्रयासों के लिए पीएम को दिया धन्यवाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। बैठक की शुरुआत में पीएम मोदी ने अपना संबोधन दिया। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन ने भी अपना संबोधन दिया। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को लेकर बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि भारत का पक्ष बिल्कुल साफ है कि हम शांति के साथ हैं। वहीं, यूक्रेन संकट सुलझाने की कोशिशों के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया।

पीएम मोदी ने भारत का पक्ष जाहिर करते हुए कहा कि शांति तलाशने के लिए पिछले दिनों से जो प्रयास चल रहे हैं, मुझे भरोसा है कि विश्व फिर से एक बार शांति की दिशा में लौटेगा। पिछले दिनों विश्व समुदाय के जितने भी नेताओं से मेरी बात हुई, मैंने हमेशा कहा है कि भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत का जो पक्ष, वही शांति का पक्ष है। हम शांति के हर प्रयासों का समर्थन करते हैं और हम शांति के हर प्रयासों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विश्व का कल्याण शांति के मार्ग पर ही है। हम सबको मिलकर शांति के मार्ग तलाशने चाहिए।

### वैश्विक चुनौतियां जल्द ही पार कर ली जाएंगी

*पीएम मोदी ने विश्वास जताया विश्व फिर शांति की दिशा में लौटेगा*

*पुतिन बोले- संबंधों में पीएम खास और व्यक्तिगत ध्यान देते हैं*


हैदराबाद हाउस में मुलाकात करते हुए राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी

पुतिन के साथ बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया ने कोविड-19 से लेकर आज तक कई संकटों का सामना किया है और उम्मीद जताई कि वैश्विक चुनौतियां जल्द ही पार कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के आर्थिक संबंधों को और मजबूत किया जाना चाहिए, और साथ मिलकर हमें नई ऊंचाइयों को छूने का लक्ष्य रखना चाहिए। इस तरह के आशावादी दृष्टिकोण के साथ हम अपनी बैठक को आगे बढ़ाएंगे। यह एक मजबूत विश्वास है।

### मेरे और आपके संबंधों को 25 साल हो गए

पीएम मोदी ने कहा कि '2001 में आपके (पुतिन) पदभार संभालने और पहली बार भारत आने के बाद अब 25 वर्ष हो चुके हैं। उस पहली यात्रा में ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की एक मजबूत नींव रखी गई थी। मेरे लिए खुशी की बात है कि आपके साथ मेरे संबंधों को भी 25 साल हो गए। मेरा मानना है कि आपने 2001 में जो भूमिका निभाई थी, वह इस बात का शानदार उदाहरण है कि एक दूरदर्शी नेता जहां से शुरू करता है, वह रिश्तों को कितनी ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

### यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम पर चर्चा जारी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका समेत कुछ साझेदारों के साथ मिलकर एक संभव शांतिपूर्ण बयान पर बात कर रहे हैं। इस परिस्थिति का समाधान ढूंढने में ध्यान देने के लिए भारत का धन्यवाद। पुतिन ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत-रूस के संबंधों को गहराई देने में वे खास और व्यक्तिगत ध्यान देते हैं। दोनों देशों ने आपसी रिश्ते को बेहतर बनाने के लिए बहुत काम किया है। हाई-टेक एयरक्राफ्ट, अंतरिक्ष अन्वेषण और एआई समेत सहयोग के लिए और भी क्षेत्र खोल रहे हैं।


मिखाइल मुराश्को और जेपी नड्डा

### स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को अपने रूसी समकक्ष मिखाइल मुराश्को से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के साझा संकल्प को दोहराया।

### रात्रि भोज के बाद स्वदेश रवाना हुए पुतिन

वहीं, शुक्रवार शाम को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया और उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रपति पुतिन शामिल हुए और इसके बाद वे स्वदेश रवाना हो गए।

### गार्ड ऑफ ऑनर दिया


रूसी राष्ट्रपति पुतिन गार्ड निरीक्षण करते हुए।

*शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति पुतिन राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और पीएम मोदी से हाथ मिलाया। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति को तीनों सेनाओं द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। पहले रूस का राष्ट्रगान और फिर भारत का भी राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन ने गार्ड निरीक्षण भी किया। रूसी राष्ट्रपति ने सिर हिलाकर सम्मान को स्वीकार किया। गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होने के बाद पुतिन ने वहां मौजूद रूसी प्रतिनिधिमंडल में आए अधिकारियों से राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी की मुलाकात कराई।*

### महात्मा गांधी ने विश्व शांति के लिए अमूल्य योगदान दियाः पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विदेश राज्य मंत्री (एमओएस) कीर्ति वर्धन सिंह के साथ थे। इसके बाद रूसी राष्ट्रपति ने एक विजिटर बुक पर हस्ताक्षर भी किया, जिस पर एक संदेश में पुतिन ने लिखा कि आधुनिक भारत के संस्थापकों में से एक के रूप में उन्होंने विश्व शांति के लिए अमूल्य योगदान दिया। राष्ट्रपति पुतिन ने लिखा कि आधुनिक भारत के फाउंडर्स में से एक, महान दार्शनिक और मानवतावादी महात्मा गांधी ने विश्व शांति में एक बहुमूल्य योगदान दिया। आजादी, अच्छाई और इंसानियत पर उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी ने लियो टॉल्स्टॉय को लिखे अपने खतों में, दुनिया के भविष्य के बारे में विस्तार से बात की थी, जो आदेश और दबदबे से आजाद हो, और लोगों के बीच बराबरी, आपसी सम्मान और सहयोग के सिद्धांत पर आधारित हो। और यही वो सिद्धांत और महत्व हैं जिनका रूस और भारत आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिलकर बचाव करते हैं।


राष्ट्रपति पुतिन ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।


मैक्सिम रेशेतनिकोव और पीयूष गोयल

### आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देंगे दोनों देश, नए क्षेत्रों में तलाशी संभावनाएं

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव से मुलाकात की और कई क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है। रूस में औद्योगिक और उपभोक्ता उत्पादों की बड़ी मांग है, जिससे भारतीय उद्योगों को महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। मंत्री गोयल ने कहा कि ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर, भारी व्यावसायिक वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, डेटा-प्रोसेसिंग उपकरण, भारी मशीनरी, औद्योगिक घटक, वस्त्र और खाद्य उत्पाद जैसे क्षेत्रों में भारत अपनी उपस्थिति को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा सकता है। दोनों देशों का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 70 अरब डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

---

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान में मुनीर पहले सीडीएफ बने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज नियुक्त कर दिया है।



उनका कार्यकाल 5 साल का होगा। पीएम शहबाज शरीफ ने मुनीर को आर्मी चीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज दोनों पदों के लिए जो सिफारिश भेजी थी, उसे राष्ट्रपति ने मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति भवन ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट में लिखा कि आसिम मुनीर को एक साथ दोनों पदों पर अगले पांच वर्षों के लिए नियुक्त किया।

### कार्की ने चुनाव की तैयारियों पर की बैठक

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, चुनाव आयोग के अधिकारियों और जेन-जी समूह के सदस्यों के साथ बैठक की।



इस बैठक में अगले साल होने वाले आम चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य फोकस मार्च 5 को प्रस्तावित प्रतिनिधि सभा के चुनाव की तैयारियों पर रहा। बैठक पीएम के आधिकारिक निवास बालुवाटार में हुई जिसमें चुनाव आयोग के अधिकारियों, नेपाली कांग्रेस, समेत अन्य दलों के नेता भी मौजूद रहे थे।

### अमेरिका ने ड्रग तस्करी नौका को बनाया निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना की दक्षिणी कमांड ने बताया है कि उन्होंने पूर्वी प्रशांत महासागर में एक और नौका को निशाना बनाया है।



नौका के जरिए ड्रग तस्करी की जा रही थी। यह हमला अमेरिकी सेना का कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में किया गया 22वां हमला है, जिसमें चार लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। हमले के बाद अमेरिका के ड्रग तस्करी की संदिग्ध नौकाओं को निशाना बनाने में अब तक करीब 87 लोगों की मौत हो चुकी है। इन नौकाओं के जरिए यूएस में ड्रग तस्करी की जा रही है।

---

## पुतिन के भारत दौरे के बीच अमेरिकी कांग्रेस का महत्वपूर्ण फैसला

# अमेरिकी हाउस पैनल 10 दिसंबर को भारत व यूएस रणनीतिक साझेदारी की करेगा समीक्षा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान भारत और रूस के बीच कूटनीतिक, राजनयिक और आर्थिक में संबंधों को और मजबूती मिली है। दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई है। इसे ध्यान में रखते हुए अमेरिकी कांग्रेस की एक प्रमुख कमेटी ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है।

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया सब-कमेटी अगले सप्ताह 10 दिसंबर को एक सार्वजनिक बैठक आयोजित करने जा रही है, जिसमें भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की दिशा और भविष्य पर चर्चा होगी। बैठक में दोनों देशों के बीच बदलते रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस उप समिति के अनुसार, बैठक का विषय 'अमेरिका–भारत स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिपः एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा' रखा गया है। मिशिगन से सांसद बिल ह्यूजेंगा की अध्यक्षता वाली यह उप समिति उन प्रमुख विशेषज्ञों की राय सुनेगी, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर लंबे समय से नजर रखे हुए हैं। इन विशेषज्ञों में हेरिटेज फाउंडेशन के एशियन स्टडीज सेंटर के डायरेक्टर जेफ स्मिथ, ओआरएफ अमेरिका के कार्यकारी निदेशक ध्रुव जयशंकर, और जर्मन मार्शल फंड (अमेरिका) के इंडो-पैसिफिक प्रोग्राम के सीनियर फेलो समीर लालवानी शामिल हैं। जेफ स्मिथ, ध्रुव जयशंकर और समीर लालवानी वॉशिंगटन डीसी में रहने वाले भारतीय मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ हैं। बैठक में भारत के रक्षा आधुनिकीकरण, अमेरिका के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी, तकनीकी सहयोग, क्षेत्रीय कूटनीति और इंडो-पैसिफिक में नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है।

रक्षा, आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों पर ध्यान देंगे | हिंद–प्रशांत क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका पर नजर

### अमेरिकी कांग्रेस से मिल रहा लगातार समर्थन


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

*यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब भारत और अमेरिका अहम तकनीकों, समुद्री सुरक्षा और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए कई संयुक्त कदम उठा रहे हैं। भारत–अमेरिका साझेदारी को अमेरिकी कांग्रेस से लगातार समर्थन भी मिलता रहा है, जहां कई सांसद नई दिल्ली को इंडो-पैसिफिक में अमेरिकी रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ मानते हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों ने अमेरिका–भारत महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकी पहल (आईसीईटी) के तहत सहयोग को तेज किया है, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर और डिफेंस इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर खुले हैं।*

### एच-1बी और एच-4 वीजा के बदले नियम

अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के लिए प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवदेकों और उनके एच-4 आश्रितों के लिए सोशल मीडिया जांच अनिवार्य कर दी है। यह नियम 15 दिसंबर से लागू होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एच-1बी वीजा के सभी आवेदकों और उनके एच-4 आश्रितों, एफ, एम और जे गैर-आप्रवासी वीजा के सभी आवेदकों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपनी सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग को 'पब्लिक' कर दें।

### ट्रंप ने खुद की पीठ थपथपाई
### फिर बोले- 'हम दुनिया में शांति ला रहे'

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने की अपनी कोशिशों के लिए खुद की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में शांति ला रहा है। हम इतनी तेजी से युद्ध रुकवा रहे हैं कि पहले ऐसा कभी नहीं देखा गया। हम अब तक आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। अब हम एक और युद्ध रुकवाने की कोशिशों में जुटे हैं और वो है रूस-यूक्रेन युद्ध और हमें लगता है कि हम आखिरकार युद्ध रुकवाने में कामयाब होंगे। बीते हफ्ते 8000 सैनिक मारे गए। बीते महीने 27 हजार सैनिक मारे गए। हमें इसे रोकना होगा और हम इसे रोकने के लिए कड़ी मेहनत कर भी रहे हैं।

### पेंटागन रिपोर्ट में खुलासाः रक्षा मंत्री ने गोपनीय जानकारी साझा की

पेंटागन के इंस्पेक्टर जनरल की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में होने वाले एक सैन्य हमले की संवेदनशील जानकारी अपने निजी फोन और अनधिकृत मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर साझा की थी। यह कदम अमेरिकी सैनिकों और उनके मिशन के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता था। हेगसेथ ने जिन जानकारियों को भेजा (जैसे हमले का समय और विमानों की संख्या) वह संवेदनशील थीं और दुश्मन देशों या हूती मिलिशिया के हाथ लगने पर अमेरिकी पायलटों का मिशन असफल हो सकता था। हेगसेथ के पास जानकारी 'डिक्लासिफाई' करने का अधिकार था, लेकिन संवेदनशील सैन्य जानकारी निजी फोन पर साझा करना विभागीय नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी अगर यह जानकारी अमेरिकी विरोधियों के हाथ लग जाती, वे हमलों से बचने या पलटवार करने की स्थिति में आ जाते।


अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ


---

## पाक संसदीय समिति की रिपोर्ट में खुलासा

# अल्पसंख्यकों के 1817 मंदिर-गुरुद्वारों का हाल बेहाल, सिर्फ 37 सही मिले

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की एक ससंदीय समिति की रिपोर्ट में पड़ोसी देश के अंदर हिंदुओं की स्थिति को लेकर एक बेहद ही चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पाकिस्तान में हिंदुओं और सिखों के धार्मिक स्थलों की संख्या भी लगातार घट रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 1817 हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों में से अब सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। ये आंकड़े एक गंभीर वास्तविकता को उजागर करते हैं और पाकिस्तान की पीएम शहबाज शरीफ की सरकार पर बढ़ा सवालिया निशान खड़ा करते हैं। अल्पसंख्यक कॉकस पर संसदीय समिति के सामने पेश की गई एक हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि पूरे पाकिस्तान में 1,285 हिंदू मंदिरों और 532 गुरुद्वारों में से सिर्फ 37 ही चालू स्थिति में हैं। अन्य धार्मिक स्थल खराब सरकारी रखरखाव और हिंदू व सिखों की घटती आबादी के कारण जर्जर होते जा रहे हैं। समिति का संयोजक चुने जाने के बाद सीनेटर दानिश कुमार ने संकल्प लिया कि कॉकस अल्पसंख्यक सुरक्षा के सांविधानिक वादों को मूर्त रूप देने के लिए प्रयास करेगा। समिति के पहले सत्र में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को सांविधानिक अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि न्याय और समानता सुनिश्चित करने के लिए तत्काल नीतिगत सुधारों को लागू करें।


पीएम शहबाज शरीफ

### आतंकी घटनाओं में 25% इजाफा

पाकिस्तान में आतंकवाद फिर बढ़ रहा है और 2025 में हिंसक घटनाएं 25 फीसदी बढ़ी हैं। खैबर पख्तूनख्वा सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यह खुलासा इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक अनुसंधान और सुरक्षा अध्ययन केंद्र (सीआरएसएस) की बुधवार को जारी रिपोर्ट में हुआ है। सीआरएसएस के मुताबिक,जनवरी से नवंबर 2025 तक दर्ज की गई कुल 3,187 मौतों में से 96 फीसदी से अधिक और हिंसा की सभी घटनाओं में से 92 फीसदी खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। 2024 में 2,546 लोग मारे गए थे, यानी बीते साल से लगभग 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2024 में 2,546 मौतें और 1,981 लोग घायल हुए थे।

### इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज

रिपोर्ट के अनुसार इस साल 1,188 हिंसक घटनाएं दर्ज हुईं। इनमें आतंकी हमले और जवाबी कार्रवाई शामिल रही। ये ज्यादातर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान से बढ़ते तनाव और झड़पों के बाद खैबर पख्तूनख्वा में हाल के महीनों में हिंसा चरम पर है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने नवंबर 2022 में युद्धविराम टूटने के बाद हमले फिर शुरू कर दिए।

---

## दिल्ली बम धमाका मामला

# उमर के दोस्त शोएब को राहत नहीं एनआईए कस्टडी 10 दिन और बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पटियाला हाउस कोर्ट

लाल किला बम ब्लास्ट मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने आरोपी फरीदाबाद निवासी शोएब की राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत 10 दिनों के लिए और बढ़ा दी है। यह निर्णय तब आया जब शोएब की पूर्व में दी गई 10 दिनों की कस्टडी समाप्त हो गई और उसे कड़ी सुरक्षा के बीच पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। लाल किला बम ब्लास्ट मामला एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिसमें कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां हुई हैं। उसकी पिछली हिरासत के दौरान एनआईए ने उससे गहन पूछताछ की थी और मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग जुटाने का प्रयास किया था। 10 दिनों की कस्टडी समाप्त होने के बाद, शोएब को पटियाला हाउस कोर्ट में न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया गया। एनआईए ने कोर्ट से आरोपी की कस्टडी बढ़ाने की मांग की, जिसके पीछे मामले की आगे की जांच, अन्य आरोपियों की पहचान और संभावित षड्यंत्र के खुलासे जैसे तर्क दिए गए। कोर्ट ने एनआईए की दलीलों को स्वीकार करते हुए शोएब को 10 दिनों की और एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

---

## राजस्थान में भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

# 18 दिसंबर तक चलेगा 'हरिमौ शक्ति-2025' युद्धाभ्यास

*भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ी कर रही*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मलेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमौ शक्ति-2025' का पांचवां संस्करण शुक्रवार से राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हो गया। यह अभ्यास 5 से 18 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस बार भारतीय दल का नेतृत्व डोगरा रेजिमेंट की टुकड़ियां कर रही हैं, जबकि मलेशियाई पक्ष का प्रतिनिधित्व रॉयल मलेशियाई सेना की 25वीं बटालियन की टुकड़ियां कर रही हैं। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के अंतर्गत उप-पारंपरिक अभियानों का संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास करना है।

### सामरिक कार्रवाईयों का करेंगे अभ्यास


युद्धाभ्यास शुरू करने से पूर्व भारत–मलेशिया की सेनाएं

इस अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रियाओं का समन्वय करना है। दोनों पक्ष घेराबंदी, खोज और विध्वंस अभियानों, हेलीबोर्न अभियानों आदि जैसी सामरिक कार्रवाइयों का अभ्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त, आर्मी मार्शल आर्ट्स रूटीन (एमएआर), कॉम्बैट रिफ्लेक्स शूटिंग और योग भी अभ्यास का हिस्सा होंगे। अभ्यास में, दोनों पक्ष आतंकवाद-रोधी अभियानों के दौरान हेलीपैड सुरक्षित करने और हताहतों को निकालने के लिए अभ्यास करेंगे।

### आपसी संचालन क्षमता होगी बेहतर

सामूहिक प्रयासों का उद्देश्य सैनिकों के बीच बेहतर अंतर-संचालन क्षमता प्राप्त करना और शांति वाहक प्रचालनों के दौरान संयुक्त राष्ट्र के हितों और कार्यसूची को सर्वोपरि रखते हुए जान-माल के जोखिम को कम करना है। दोनों पक्ष युद्ध कौशल के व्यापक क्षेत्र पर विचारों और संयुक्त अभ्यासों के अभ्यासों का आदान-प्रदान करेंगे जिससे प्रतिभागियों को एक-दूसरे से सीखने का अवसर मिलेगा।

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा

सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करने से भारतीय सेना और रॉयल मलेशियाई सेना के बीच रक्षा सहयोग का स्तर और बढ़ेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को भी बढ़ावा देगा।

## बैठक में चिंता जताई, यातायात जागरुकता आवश्यक

# प्रदेश में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं जबलपुर में



**जबलपुर।** सड़क सुरक्षा व यातायात जागरुकता को लेकर शुक्रवार को यहां कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक में गहन मंथन किया गया। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई की जबलपुर सड़क दुर्घटनाओं के मामले में प्रदेश में सबसे उच्च स्तर पर है। इस बैठक में शहर के सभी प्रमुख कॉलेज, स्कूल, कोचिंग संस्थान व पेट्रोल पम्प संचालक मौजूद थे। बैठक में सड़क सुरक्षा की आवश्यकता व महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि सबसे महत्वपूर्ण बात जीवन की सुरक्षा है, लिहाजा जीवन बचाने के लिए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने के साथ सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यक है।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों से कहा गया कि वे अपने-अपने संस्थानों में सड़क सुरक्षा को लेकर सीट बेल्ट व हेलमेट की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरुक करें। कॉलेज, स्कूल, कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस विषय में बतायें। साथ ही उनके अविभावकों तक यह संदेश पहुंचाये और वाहनों के फिटनेस के संबंध में भी सहमति पत्र भरवायें।

### जिले में हर साल 4 हजार एक्सीडेंट

बैठक में बताया गया कि पूरे प्रदेश में जबलपुर सड़क दुर्घटनाओं में उच्च स्थान पर है, यहां लगभग 4 हजार दुर्घटनाएं प्रतिवर्ष होती हैं, जो अधिकांशतः यातायात में निर्धारित सुरक्षा साधनों के नहीं अपनाने के कारण होती है। जबलपुर में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं से 523 लोगों की असामयिक मृत्यु हुई, जिनमें 246 सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हैं। हर माह लगभग 25 व्यक्ति सड़क दुर्घटना में दुनिया छोड़कर जा रहे हैं, स्कूल कॉलेजों में इस संबंध में जागरूकता लायें कि विद्यार्थी बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन न चलायें।

साथ ही वाहन की फिटनेस भी सही हो। इस दौरान पेट्रोल पम्प संचालकों से कहा गया कि वे भी बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल न दें, यदि इस प्रकार के तथ्य सामने आते हैं कि वे सड़क सुरक्षा अभियान में सहभागी नहीं हो रहे हैं तो उनके पेट्रोल पम्प को सील कर दिया जायेगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि वे 15 दिन के भीतर स्कूल वाहन चलाने वाले ड्राइवरों व वाहनों के फिटनेस रिपोर्ट सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने प्राइवेट स्कूल संचालकों से भी कहा कि वे सड़क सुरक्षा के मापदंडो का पालन करें, प्रशासनिक स्तर पर दिये जा रहे निर्देशों का पालन करें। यदि वे पालन नहीं करते हैं तो उनकी संस्थाओं की मान्यता को लेकर भी एक्शन किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि कहीं भी कोई विद्यार्थी सड़क दुर्घटना में हताहत होता है तो संबंधित विद्यालय व संस्था की जिम्मेदारी मानी जायेगी कि वे सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन नहीं दिये हैं। उन्होंने कोचिंग संस्थानों से भी ऐसी ही आपेक्षाएं व्यक्त की तथा पेट्रोल पंप संचालकों को भी कहा कि वे जीवन की सुरक्षा को लेकर किये जा रहे इस अभियान में सहभागी बने।

पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने को अपनी आदत में शामिल करें। यदि सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता के इन प्रयासों से भी कुछ सुधार होता है तो जीवन बचाने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इसके अलावा ई-रिक्शा और एलपीजी गैसकिट लगे वाहनों को नियंत्रित करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये तथा जहां-जहां ब्लैक स्पॉट हैं वहां आवश्यक सुरक्षा साधन सुरक्षित करने के लिए निर्देश दिये गये।

## निगम की टीम का बड़े प्रतिष्ठानों पर छापा, सुरक्षा मानक पाए गए लचर

# जान-माल की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा सख्त अभियान



**जबलपुर।** जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन शहर के बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जांच दल ने सघन कार्रवाई की। इस दौरान खंडेलवाल फर्नीचर, वाहेगुरू टैक्सटाइल्स और अंबिका ट्रेडर्स में निरीक्षण किया गया, जहाँ सुरक्षा और भवन अनुमतियों के पुख्ता मानक नहीं पाए गए। जांच दल ने बड़ा फुहारा, घमंडी चौक, करमचंद चौक और आधार क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का दौरा किया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर गठित टीम ने प्रतिष्ठानों के स्वीकृत मानचित्र, अग्नि सुरक्षा उपकरण और लाइसेंस से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच की। इसके साथ ही पूरे परिसर का बारीकी से मुआयना किया गया ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक का पता लगाया जा सके।

### सुरक्षा मानकों में बड़ी खामी

जांच के दौरान यह पाया गया कि इन प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानक पर्याप्त नहीं हैं। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह जान-माल की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। उन्होंने बताया, "इन प्रतिष्ठानों के स्वीकृत नक्शों की भी विस्तृत जांच कराई जाएगी। यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।"

### टीम में शामिल अधिकारी

कार्यवाही के दौरान नगर निगम की टीम में भवन अधिकारी नवीन लोनारे, संभागीय भवन अधिकारी जागेन्द्र सिंह, अनुपम शुक्ला, फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर, सहायक अग्निशमन अधिकारी नीलेश पाटीदार, भवन अधिकारी शैलेन्द्र कौरव, सुरेन्द्र मिश्रा, अभिषेक तिवारी, यशवंत सोनी, टाइम कीपर महेश शर्मा, सुंदर मरावी, रितेश धुर्वे और दानिया कोरी सहित अतिक्रमण दल के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# 6 दिसम्बर को लेकर प्रशासन अलर्ट

जबलपुर। आज 6 दिसम्बर है। 1992 से लेकर आज तक जबलपुर में इस तारीख अमन और शांति ही रही है। फिर भी 6 दिसम्बर की विवादित पृष्ठभूमि को देखते हुये जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। एक पक्ष जहां इसे शौर्य दिवस के रूप में मनाता है तो दूसरा पक्ष इसे काले दिन के तौर याद करता है। दोनों ही पक्षों ने जिला प्रशासन से आज अलग अलग कार्यक्रम की अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन से अनुमित नहीं दी। राम मंदिर बाबरी मस्जित विवाद की बरसी के मद्देनजर आज पुलिस प्रशासन अलर्ट है। शहर हनुमानताल, गोहलपुर, अधारताल, ग्वारीघाट, सदर, गोरखपुर सहित ओमती क्षेत्र पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की जा रही है। किसी भी क्षेत्र में अधिक लोगों को एकत्र नहीं होने दिया जा रहा है। जहां 5 दिसम्बर को एसडीएम, तहसीलदार एएसपी और डीएसपी स्तर के अधिकारी क्षेत्र में व्यवस्थाओं को जायजा लेते हुए प्रबुद्धजनों से चर्चा की, वहीं आज सभी अधिकारियो का अपने अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये हैं। 6 दिसम्बर के मद्देनजर गत देर रात से ही शहर से लेकर देहात क्षेत्रों में पुलिस के साथ प्रशासन के अधिकारी सुबह से ही अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय दिखे। 34 वर्ष पुराने विवाद को लेकर कहीं कोई विवादित स्थिति न बने इसके लिए पुलिस अधिकारियों ने अधिनस्थों को निर्देशित किया है कि छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मौके पर पहुंचे।

**किसी भी आयोजन की अनुमति नहीं, सोशल मीडिया पर पैनी नजर**

## निगम की आय बढ़ाने निगमायुक्त की बड़ी पहल

# राजस्व अमले के साथ जल विभाग का अमला भी वसूली में जुटा



**जबलपुर।** नगर निगम की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली अभियान को व्यापक बनाते हुए बड़ी पहल की है। उन्होंने अब राजस्व अमले के साथ-साथ जल विभाग के टाइम कीपरों और उपयंत्रियों को भी वसूली कार्य में लगा दिया है।

निगमायुक्त का यह कदम बकाया करों और शुल्कों की वसूली में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। वसूली अभियान में प्रमुख रूप से सम्पत्तिकर के अलावा जलशुल्क, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुल्क, विभिन्न प्रकार के लायसेंस शुल्क और निगम की दुकानों के किराए की वसूली पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्व, जल और बाजार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने तीनों विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर वसूली अभियान को प्रभावी ढंग से गति प्रदान करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे राजस्व शिविरों और आगामी नेशनल लोक अदालत की जानकारियों से करदाताओं को हर हाल में अवगत कराएं। उन्होंने अपील की कि अधिक से अधिक करदाता इन शिविरों और लोक अदालत का लाभ उठाकर अपनी बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें तथा निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

### घर बैठे कर सकते हैं भुगतान

निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील करते हुए यह भी बताया कि करदाता अब घर बैठे भी ई-नगर पालिका पोर्ट के माध्यम से अपनी समस्त बकाया करों की राशि आसानी से जमा कर सकते हैं, जिससे उन्हें निगम कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, व्ही।एन। बाजपेयी, देवेन्द्र सिंह चौहान, अंजू सिंह ठाकुर, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, राजस्व अधीक्षक इन्द्र कुमार वर्मा, बाजार अधीक्षक राजेन्द्र दुबे के साथ सभी संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि वित्तीय वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जा सके।

# कलेक्टर ने किया जेडीए की योजनाओं में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 500 एकड़ में विकसित की जा रही योजना क्रमांक 64 एवं 65 तथा योजना क्रमांक 11 द्वितीय चरण शताब्दीपुरम एवं योजना क्रमांक 5/14 गजरथ में निर्मित किये जा रहे बहुमंजिला भवनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार भी उपस्थित रहे। इस दौरान जेडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक कुमार वैद्य ने योजना क्रमांक 64 एवं 65 के विस्तृत प्लान एवं विकास कार्यों, भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुये बताया कि इन योजनाओं में मास्टर प्लान की 48 मीटर चौड़ी एवं लगभग 2।50 कि।मी। लम्बी एस।आर।-3 सड़क है, जिसका निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, जिसे फरवरी 2026 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इस सड़क का निर्माण पूर्ण होने से मुख्य मार्ग ए।आर।पी।-4 एवं एस।आर।-3 की कनेक्टिविटी सीधे नागपुर कटनी बाईपास से हो जायेगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी से बचत होगी एवं ईंधन की बचत के साथ ही यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, इसके साथ ही पाटन बायपास के यातायात दबाव से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

उक्त दोनों योजनाओं के निरीक्षण के साथ ही कलेक्टर एवं निगमायुक्त द्वारा अन्य योजनाओं में जेडीए के चल रहे वृहद् आवासीय, व्यवसायिक प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सिविल कार्यों के साथ ही विद्युतीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता का अवलोकन करते हुये मौके पर स्थापित टेस्ट लैब, टेस्ट रिपोर्ट आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ समानुपातिक प्रगति बनाये रखने के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर सिंह द्वारा बताया गया कि जेडीए की योजना क्रमांक 64 एवं 65 निश्चित ही अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनायें है एवं 500 एकड़ के क्षेत्र में महानगरों की तर्ज पर योजनायें विकसित होने से निश्चित रूप से नये शहर की परिकल्पना साकार होगी। निरीक्षण के दौरान जेडीए के अधीक्षण यंत्री पंकज श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री संजय खरे, शैलेन्द्र चौबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज निकलेगी स्वदेशी रथ यात्रा

जबलपुर। कॉन्फिडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और स्थानीय व्यापार के समर्थन में निकाली जा रही "स्वदेशी रथ यात्रा" 6 दिसंबर 2025 को जबलपुर पहुँचेगी। इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन में "स्वदेशी अपनाओ – देश को मजबूत बनाओ" का संदेश पहुँचाना है। रथ यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे स्वदेशी मेला, शहीद स्मारक भवन, रानीताल चौक से होगा, जहाँ जबलपुर सांसद माननीय आशीष दुबे भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। इसके बाद रथ यात्रा गोल बाजार और अन्य प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों से होकर आगे बढ़ेगी। यात्रा लगभग 1:30 बजे सराफा बाजार पहुँचेगी, जहाँ मध्य क्षेत्र विधायक अभिलाष पांडे द्वारा "स्वदेशी अपनाओ" की शपथ दिलाई जाएगी। रथ यात्रा का भव्य समापन समारोह दोपहर 3:30 बजे रांझी मोनी डेरी तिराहा में होगा। यहाँ विधायक अशोक रोहाणी रथ यात्रा का औपचारिक समापन करेंगे। समापन के बाद रथ यात्रा शहपुरा होते हुए डिंडोरी के लिए प्रस्थान करेगी। कार्यक्रम में कैट के प्रदेश पदाधिकारी – प्रदेश महामंत्री राजीव खंडेलवाल (खंडवा) और प्रदेश स्वदेश संकल्प यात्रा प्रभारी गोविंद दास असाटी (छतरपुर) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैट और स्वदेशी जागरण मंच ने शहर के नागरिकों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वदेशी अभियान को सशक्त बनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

## हाई कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में पीआइएल दायर

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में आवारा कुत्तों को लेकर एक जनहित याचिका दायर की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि जनहित याचिका में सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश का जबलपुर सहित अन्य जिलों में समुचित पालन नदारद है। इस वजह से लोग परेशान हो रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों पर कुत्तों का आतंक है। उनके काटने पर रेबीज का इंजेक्शन लगवाने की मशक्कत सामने होती है। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट की मंशा के अनुरूप जिम्मेदार अमले कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## निर्माणाधीन मकान में करंट से मौत का मामला

# मकान मालिक और पड़ोसी पर मामला दर्ज



**जबलपुर।** अमखेरा क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में पुताई का काम करते वक्त करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मर्ग जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने पड़ोसी से अवैध रूप से बिजली लाइन लेने और सुरक्षा के उपाय नहीं करने से लापरवाही पाए जाने पर मकान मालिक और पड़ोसी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 नवंबर 2025 को बादा नगर अमखेरा निवासी 19 वर्षीय हिमांशु बर्मन की पुताई के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामलें को जांच में लिया। मर्ग जांच के दौरान साक्षियों के कथनों में सामने आया कि निर्माणाधीन मकान में कोई अधिकृत बिजली कनेक्शन नहीं था। पुताई हेतु धनीराम रजक ने पड़ोसी रोहित चौधरी के घर से तार खींचकर बिजली सप्लाई ली थी। कनिष्ठ अभियंता, अधारताल—म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी—से प्राप्त जानकारी के अनुसार धनीराम रजक के नाम पर कोई बिजली कनेक्शन जारी नहीं हुआ था। वहीं रोहित चौधरी के नाम पर अस्थायी विद्युत कनेक्शन जारी हुआ था। अन्य परिसर को बिजली सप्लाई देना विद्युत अधिनियम का उल्लंघन है।

जांच में यह भी पाया गया कि पुताई के समय हिमांशु को किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण या सुरक्षा साधन उपलब्ध नहीं कराए गए थे। अवैध बिजली व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण ही काम के दौरान उसे करंट लगा और उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी धनीराम रजक और रोहित चौधरी के खिलाफ धारा 106(1), 3(5) बीएनएस तथा धारा 138 विद्युत अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

रायपुर संस्करण - 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति बिरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२ , 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, बिलासपुर संस्करण – 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालबानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति एँम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, भोपाल संस्करण – 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, जबलपुर संस्करण – 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि




## कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का हुआ सम्मान

**जबलपुर।** घंटाघर कॉफी हाउस मित्र मंडल एवं रानी दुर्गावती पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता जनजागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे के आतिथ्य में महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉक्टर प्रशांत मिश्रा को कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाए जाने पर समस्त खेल संघों एवं पूर्व छात्र नेताओं की उपस्थिति में घंटाघर कॉफी हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक छात्र नेता संजय यादव, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा जी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता मथुरा प्रसाद दुबे, मधु चौधरी की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर घंटाघर मित्र मंडल के अध्यक्ष राज सोनकर एवं विश्वविद्यालय पूर्व छात्र (शिक्षण विभाग) के संयोजक दीना ठाकुर, संजय साहू, अशोक तोमर द्वारा माला पहनाकर शॉल, श्रीफल और मोमेंटो से सम्मानित किया गया, वहीं वॉलीबॉल संघ की ओर से भी वॉलीबॉल संघ की जिला सचिव सुश्री नीलम चंसोरिया, अशोक नामदेव, गजराज वैद्य द्वारा भी शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मास्टर एथलेटिक्स में संस्कारधानी को गौरवांवित करने वाली विनीता शर्मा को एवं पाटन विधानसभा से युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित सोनी को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे सुनील यादव, कुश्ती संघ के तजिंदर टीटू, सुनील पटेल, मास्टर एथलेटिक्स संघ से सुमित्रा पिल्लई, विद्योत्तमा, राजेंद्र यादव, कबड्डी संघ से चंदा सोनी, मंजीत यादव, बब्बू यादव, टिन्नी भाई, डॉ. राजेंद्र पिल्लई, सुशील जसेले, शरमन रजक, संजय वर्मा, संतोष भारती की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

# आदिनाथ का वन गमनः पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण

**जबलपुर।** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव के पाँचवें दिन का आयोजन अत्यंत भव्य और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रातःकाल पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्य महापूजन और शांति हवन के साथ दिन का शुभारंभ हुआ। इसके बाद युवा आदिकुमार की बारात और विवाह का मनोहारी मंचन किया गया, जिसमें श्रद्धालु उत्साह से झूमते रहे।



विवाह उपरांत चक्रवर्ती अभिषेक एवं दीक्षा अभिषेक की विधि हुई। महाराज नाभिराय ने अपना मुकुट युवराज आदिकुमार को पहनाया और अपने आसन का परिवर्तन किया। गजरथ स्थल पर सजाए गए भव्य मंच को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात अयोध्या नगरी में आदिकुमार का अद्वितीय दरबार सजा हो। श्रद्धालुओं ने इस अद्भुत दृश्य का आनंद भाव-विभोर होकर लिया। इसके बाद आदिकुमार के राज्याभिषेक का अलौकिक क्षण सामने आया। लेकिन संसार से विरक्ति के भाव और सुख-विलास का त्याग कर आदिकुमार ने वन गमन का निर्णय लिया। परम सत्य की खोज हेतु उनकी महायात्रा दीक्षा के साथ प्रारंभ हुई। युवावस्था में नीलांजना के नृत्य को देखकर जागृत हुए वैराग्य भाव के चलते उन्होंने राजपाट अपने पुत्रों को सौंपकर दीक्षा के लिए प्रस्थान किया—जिसका मंचन बड़ी ही भव्यता से हुआ।

दोपहर 3 बजे, आचार्य समयसागर महाराज ने दीक्षा मंत्रों का उच्चारण करते हुए आदिकुमार को मुनि 108 ऋषभ सागर महाराज के रूप में दीक्षा प्रदान की। उन्हें दिगंबर दीक्षा स्वरूप पिच्छी और कमंडल अर्पित किया गया। अपनी मंगल देशना में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने कहा कि आज दीक्षा कल्याणक का दिव्य अवसर है। उन्होंने भगवान ऋषभदेव के क्षायिक सम्यकत्व, अवधिज्ञान, दीर्घ आयु और रत्नात्रय की आराधना का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म-मार्ग में स्थिर रहने का संदेश दिया।

**जैन डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

कार्यक्रम स्थल पर जैन डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जो 7 दिसंबर तक चलेगा। इस सेवा कार्य में अध्यक्ष डॉ. संजय जैन, सचिव डॉ. पियूष जैन, डॉ. अशोक जैन, डॉ. चन्द्रेश जैन, डॉ. साक्षी जैन, डॉ. स्वप्निल जैन, डॉ. शिल्पी जैन का विशेष सहयोग रहा। शिविर को मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. नवनीत सक्सेना एवं अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही और वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।

## विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया हुनर



**सिहोरा।** जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविंद धुर्वे बीईओ,बृजेश कुमार श्रीवास्तव बीआरसी,शैलेंद्र कुमार मिश्रा,अश्वनी उपाध्याय, विपिन कुररिया द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मंच प्रदान करना और खेल के माध्यम से उनकी प्रतिभा तथा आत्मविश्वास को बढ़ाना था। बच्चों ने कई रोमांचक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़,कुर्सी दौड़,चम्मच नींबू दौड़,और जलेबी दौड़ जैसी शारीरिक प्रतियोगिताएँ शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, बच्चों ने अपनी रचनात्मकता को चित्रकला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता में भी बखूबी दर्शाया। आयोजन के समापन पर प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली दिव्यांग बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को भी सांत्वना मेडल, प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए, ताकि उनका मनोबल बना रहे। आयोजन में विष्णु कुमार पटेल,संजय सिंह,राकेश मिश्रा,संजीव गुप्ता,राम किशोर,अशोक मिश्रा, श्याम राव मंडेलकर,राजेश तिवारी तथा शिक्षक अशोक तिवारी,आशीष कुमार,प्रमोद बर्मन,विजय आदि का सहयोग रहा इस अवसर पर सभी दिव्यांग बच्चों के पालक भी उपस्थित थे।

# भेड़ाघाट में बन रही सड़क की नापजोख पर पक्षपात का आरोप, स्थानीयजनों ने किया विरोध



**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में चौराहे से भेड़ाघाट तक नई सड़क निर्माण की प्रक्रिया पर स्थानीय नागरिकों ने पक्षपात का आरोप लगाया है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। कुछ दिनों पहले मध्यप्रदेश शासन के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह द्वारा भूमि पूजन भी किया जा चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों द्वारा सड़क का पुनः सर्वे कर चिन्ह लगाए गए, जिनमें सड़क के केंद्र से एक ओर 12 मीटर और दूसरी ओर 6 मीटर तक का एरिया लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह मापदंड न्यायसंगत नहीं है। करीब 50 वर्षों से यह रोड समान मानकों के साथ मौजूद है, ऐसे में नई नापजोख में असमानता देख जनता नाराज़ है। जानकारों के अनुसार सड़क निर्माण में हमेशा बराबर दूरी का मापदंड लागू होता है। स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने इस असमान माप का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया, जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई अस्थायी रूप से रोक दी है। भेड़ाघाट चौराहा क्षेत्र के सरपंच और अन्य प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर एवं एसडीएम पाटन को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि वे भेड़ाघाट के विकास के पक्ष में हैं, लेकिन नियमों के खिलाफ किसी भी पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि उचित जांच नहीं हुई, तो वे पीडब्ल्यूडी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर धरना–प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व सरपंच गोविंद बर्मन, सर्वेश साहू, पुरुषोत्तम बर्मन, दिलीप कुमार, रामकुमार बर्मन, रूद्र दत्त तिवारी, आर.एस. चौरसिया, ऋषि राज चौरसिया, आशीष सिंह, रामजी श्रीपाल सहित अन्य नागरिक शामिल रहे। स्थानीयों ने न्यायपूर्ण एवं निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई है।

## पमरे ने गत वर्ष के मुकाबले 7 प्रतिशत से अधिक माल लदान किया

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में वाणिज्य, परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर 2025 माह में 04.62 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 04.29 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया था, जो कि 07.73 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल ओरजिनेटिंग गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष 2025 के अप्रैल से नवम्बर तक कुल 36.08 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 33.77 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 06.84 प्रतिशत अधिक है।

### अमानक कीटनाशकों पर कृषि विभाग का शिकंजा

## पनागर में बड़ा घोटाला उजागर, तीन कंपनियों को नोटिस

पनागर



किसानों की फसल सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालने वाला अमानक कीटनाशकों का बड़ा घोटाला पनागर क्षेत्र में सामने आया है। कीटनाशक निरीक्षक पंकज शर्मा द्वारा लिए गए नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट में तीन प्रतिष्ठित कंपनियों मेसर्स यूलिंक एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, क्रिस्टल प्रोटेक्शन लिमिटेड, और सुमोटोमो केमिकल प्राइवेट लिमिटेड के उत्पाद गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाए गए। इसके बाद कृषि विभाग ने तीनों कंपनियों को कारण-बताओ नोटिस जारी कर कठोर रुख अपनाया है। जाँच में पाया गया कि ये उत्पाद कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 27 का गंभीर उल्लंघन करते हैं। विभाग ने इसे किसानों के साथ धोखाधड़ी और कृषि हितों पर सीधा आघात बताया है। उपसंचालक कृषि एस.के. निगम ने चेतावनी देते हुए कहा, "गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वालों पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों के हितों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।"

अमानक कीटनाशकों का प्रसार किसानों की उत्पादकता और आर्थिक स्थिरता पर सीधा खतरा है। प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने से यह मामला व्यवस्थित फर्जीवाड़े की ओर संकेत करता है। विभाग ने विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे केवल प्रमाणित उत्पाद ही बेचें और हर खरीद पर किसान को बिल अवश्य दें। किसानों से भी बिल रखने की अपील की गई है ताकि शिकायत की स्थिति में सबूत उपलब्ध रहें। मामले की तेज़ और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई। जिलेभर में अचानक निरीक्षण और गुणवत्ता निगरानी बढ़ाना। अमानक उत्पादों की सप्लाई चैन और वितरण नेटवर्क की गहन जाँच।

किसानों के हित में कीटनाशकों की गुणवत्ता पर कठोर नियंत्रण का विशेष अभियान चलाना।कृषि विभाग की यह सख्त कार्रवाई जिले में यह स्पष्ट संदेश देती है कि नियमों का उल्लंघन, फर्जीवाड़ा और किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

## कार खड़ी करने के विवाद पर आंख में स्प्रे कर की मारपीट

जबलपुर।

**खमरिया और बरगी क्षेत्र में आपसी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएँ सामने आईं। दोनों मामलों में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट कराई गई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।**

खमरिया थाना अतंर्गत पचपेढ़ी साउथ सिविल लाइन निवासी 31 वर्षीय तबस्सुम परवीन के घर के सामने गत रात लगभग 10 बजे कार खड़ी थी, जिसमें उनकी ननद रिहाना परवीन, उनके पति सैय्यद जैनुल अली, बेटा टीपू सुल्तान, बेटी सबनम परवीन और दामाद इजाज मंसूरी बैठे थे। जब तबस्सुम ने उन्हें कार हटाने को कहा तो सभी लोग कार से उतरे और गाली-गलौज करते हुए उसके और उसके पति फारूक अहमद की आँखों में स्प्रे कर दिया तथा मारपीट कर दी। बताया गया है कि दोनों परिवारों में जमीन विवाद चल रहा है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

दूसरी ओर गौरीघाट निवासी 30 वर्षीय सैय्यदा सबनम परवीन ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह और उनका भाई टीपू सुल्तान कार में बैठे थे, तभी उनके मामा फारूक अहमद और मामी तबस्सुम ने उन्हें धमकाते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की वहीं मामा फारूक अहमद लोहे की चैन लिए थे तथा उनके भाई का गला दबाया गया। वहीं राजेन्द्र अर्खेल ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। इस दौरान सबनम तथा टीपू सुल्तान को गले व शरीर में चोट आई हैं।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### बरगी में चाकूबाजी

बरगी थाना अतंर्गत ग्राम मानेगाँव निवासी 25 वर्षीय राम मरकाम गत रात लगभग 9:30 बजे समीर गोटिया के साथ मड़ई से लौट रहा था। तभी शुभम कोल और गौरव कोल समीर से बहस कर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर गौरव ने राम को पकड़ा और शुभम ने चाकू से उसके गाल व कंधे पर चोट पहुंचा दी। इसी दौरान पास में मौजूद सिद्धांत कोल के साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने मामले में धारा 296, 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष ग्रीन सिटी कोल बस्ती निवासी 19 वर्षीय शुभम कोल अपने रिश्तेदारों के साथ मड़ई घूमने आया था इस दौरान गलती से राम मरकाम से धक्का लग गया। इसी बात पर राम ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। मना करने पर राम, सिद्धांत और समीर ने मिलकर शुभम के साथ मारपीट कर गाल पर थप्पड़ मार तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शुभम की रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## बरेला-मनेरी मार्ग से गायब है शोल्डर पट्टी, बेरंग हो गई पुलिया

### पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौन

**बरेला।** लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 35 करोड़ की लागत से ढाई वर्ष पूर्व बरेला शारदा नगर से मनेरी तक लगभग 16 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण कर निर्माण कराया गया है किंतु रोड बनने के ढाई वर्ष बाद भी आज तक सोल्जर पट्टी का निर्माण बारिश के पश्चात भी नहीं कराया गया है जिसके कारण रोड और साइड पट्टी के बीच में जगह-जगह ऊंचा नीचा होने के कारण दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। बताया जाता है कि ढाई वर्ष पूर्व ही रोड के दोनों और तीन-तीन मीटर सोल्जर पट्टी का निर्माण कराया गया था किंतु समय के साथ-साथ सोल्जर पट्टी का मेंटेनेंस न करने के कारण रोड और साइड पट्टी के बीच अंतर आ गया है। यही हाल रोड का भी हो गया है ठेकेदार द्वारा रोड के मेंटेनेंस के नाम पर कही - कहीं सील कोट बस किया गया है। जबकि अनेको जगह पर रोड में गिट्टियां स्पष्ट दिखाई दे रही हैं किंतु इसके बावजूद भी रोड पर सील कोट नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा इस मार्ग पर पड़ने वाली लगभग एक दर्जन पुलिया और दो पुलों पर भी रंग रोगन नहीं किया गया है जिसकी वजह से यह पुलिया भी बेरंग हो गई है तथा रात्रि के समय यह पुलिया भी वाहन चालकों को दिखाई नहीं देती हैं इसके कारण दुर्घटना होने की संभावना रहती है ठेकेदार द्वारा लंबे समय से बरेला



मनेरी मार्ग का मेंटेनेंस न किए जाने पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी मौन साधे हुए हैं जिसके कारण ठेकेदार मनमर्जी से रोड पर मेंटेनेंस कि खाना पूर्ति कर रहे हैं बताया जाता है कि इस रोड पर अत्यधिक ट्रैफिक रहता है तथा दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं किंतु इसके बावजूद भी विभाग द्वारा रोड के ठेकेदार द्वारा मेंटेनेंस की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 16 किलोमीटर लंबे ईस मार्ग पर जगह-जगह पर मोड़ों पर झाड़ियां भी बढ़ी होगई हैं। इन झाड़ियां की वजह से अनेको जगह पर साइड पट्टी भी दिखाई नहीं देती है ग्रामीणों ने बरेला मनेरी मार्ग की जांच की मांग पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों से की है।

## जनरेटिंग कंपनी की राख का होगा शत प्रतिशत उपयोग

**सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में लगेगा सीमेंट प्लांट**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) की गाइडलाइन के अनुरूप उत्सर्जित फ्लाई एश (पावर हाउस से निकलने वाली राख) के 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा में विश्व की अग्रणी सीमेंट कंपनी हाइडेलबर्ग के साथ गत दिवस भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (एलयूपीए) हस्ताक्षरित किया। यह अनुबंध 25 वर्ष की अवधि के लिए भूमि उपयोग अनुमति के लिए किया गया है। इस अनुबंध के अंतर्गत हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना परिसर में एक सीमेंट क्लंकिर ग्राइडिंग यूनिट की स्थापना करेगी। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टरद्वय सुबोध निगम व मिलिन्द भान्दक्कर, मुख्य अभियंता संचारण-संधारणःउत्पादन अभिषेक जैन के मागदर्शन में यह अनुबंध श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ। अनुबंध पर पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके कोरी और हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड की ओर से सुमित बिसारिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मध्यपदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी गुप्ता अनुराग जडिया, विशाल कुमार दहाटे, यूएस तमोली, मोहित शर्मा एवं हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड के सुनील कुमार, बलबीर सिंह रावत व पंकज उपरेती उपस्थित थे।

**आज से शुरु होगा साहू का अन्न त्याग सत्याग्रह**

# तीसरे दिन भी जारी रही क्रमिक भूख हड़ताल जनता का सरकार के प्रति बढ़ रहा आक्रोश

**सिहोरा।** सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आन्दोलन में शुक्रवार को तीसरे जत्थे के रुप में भूख हड़ताल में बैठे एक दर्जन से अधिक क्षेत्रीय जनों का हौसला बढ़ाने पूर्व विधायक दिलीप दुबे सहित अनेक लोग पहुंचें पुराने बस स्टेंड में लक्ष्य समिति के तत्वावधान में चल रहे आन्दोलन में महिलाओं,युवाओं और बुजुर्गों की बढ़ती भागीदारी से आंदोलन को नई ऊर्जा मिल रही है। वहीं बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया।



### जनता का भाजपा सरकार के प्रति बढ़ रहा आक्रोश

विगत दिनों से जारी आन्दोलन में प्रदेश की भाजपा सरकार और उनके नुमाइंदे के प्रति जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आन्दोलन कारियों ने कहा सरकार यहां के लोगों की परीक्षा ले रही है। आगे कहा चुनाव के समय नेताओं ने जनता से वायदे कर बोट तो हासिंल कर लिए पर अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं किया जिससे नगर वासियों को भरोसा हो सके। लेकिन अब समय समय पर नेताओं के झूठे वादों से ठगी गई जनता अपना हक लेने जाग चुकी है। कुछ लोगों में पद की लोलुपता और व्यक्तिगत स्वार्थ इस आन्दोलन में समर्थन की सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं बहुत से ऐसे लोग हैं जिनको पद से तो प्यार है पर अपनी जन्मभूमि से नहीं।

### आज से प्रमोद साहू प्रारम्भ करेंगे अन्न त्याग सत्याग्रह

आज 6 दिसम्बर शौर्य दिवस के अवसर पर दोपहर 3 बजे से आरएसएस के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू अन्न त्याग सत्याग्रह प्रारम्भ करेंगे इसके पूर्व वे काल भैरव चौक मंदिर में सद बुद्धि यज्ञ का आयोजन करेंगे जिसमें सिहोरा जिला के शीघ्र घोषणा हेतु सामूहिक प्रार्थना की जाएगी।

**9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन सिहोरा खितौला बंद का आयोजन**

आगामी 9 दिसंबर को ढीमरखेड़ा,बहोरीबंद, मझौली और संपूर्ण सिहोरा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग सिहोरा में जुटेंगे।सिहोरा खितौला के व्यापारियों ने भी 9 दिसंबर से इलाके में पूर्ण बंद का आयोजन कर जिला के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही है। व्यापारियों का कहना है कि सिहोरा के साथ सौतेला ब्यौहार एंव उपेक्षा अब सहन नहीं की जायेगी अपना अधिकार प्राप्त करके रहेंगे।

### एक दर्जन से अधिक बैठे भूख हड़ताल में

तीसरे जत्थे में राकेश पाठक ब्राह्मण समाज अध्यक्ष, प्रदीप दुबे, एस बी पांडेय, सुशील जैन, अनिल जैन, साजिद अंसारी, तनवीर अहमद, रामजी शुक्ला, निशार अहमद अंसारी, कृष्ण कुमार कुररिया, मुन्ना लाल गौतम, संतोष पांडेय, संजय पाठक, संतोष वर्मा, डाक्टर मनोज कुमार, सत्यम कुमार पटेल, श्रवण पटेल जितेन्द्र कुर्मी, आशीष पटेल, गौरीहर राजे आदि क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे।

**श्री राजू ठाकुर-** घाना सोनपुर रोड निवासी श्री राजू ठाकुर (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बेन-** ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री मोहन बेन की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार बावरिया-** गली नं. 21, सदर निवासी श्री विनोद कुमार बावरिया (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रेखा कोरी-** शीतलामाई छोटे फुहारा के पास निवासी श्री राजेंद्र कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा कोरी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्री कंधी लाल-** गली नं. 5 पोलीपाथर निवासी श्री कंधी लाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामचंद विश्वकर्मा-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री रामचंद्र विश्वकर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रत्नी देवी रजक-** गोकलपुर आजाद नगर निवासी श्री मगन लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रत्नी देवी रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पू गुप्ता-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री शिवरतन लाल गुप्ता के पुत्र श्री पप्पू गुप्ता (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कौशल्या पटेल-** भूकंप कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री कमलेश पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या पटेल (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती लीला बाई कोरी-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री होरी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई कोरी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश चौधरी-** रविदास नगर गली नं. 5, पोलीपाथर निवासी श्री कैलाश चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शोभा देवी-** रांझी निवासी श्री गोपाल पंडित की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा देवी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कनौजिया-** इंद्रा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री अशोक कनौजिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती लगनी देवी कोरी-** अभिनंदन नगर रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी श्री खूब लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती लगनी देवी कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शोभा गोसावी-** गढ़ा रेलवे फाटक के पास निवासी श्री मुकुंद मधुकर गोसावी की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा गोसावी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय शिवहरे-** गोरखपुर निवासी श्री विजय शिवहरे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बने लैरी एलिसन, अंबानी की संपत्ति बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के शीर्ष-10 अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। कभी मस्क की अरबपति नंबर वन की कुर्सी के खतरा बन रहे लैरी एलिसन ने अपना रुतबा वापस हासिल कर लिया है।

■ नबंर वन की कुर्सी टेस्ला के एलन मस्क ने अपने पास सुरक्षित रखी

एक बार फिर एलिसन दुनिया के सबसे रईसों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए है। कुछ दिन पहले उन्हें गूगल अल्फाबेट के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन ने पछाड़ कर चौथे नंबर पर कर दिया था।टेस्ला के एलन मस्क पहले नंबर पर हैं। भारत के मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। गुरुवार को उनकी दौलत में करीब एक अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अंबानी 106 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ 18वें स्थान पर हैं। अदाणी की दौलत में भी गुरुवार को 284 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। 84.2 अरब डॉलर के साथ अब भी वह 20वें स्थान पर हैं।

## ब्लूमबर्ग ने दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों की सूची जारी की

### मस्क के पास 467 अरब डॉलर की संपत्ति

टेस्ला के एलन मस्क पहले नंबर पर हैं। मस्क की दौलत में गुरुवार को 5.55 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अब इनके पास 467 अरब डॉलर की कुल संपत्ति है। इस साल अब तक मस्क ने अपनी संपत्ति में 34.8 अरब डॉलर जोड़े। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक लैरी एलिसन को 7.17 अरब डॉलर का फायदा हुआ। इनकी कुल संपत्ति अब 274 अरब डॉलर है। इस साल अबतक अपनी संपत्ति


एलन मस्क.


लैरी एलिसन.

*एनवीडिया के हुआंग नौवें पायदान पर : एनवीडिया के मालिक जेनसेंग हुआंग को 3.31 अरब डॉलर का फायदा हुआ है। अब इनके पास 159 अरब डॉलर की संपत्ति है और ये दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 9वें पायदान पर आ गए हैं।*

### लैरी पेज को 1.55 अरब डॉलर का नुकसान

दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति लैरी पेज को गुरुवार को 1.55 अरब डॉलर का नुकसान हुआ और इनकी कुल संपत्ति 272 अरब डॉलर हो गई है। इस साल के सबसे बड़े गेनर्स अब लैरी पेज हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक उनकी दौलत में इस साल अबतक 104 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। सर्गेई ब्रिन की दौलत में 1.45 अरब डॉलर की गिरावट हुई और अब उनके पास 253 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। ये ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में चौथे स्थान पर हैं।

*फ्रांस के अर्नाल्ट सातवें स्थान पर : सातवें स्थान पर फ्रांस के बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इनकी संपति में 1.50 अरब डॉलर का इजाफा हुआ और उनके पास 202 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। इस साल अबतक इन्होंने 26.1 अरब डॉलर जोड़े हैं। स्टीव बाल्मर ने गुरुवार को 1.02 अरब डॉलर कमाए। इनका नेटवर्थ अब 167 अरब डॉलर हो गया है।*

### जेफ बेजोस की संपत्ति हुई कम

अमेजन के जेफ बेजोस की संपत्ति 2.76 अरब डॉलर गिरकर 251 अरब डॉलर हो गई। इस साल कमाई की बात करें तो बेजोस केवल 12.8 अरब डॉलर ही कमा पाए हैं। मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में सबसे अधिक 7.54 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। अब इनका नेटवर्थ 234 अरब डॉलर हो गया है। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में जुकरबर्ग छठे स्थान पर हैं।

## खबर संक्षेप

### रूसी बैंक 'स्बेरबैंक' भारत में करेगा 10 करोड़ डॉलर निवेश




**नई दिल्ली।** रूस के सबसे बड़े बैंक 'स्बेरबैंक' ने कहा कि वह भारत में अपने कारोबार का धीरे-धीरे विस्तार करने की योजना बना रहा है और अगले तीन वर्ष में यहां करीब 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। 'स्बेरबैंक' के सीईओ एवं चेयरमैन हरमन ग्रेफ ने यहां कहा, 'हमारे पास यहां पूर्ण बैंकिंग लाइसेंस है।

### ड्रीम11 ने खेल मनोरंजन के क्षेत्र में रखा कदम

**मुंबई।** 'रियल मनी गेमिंग' पर प्रतिबंध लगाए जाने से कारोबार के बड़े हिस्से पर असर पड़ने के बीच गेमिंग मंच ड्रीम11 ने खेल मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखने की जानकारी दी। कंपनी के शीर्ष प्रबंधन ने कहा कि 'रियल मनी गेमिंग'' पर सरकारी प्रतिबंध के बावजूद 1,200 कर्मचारियों में से किसी को भी नौकरी से नहीं निकाला गया है।

### ओला इलेक्ट्रिक करेगी 1000 वरिष्ठ टेक्नीशियन की भर्ती

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक अपनी हाइपरसर्विस योजना के अगले चरण में करीब 1,000 वरिष्ठ टेक्नीशियन और विशेषज्ञ पेशेवरों की भर्ती करने की तैयारी कर रही है। योजना से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। इस विस्तार से कंपनी की बिक्री के बाद सेवा टीम काफी मजबूत हो जाएगी। इस टीम में अभी अभी करीब 2,000 लोग हैं।

### पार्क मेडी वर्ल्ड का आईपीओ 10 दिसंबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** पार्क ब्रांड के तहत अस्पताल चलाने वाली पार्क मेडी वर्ल्ड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 154-162 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि कंपनी का 920 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 दिसंबर को आवेदन के लिए खुलेगा और 12 दिसंबर को समाप्त होगा।

### यूएसएफडीए ने तारापुर संयंत्र का किया निरीक्षण




**नई दिल्ली।** इप्का लैबोरेट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक यूएसएफडीए ने उसकी महाराष्ट्र स्थित तारापुर एपीआई संयंत्र के निरीक्षण के बाद फॉर्म 483 में तीन टिप्पणियां जारी की हैं। यूएसएफडीए ने दवाओं के मुख्य कच्चे माल के विनिर्माण संयंत्र का एक से पांच दिसंबर, 2025 के बीच निरीक्षण किया।

### सोना 1,300 रुपए उछला व चांदी 3,500 रुपए तेज



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। स्थानीय सराफा बाजार में, चांदी 3,500 रुपये बढ़कर 1,83,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो पिछले कारोबारी सत्र में 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## एनबीएफसी में पर्याप्त नकदी बनाए रखने लिया गया निर्णय

# आरबीआई नकदी डालने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूतियों की करेगा खरीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों एवं गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) में पर्याप्त नकदी बनाए रखने के लिए इस महीने 'खुला बाजार परिचालन' (ओएमओ) के तहत एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक टिकाऊ नकदी मुहैया कराने के लिए इस महीने पांच अरब अमेरिकी डॉलर की तीन-वर्षीय डॉलर/रुपया खरीद-बिक्री अदला-बदली भी करेगा। इन मौद्रिक उपायों से 15 दिसंबर को देय अग्रिम कर भुगतान की तीसरी किस्त के लिए बैंकिंग प्रणाली से होने वाले व्यय को देखते हुए नकदी संकट कम करने में मदद मिलेगी।




- खुला बाजार परिचालन के तहत सरकारी प्रतिभूतियों की होगी खरीद
- केंद्रीय बैंक टिकाऊ नकदी मुहैया कराने इसी महीने अदला-बदली करेगा
- पांच अरब अमेरिकी डॉलर की तीन-वर्षीय डॉलर/रुपया खरीद-बिक्री करेगा

### इसी महीने प्रणाली में नकदी डाली जाएगी

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, ''उभरती नकदी स्थितियों एवं संभावनाओं को देखते हुए केंद्रीय बैंक इस महीने प्रणाली में टिकाऊ नकदी डालने के लिए 1,00,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की ओएमओ खरीद और पांच अरब अमेरिकी डॉलर की तीन-वर्षीय डॉलर/रुपया खरीद-बिक्री अदला-बदली करेगा।'

### औसतन 1.5 लाख करोड़ रुपए अधिशेष

गवर्नर ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अक्टूबर में हुई पिछली बैठक के बाद से प्रणालीगत नकदी का इस अवधि के लिए औसतन 1.5 लाख करोड़ रुपये अधिशेष है। प्रणाली में नकदी को नकदी समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत शुद्ध स्थिति के आधार पर मापा जाता है।

### शुद्ध अवशोषण 2.6 लाख करोड़ था

एलएएफ के अंतर्गत औसत दैनिक शुद्ध अवशोषण अगस्त में क्रमशः 2.9 लाख करोड़ रुपये तथा सितंबर में 1.6 लाख करोड़ रुपये रहा। एलएएफ के तहत औसत दैनिक शुद्ध अवशोषण अक्टूबर 2025 में घटकर 0.9 लाख करोड़ रुपये रह गया लेकिन नवंबर 2025 में से सुधार के साथ 1.9 लाख करोड़ रुपये रहा।

### वृद्धि अनुमान बढ़ाकर किया 7.3 प्रतिशत

आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। यह संशोधन जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किया गया है। जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सभी अनुमानों से अधिक 8.2 प्रतिशत रही है जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि व्यापक आर्थिक संकेतक अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भी घरेलू आर्थिक गतिविधियों के मजबूत बने रहने की ओर इशारा करते हैं। हालांकि कुछ संकेतकों में हल्की कमजोरी उभरती दिख रही है।

## जूट मिलों के मार्च तक बंद होने का खतरा



**कोलकाता।** भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से इस क्षेत्र में 'गहराते संकट' को दूर करने के लिए दखल देने की मांग की है। इसके साथ ही आईजेएमए ने चेतावनी दी है कि कीमतों को अलाभप्रद तरीके से एक निश्चित स्तर तक रोके जाने के कारण राज्य की आधी से ज़्यादा मिलें मार्च 2026 तक बंद हो सकती हैं। पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री मलॉय घटक को तीन दिसंबर को लिखे एक पत्र में आईजेएमए ने कहा कि इस संकट से इस क्षेत्र की स्थिरता और मिलों में सीधे तौर पर काम करने वाले दो लाख से ज़्यादा कामगारों की रोजी-रोटी को खतरा है। इसमें कहा गया है कि लाखों और लोग अप्रत्यक्ष तौर पर इस उद्योग पर निर्भर हैं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईस, सतना (म.प्र.)**

PHONE No. 07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 34/2025 / केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./ भवन/2904) रीवा, दिनांक :- 26.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय माह में वर्षाकाल सहित) | 100 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_465460_1 | शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल (सांदीपनी विद्यालय डाईस कोड 23130609023) रामपुर बाघेलान जिला सतना में 100 सीटर बालक एवं 100 सीटर बालिका छात्रावास सतना का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 638.99 | 638990.00 | 20000 | 12 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01-12-2025 समय 10:00 से दिनांक 15-12-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

( इंजी. रोहित मरावी)
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, सतना

G-22321/25


# कंपनियों को क्षेत्र विशेष की एआई तकनीक बनानी चाहिए : आईटीईएस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आईटी और आईटी आधारित सेवा (आईटीईएस) कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों की खास समस्याओं के लिए एआई आधारित समाधान बनाने चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने शुक्रवार को यहा कि ऐसा करने से नई नौकरियां पैदा होने की संभावना है। कृष्णन ने नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्मार्ट गवर्नमेंट (एनआईएसजी) के एक सम्मेलन में कहा कि लोग सोच सकते हैं कि बड़ी 'कंप्यूट' सुविधाओं की कमी के कारण भारत एआई के बड़े मॉडल बनाने की दौड़ में पीछे रह गया है, लेकिन भारत एआई मॉडल के जरिये आम लोगों की जरूरतों के समाधान बनाकर बढ़त हासिल कर सकता है।

कृष्णन ने कहा, ''बहुत बड़े मॉडल की जरूरत नहीं है। जरूरत है क्षेत्र विशेष के लिए बने सीमित मॉडल की, जो उस क्षेत्र में लागू हों और उसकी समस्याओं को हल करें। यही दिशा है जिसमें हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में भारत का बड़ा सॉफ्टवेयर उद्योग और आईटी-आईटीईएस उद्योग आगे बढ़े।''कृष्णन ने कहा कि यह भारतीय आईटी उद्योग के लिए एक तरह का 'वाई2के' पल है। कृष्णन ने एआई के बारे में कहा, ''यह नौकरियां खत्म होने की बात नहीं है, बल्कि नई तरह की नौकरियों के सृजित होने की बात है। कृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार कहा है कि एआई को एक ऐसी तकनीक के रूप में देखना जरूरी है जिसमें ढेर सारी संभावनाएं हैं।

### डीपीआई का इस्तेमाल अब विदेशी भी कर रहे

कृष्णन ने कहा कि भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरनचा (डीपीआई) का इस्तेमाल अब कुछ विदेशी देश भी कर रहे हैं। आधार, यूपीआई, कोविन मंच जैसी तकनीकें डीपीआई का हिस्सा हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में सेवाओं की लागत कम करती हैं।

### नेफ्रोप्लस का आईपीओ 10 दिसंबर को खुलेगा

**नई दिल्ली।** डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने वाली कंपनी नेफ्रोकेयर हेल्थ सर्विसेज लि. ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य दायरा 438 से 460 रुपये प्रति शेयर रखा है। नेफ्रोप्लस ब्रांड से डायलिसिस केंद्र चलाने वाली हैदराबाद स्थित कंपनी का 871 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 दिसंबर को सार्वजनिक बोली के लिए खुलेगा और 12 दिसंबर को बंद होगा।

# तीन महीनों में 17 लाख से ज़्यादा चांदी के उत्पाद की हॉलमार्किंग

■ गहने की विशिष्ट पहचान संख्या एचयूआईडी जारी की गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉलमार्किंग शुरू होने के तीन महीनों के भीतर चांदी के 17.35 लाख से अधिक गहने विशिष्ट पहचान संख्या एचयूआईडी के साथ जारी किए जा चुके हैं। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। हालांकि चांदी की हॉलमार्किंग योजना एक सितंबर, 2025 से स्वैच्छिक बनी हुई है, लेकिन हॉलमार्क वाले किसी भी चांदी सामग्री के लिए विशिष्ट पहचान एचयूआईडी की मार्किंग ज़रूरी कर दी गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''चांदी के गहनों में एचयूआईडी हॉलमार्किंग शुद्धता आश्वासन को मज़बूत करने और नकली हॉलमार्किंग के चलन को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जोशी ने कहा, ''अपनी मर्ज़ी से (बीआईएस) हॉलमार्क किए गए चांदी की वस्तुओं पर एचयूआईडी ज़रूरी होने से हर उत्पाद पर छह अंकों का एक विशिष्ट पहचान कोड होता है जो पूरी तरह से 'डिजिटल ट्रेसेबिलिटी'' और बेहतर उपभोक्ता सुरक्षा को संभव बनाता है।''


**GOVT OF MAHARASHTRA**
**Public work Division Chhatrapati Sambhajinagar**
**E-Tender Notice No. ३३७ - २०२५- २०२६**

Online tender (e-tenders) for following works are invited by the Executive Engineer Public Works Division Chhatrapati Sambhajinagar (Ph-०२४०-२३३११७४) in "B-2" Tender (online) for (०१) works in Chhatrapati Sambhajinagar Dist. The contractor Registered with the Public work department /company/ form / in appropriate class shall be issued by the Executive Engineer public Works Division Chhatrapati Sambhajinagar

१. All the deails regarding e-tenders procedure and tender documents are available on e-tenders portal of PWD department of Government of Maharashtra **https://mahatenders.gov.in** and **https://pwd.maharashtra.gov.in**
२. In case any changes in the Tenders /Tenders Notice,the same shall be informed through the abovementioned web Portals
३. All the right accept or reject the tenders are reserved with Executive Engineer public Works Division Chhatrapati Sambhajinagar Conditional tenders tenders shall be summarily rejected

क्रमांक : आरओसी-2025-26/क्रं-5/C४४०२

**Executive Engineer**
**Public Work Division**
**Chhatrapati Sambhajinagar**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**गति शक्ति इकाई के अंतर्गत विभिन्न निर्माण हेतु ई-निविदा**

मंडल विद्युत अभियंता (GSU) द्वारा निम्न-लिखित विभिन्न जीएसयू कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्रमांक:** GSU-EL-G-NAG-2025-26-06R1 दिनांक: 28.11.2025
**कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिकल (जी) से सम्बंधित कार्य - दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में छिंदवाड़ा में नए 40 बेड वाले (20 कमरे) रनिंग रूम का निर्माण और छिंदवाड़ा लॉबी का विस्तार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,08,00,817/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,04,000/-
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक **24.12.2025** के **15:00** बजे तक।

**2. निविदा क्रमांक:** GSU-EL-G-NAG-2025-26-09 दिनांक: 01.12.2025
**कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिकल (जी) से सम्बंधित कार्य - दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में नागभीड़ में नए 40 बेड वाले (20 कमरे) रनिंग रूम का निर्माण और नागभीड़ में संयुक्त क्रू लॉबी का विस्तार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 87,24,202/-
**बयाना राशि:** ₹ 1,74,500/-
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक **26.12.2025** के **15:00** बजे तक।

उपरोक्त निविदा के अधिक विवरण के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

**मंडल विद्युत अभियंता-जीएसयू,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**नागपुर**

MS/47-213

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत नरसिंहपुर**

क्रमांक/ /जनपद/भंडार/2025 **विज्ञप्ति** नरसिंहपुर दिनांक 12.2025

कार्यालय जिला पंचायत नरसिंहपुर के पत्र क्रमांक 1477/ तक / ग्रायासेवा / 2025 नरसिंहपुर दिनांक 11.11.2025 के परिपालन में जनपद पंचायत परिसर स्थित आवासीय भवनों को कण्डम घोषित कर ऑफसेट वेल्यू कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नरसिंहपुर द्वारा निर्धारित की गई है। अतः इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जनपद पंचायत परिसर स्थित आवासीय भवनों को ऑफसेट वेल्यू अनुसार विनिष्टीकरण की कार्यवाही की जाना है। इच्छुक व्यक्ति / स्थानीय संस्था / अधिकारी/ कर्मचारी अपना बंद लिफाफा में दिनांक 13.12.2025 दोपहर 2 बजे तक प्रत्येक आवासीय में अमानत राशि 20000-00 (बीस हजार) के साथ आमंत्रित किये जाते है। इस से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर व नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। कोटेशन स्वीकृति उपरांत आवासीय भू-खण्ड से समस्त मटेरियल हटाकर समतल करना होगा।

समस्त प्राप्त बंद लिफापा कोटेशन दिनांक 13.12.2025 को समय 3:00 बजे खोले जाएंगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत नरसिंहपुर**



**MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16 – A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011, Telephone No. : 0755- 4853297, 0755- 4853295
E-mail : einc-mpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com

MPBDC

NIT No. : 8924/GM/MPBDC/CW/25/NIT-73 Bhopal, Dated : 05.12.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation Limited (MPBDC) Bhopal invites online tenders for the following works :-

1. Interior furnishing and electrification work of 5th floor in the newly constructed Administrative building and cultural centre of commissioner Tribal Office at Arera Hills Bhopal M.P.(2nd Call) - PAC: Rs. 200.03 Lacs
2. Construction of Government College at Narayanganj Dist. Mandla M.P.- PAC: Rs. 1331.17 Lacs
3. Construction of Government College at Gudi Dist. Khandwa M.P.- PAC: Rs. 1318.25 Lacs
4. Construction of Government college at Hatta Dist. Balaghat M.P.. - PAC: Rs. 1318.25 Lacs
5. Construction of Government college at Betma Dist. Indore M.P.- PAC: Rs. 1292.94 Lacs
6. Construction of Government College at Kampel Dist. Indore M.P.- PAC: Rs.1261.38 Lacs
7. Construction of Government College Dimani Dist. Morena M.P.- PAC: Rs. 1198.81 Lacs
8. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Shajapur M.P.- PAC: Rs. 929.74 Lacs
9. Construction of new building at Govt. Girls college Seoni Malwa Dist. Narmadapuram M.P.- PAC: Rs.783.09 Lacs
10. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Anuppur M.P.- PAC: Rs. 761.08 Lacs
11. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Baidhan M.P.- PAC: Rs. 741.08 Lacs
12. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Sidhi M.P..- PAC: Rs. 739.33 Lacs
13. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. SKN College Dist. Mauganj M.P.- PAC: Rs. 670.69 Lacs
14. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Nowgong M.P.- PAC: Rs. 666.09 Lacs
15. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Chhapara Dist. Seoni M.P.- PAC: Rs. 639.59 Lacs
16. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Dhuma Dist. Seoni M.P.- PAC: Rs. 639.59 Lacs
17. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Nasrullaganj Dist. Sehore M.P.- PAC: Rs. 639.58 Lacs
18. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Burhar Dist. Shahdol M.P.- PAC: Rs. 639.53 Lacs
19. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded Girls Hostel at CM Rise School Jaisinghnagar Dist. Shahdol M.P.- PAC: Rs. 639.53 Lacs
20. Construction of 100 bedded Boys and 100 bedded seated Girls Hostel at CM Rise School Dondwada Dist. Barwani M.P..- PAC: Rs. 639.59 Lacs
21. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Mahakaushal College Dist. Jabalpur M.P.- PAC: Rs. 632.30 Lacs
22. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Maihar M.P.- PAC: Rs. 629 Lacs
23. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. College Dist. Niwadi M.P.- PAC: Rs. 592.71 Lacs
24. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Damoh M.P.- PAC: Rs. 590.1 Lacs
25. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Madhav Arts and Commerce College, Dist. Ujjain M.P.- PAC: Rs. 572 Lacs
26. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Tikamgarh M.P.- PAC: Rs. 530.39 Lacs
27. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Modal Science College Dist. Rewa M.P.- PAC: Rs. 518.17 Lacs
28. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Umaria M.P.- PAC: Rs. 510.02 Lacs
29. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. College Makronia Dist. Bujurg M.P.- PAC: Rs. 502.86 Lacs
30. Construction of Office building & Boundary wall at Pollution Control Dist. Rewa M.P.- PAC: Rs. 450.33 Lacs
31. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Mandsaur M.P.- PAC: Rs. 449.16 Lacs
32. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Alirajpur M.P.- PAC: Rs. 441.08 Lacs
33. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Katni M.P.- PAC: Rs. 439.34 Lacs
34. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Satna M.P.- PAC: Rs. 176.62 Lacs
35. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Panna M.P.- PAC: Rs. 416.75 Lacs
36. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Mandla M.P.- PAC: Rs. 408.84 Lacs
37. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Arts and Science College Dist.Ratlam M.P.- PAC: Rs. 364.61 Lacs
38. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Sheopur M.P.- PAC: Rs. 324.86 Lacs
39. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Narsinghpur M.P..- PAC: Rs. 321.18 Lacs
40. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt.P.G. College, Dist. Chhindwada M.P..- PAC: Rs. 298.37 Lacs
41. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. Narmada P.G. College Dist. M.P.- PAC: Rs. 293.59 Lacs
42. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Budhar M.P.- PAC: Rs. 266.17 Lacs
43. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College, Dist. Neemuch M.P.- PAC: Rs. 226.25 Lacs
44. Renovation Upgradation and New Construction work at Govt. P.G. College Dist. Satna M.P.- PAC: Rs. 176.62 Lacs
45. Upgradation of Examination Hall and Library Building at Institue for Excellence in Higher Education (IEHE) Dist. Bhopal M.P.- PAC: Rs. 158.88 Lacs

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online for Serial No. 1 to 20 from 09.12.2025 at 18:00 hrs. to 30.12.2025 at 15:30 hrs. and Serial No. 21 to 45 from 12.12.2025 at 18:00 hrs. to 03.01.2026 at 15:30 hrs. from website **www.mptenders.gov.in** PAC can vary at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/123380/2025 **MANAGING DIRECTOR**

## चिंतन

# पुतिन का दौरा नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद'

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का भारत दौरा कई मायनों में काफी अहम है। यह अमेरिका समेत पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश देने वाला भी माना जा रहा है। रूस ने जहां यूएनएससी में भारत की दावेदारी का समर्थन किया है, वहीं आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की प्रतिबद्धता भी दोहराई। दौरा भविष्य का वह रोडमैप है, जो भारत को एक मिलिट्री और इकोनॉमिक सुपरपावर बनाने के लिए तैयार किया गया , चाहे वह डिफेंस हो, स्पेस हो, परमाणु ऊर्जा हो या फिर ट्रेड। हर मोर्चे पर रूस ने भारत का हाथ मजबूती के साथ थाम लिया है। मोदी-पुतिन का 'रुबल-रुपया' पैक्ट बता रहा है कि दोनों महाशक्तियों ने डॉलर की बादशाहत को कुचलने का प्लान तैयार कर लिया है। इसके साथ ही दुनिया की दो सबसे पुरानी और भरोसेमंद ताकतों ने पश्चिमी देशों को आईना दिखाते हुए एक नई विश्व व्यवस्था का 'शंखनाद' कर दिया है। अमेरिका और यूरोप की तमाम धमकियों, प्रतिबंधों और कुटिल चालों के बावजूद पुतिन ने भारत की धरती पर कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी भव्य अगवानी की। यह दिखाता है कि रूसी राष्ट्रपति का यह दौरा सिर्फ एक कूटनीतिक नहीं, बल्कि पश्चिम देशों के लिए बड़ा संदेश है। पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को भी संबोधित किया। रक्षा क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' के तहत सह-उत्पादन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमति बनी। मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है, वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं। दोनों देशों के बीच हेल्थ, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा, शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) समेत करीब 19 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। दोनों नेताओं ने साफ कर दिया कि दो बड़ी शक्तियों के रूप में, उनकी यह साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक 'एंकर' (लंगर) की तरह है। यह अमेरिका की उस दादागिरी को सीधी चुनौती है, जो दुनिया को अपने हिसाब से चलाना चाहता है। रक्षा क्षेत्र हमेशा से भारत-रूस संबंधों की रीढ़ रहा है, लेकिन इस बार कहानी बदल गई है। अब भारत सिर्फ खरीदार नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को रूस ने अपना पूरा समर्थन दे दिया है। संयुक्त बयान के पैराग्राफ 28 से 31 में साफ लिखा है कि अब रिश्ता 'खरीद-फरोख्त' से आगे बढ़कर 'को-डेवलपमेंट और को-प्रोडक्शन' (सह-विकास और सह-उत्पादन) पर आ गया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर जो फैसला लिया है, वह डॉलर की बादशाहत को सीधा चुनौती है। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार डॉलर में नहीं, बल्कि 'नेशनल करंसी' (रुपये और रुबल) में होगा। अब भारत का यूपीआई और रूस का एमआईआर या अन्य सिस्टम एक साथ काम करेंगे। माना जा रहा है कि इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध धरे के धरे रह जाएंगे और बिना किसी रुकावट के व्यापार होगा।

# आर्थिक सहयोग की मजबूत रणनीति



**भारत-रूस संबंध**
कांतिलाल मांडोत

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ व राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है।

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं। हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवां अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है। भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के



लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी। ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है।

यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा। व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है। रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है। आधुनिक अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नेता से नेता का संवाद जितना मजबूत होता है, उतना ही स्थायी सहयोग पैदा होता है। भारत रूस संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प अवसरों का विस्तार करने के साथ साथ चुनौतियों का समाधान भी है। दोनों देश जानते हैं कि आने वाले समय में ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा क्षमता, वैश्विक स्थिरता और आर्थिक विस्तार जैसे प्रश्नों पर उनका सहयोग दुनिया के लिए भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है। आज जब भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं और आर्थिक प्रतिद्वंद्विता नई आकृतियां ले रही है, भारत और रूस का यह स्थिर और प्रगतिशील रिश्ता वैश्विक शांति और विकास का सशक्त आधार बन सकता है। दोनों देशों ने यह सिद्ध किया है कि वास्तविक साझेदारी दबावों में नहीं टूटती, बल्कि कठिनाइयों में और मजबूत होती है। 2030 तक का साझा रोडमैप न केवल भारत और रूस की आर्थिक ताकत को कई गुना बढ़ाएगा, बल्कि एशिया और यूरेशिया क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। यह रणनीति भविष्य की ऐसी मजबूत नींव है जिस पर आने वाली पीढ़ियां भी गर्व कर सकेंगी। भारत और रूस का यह अटूट रिश्ता आने वाले समय में वैश्विक संतुलन का नया सूत्र साबित हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



स्विट्ज़रलैंड के आकर्षक स्थानों में से एक लुसाने शहर है जोकि अंगूरों के बागों के लिए जाना जाता है। लुसाने खेलों के लिए भी फेमस है, यहाँ पर हर साल हॉकी और फुटबाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इसके साथ ही संस्कृति और कला में रूचि रखने वालों के लिए लुसाने में कई संग्रहालय और प्राचीन स्मारक भी है। पर्यटकों के लिए यह खूबसूरत शहर बहुत ही आनंद देने वाला है।

## आत्मबोध

डॉ. कविता सिंधू खरीटा




# स्व-चेतना में मन का अपनी ही गहराइयों से परिचय

खुद को समझने की यात्रा एक अचानक आई रोशनी से नहीं,बल्कि एक बहुत छोटे-से संशय, एक हल्की-सी खटपट या भीतर उठे किसी मौन प्रश्न से शुरू होती है। यात्रा की शुरुआत तभी होती है जब मन पहली बार यह स्वीकार करता है कि उसे सब कुछ पता नहीं, और शायद जो वह समझ रहा है, वह पूर्ण सत्य नहीं। यही वह प्रथम क्षण होता है जब भीतर की ज़मीन थोड़ा-सा हिलती है, और हम अपनी ही समझ, अपनी धारणाओं और अपने निष्कर्षों को पहली बार एक दूरी से देखने लगते हैं। जब मन अपने ही तर्कों पर प्रश्नचिह्न लगाने लगता है, तभी भीतर कहीं एक दीपक पहली बार टिमटिमाता है। यह प्रकाश बहुत तेज़ नहीं होता, पर इतना अवश्य होता है कि भीतर के अंधेरे को चुनौती दे सके। दूसरे चरण में हमें इन सवालों के उत्तर खोजने के लिए अपने ही भीतर उतरना पड़ता है,वहां जहां अक्सर हम जाना नहीं चाहते। यह यात्रा कभी बाहर की दुनिया में चलती है,तो कभी भीतर की गलियों में। कभी मन की पुरानी परतें खुलती हैं,तो कभी दूसरों की संवेदनाएं हमें नया आईना दिखाती हैं। धीरे-धीरे हम उस अवस्था में पहुंचते हैं! जहां आंखों से कम और हृदय से अधिक देखा जाता है। फिर आता है वह कठिन चरण,जहां समझ सिर्फ़ एक विचार नहीं रहती, वह जीवन बन जाती है। सीख को व्यवहार में उतारना, उसे आदतों, स्वभाव और निर्णयों में पिरोना, यही परिवर्तन का वास्तविक प्रारंभ है। इन्हीं चरणों से गुजरते-गुजरते एक दिन यह एहसास गहराई से बैठ जाता है कि हमारी रायें, विचार और मान्यताएं कुछ भी स्थिर नहीं हैं। सब कुछ बदलता रहता है इसीलिए न किसी निष्कर्ष पर अहंकार उचित है, न किसी मत पर अंतिम मुहर। जीवन निरंतर बहती हुई नदी है,और हमें भी उसके हर मोड़ के साथ स्वयं को नए रूप में गढ़ते रहना पड़ता है। जब यह साधना बार-बार दोहराई जाती है, तब कहीं जाकर हम सही और गलत के उस बेहद सूक्ष्म अंतर को पहचान पाते हैं, वह अंतर जो किसी पहाड़ जितना विशाल नहीं,बल्कि किसी नाजुक रेखा-सा महीन होता है। इसीलिए जीवन का हर पल, हर कदम ,थोड़ी-सी और जागरूकता,थोड़ा-सा और धैर्य, थोड़ी-सी और विनम्रता मांगता है। यही निरंतर सजगता मनुष्य को भीतर से परिपक्व बनाती है। आत्मबोध कोई लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सतत बहती हुई साधना है। जो हर दिन, हर अनुभव और हर चुनौती के साथ हमें फिर से गढ़ती, संवारती और नया बनाती रहती है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर युग में प्रासंगिक 'महादेव'



संकलित
**दर्शन**

कुछ दिन पहले किसी ने मुझसे पूछा कि क्या मैं आदियोगी शिव का प्रशंसक हूं। प्रशंसक होने का अर्थ है कि उसकी भावनाओं से जुड़ जाना। मेरे साथ ऐसा नहीं है। मैं शिव को महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, क्योंकि उनका योगदान काल के परे है। इसलिए वे सदा प्रासंगिक हैं। किसी भी पीढ़ी में किसी इंसान की प्रशस्ति उस योगदान के लिए की जाती है, जो उसने उस पीढ़ी या आने वाली पीढ़ियों के लिए किया है। इस धरती पर कई ऐसे लोग आए हैं, जिन्होंने दूसरों के जीवन में योगदान किया है। जो उस समय की जरूरत के अनुसार था, वह उसे लेकर आया। गौतम बुद्ध के समय समाज कर्मकांडों में लिपटा हुआ था। जब उन्होंने बिना किसी कर्मकांड के आध्यात्मिक प्रक्रिया शुरू की तो वह लोकप्रिय हो गए। अगर समाज में कर्मकांड नहीं होते, तो वह इतने महत्वपूर्ण नहीं होते। कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण थे, लेकिन फिर भी, यदि पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध नहीं होता, तो वह सिर्फ अपने आसपास की जगहों पर प्रभावशाली होते। आदियोगी या शिव का महत्व यही है कि उनके साथ ऐसी कोई घटना नहीं हुई। कोई युद्ध नहीं हुआ, कोई टकराव नहीं हुआ। उन्होंने मानव चेतना को इस प्रकार से विकसित करने के साधन और तरीके दिए कि वे हर युग में प्रासंगिक रहें। हमने उन्हें महादेव की उपाधि दी, क्योंकि उनके योगदान के पीछे की बुद्धि, दृष्टि और ज्ञान अद्भुत है।

# जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे



संकलित
**प्रेरणा**

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियाँथीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहा: लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछा: क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोला: पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इन्द्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी। यह बात हमें भी अपने जीवन में उतार लेनी चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी चल रहा है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। **-चेतन वर्मा**, दुर्ग

## ट्रेंड

### जैव विविधता की रक्षा



स्वस्थ मिट्टी जीवन का आधार है। आइए धरती की जैव विविधता की रक्षा करें, इसकी मज़बूती बहाल करें और यह सुनिश्चित करें कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवित रहे। हर पारिस्थितिकी तंत्र मिट्टी से ही शुरू होता है। आइए इस ग्रह के लिए खड़े हों।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### सरकार का एकाधिकार



इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है - देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में। भारत हर क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा का हकदार है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### भारत की बढ़ती ताकत



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यह टिप्पणी कि कोई भी शक्ति भारत पर हावी नहीं हो सकती, प्रशंसा से बढ़कर है, यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती ताकत की मान्यता है। एक नया भारत ऊँचा खड़ा है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### भाजपा के असली इरादे



एसआईआर को लेकर भाजपा के असली इरादे अब सामने आ गए हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जनता को सीधी धमकी दी है कि जिनके नाम इसमें शामिल नहीं होंगे, उनकी सरकारी सुविधाएँ समाप्त कर दी जाएंगी।
**- कमलनाथ, पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश**

## करंट अफेयर

# हेगसेथ ने योजना साझा कर सैनिकों को खतरे में डाला



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यमन में हूती विद्रोहियों पर होने वाले सैन्य हमले से संबंधित संवेदनशील योजनाएं अपने निजी फोन से साझा करके अमेरिकी सैनिकों को जोखिम में डाल दिया। पेंटागन के महानिरीक्षक की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में रक्षा मंत्रालय में अनुमोदित नहीं किए गए मैसेजिंग ऐप और उपकरणों के उपयोग की भी आलोचना की गई है। निरीक्षक ने पाया कि हेगसेथ के पास 'सिग्नल चैट' नामक मैसेजिंग ऐप में साझा की गई जानकारी को 'डी-क्लासिफाई' यानी गोपनीय श्रेणी से हटाने का अधिकार था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हूती विद्रोहियों पर होने वाले हमले का संवेदनशील विवरण जारी करना, पेंटागन के आंतरिक नियमों का उल्लंघन है। इससे अभियान में शामिल सदस्यों या उनके मिशन को खतरा हो सकता था। रिपोर्ट के अनुसार, हेगसेथ द्वारा साझा की गई जानकारी में अमेरिकी विमानों के उड़ान समय और संख्या जैसे विवरण थे, जिसने परिचालनीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा किया। रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अभियान विफल हो सकता था और अमेरिकी पायलटों को संभावित नुकसान पहुंचने की आशंका थी।

## ऑफ बीट

# संदर्भ स्पष्ट नहीं तो शब्दों का जबरदस्ती अनुवाद क्यों




अगर आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में पारंगत हैं तो आपने गौर किया होगा कि कुछ शब्दों का सटीक अनुवाद करना नामुमकिन होता है। किसी वस्तु के 'शिबुई' (एक प्रकार की सरल लेकिन कालातीत रूप से सुंदर) पर अचंभित होने वाले जापान के एक डिजाइनर अंग्रेजी में इसके लिए सटीक समानार्थी शब्द के अभाव से असमंजस में पड़ सकते हैं। पुर्तगाली भाषी लोग 'सौदादे' को व्यक्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जो लालसा और उदासी का मिश्रण है। वहीं वेल्स के लोगों को 'हिराएथ' का अनुवाद करने में और भी ज्यादा मुश्किल होगी। भाषाई कैद विभिन्न भाषाओं के शब्द उनके बोलने वालों के विचारों और अनुभवों को अलग-अलग ढंग से विभाजित व संकुलित कर सकते हैं तथा 'भाषाई सापेक्षता' के सिद्धांत को मजबूती प्रदान करते हैं। 'सपिर-वॉर्फ' परिकल्पना के रूप में जाना जाने वाला यह सिद्धांत आंशिक रूप से अमेरिकी भाषाविद् एडवर्ड सपिर के 1929 के दावे से सामने आया है। सपिर ने दावा किया था कि भाषाएं लोगों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम करती हैं। अगर दानिश भाषी लोगों को 'हाइगे' का अनुभव होता है तो उनके पास इसके बारे में बात करने के लिए एक शब्द होना चाहिए लेकिन अगर अंग्रेजी भाषा में ऐसा नहीं होता है तो हमारे पास भी इसका अनुवाद नहीं होगा।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




# आदित्य रिखारी के नाम रहा एम्स रेटीना 8.0, मंच पर आते ही सीटियों से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स रेटीना 8.0 में गुरुवार शाम गीतों भरी शाम में आदित्य रिखारी के म्यूजिकल कॉन्सर्ट ने संगीत प्रेमियों में जोश भर दिया। स्टूडेंट्स की भारी भीड़, जगमगाती लाइट्स और गूंजते सुरों ने पूरे वातावरण को ऊर्जा और रोमांच से भर दिया। स्टेज पर एंट्री करते ही आदित्य के फेंस ने तालियों की गड़गड़ाहट और सीटियों से उनका स्वागत किया। जैसे ही आदित्य रिखारी ने मंच पर कदम रखा, दर्शकों की तालियों और शोर ने माहौल को इलेक्ट्रिफाय कर दिया। आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा और लोग सीटों से उठकर झूमने लगे। एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने आदित्य के मयूजिकल कन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया।

**>> आदित्य के पहले ही गीत पर पूरा हॉल उनके साथ गुनगुनाने लगा,झूमती नजर आईं छात्राएं**

**>> एक के बाद एक हिट गानों की लड़ी ने म्यूजिकल कॉन्सर्ट को जोश और जज्बे से भर दिया**






### नाम तुम्हारा ने खोल दिया एहसासों का दरवाजा

बीच-बीच में आदित्य ने दर्शकों से बातचीत की, उनके चीयर्स का जवाब दिया और कुछ फैंस को मंच के पास आकर अभिवादन भी किया। आदित्य के सुपरहिट सांग पर पूरा ऑडिटोरियम एक साथ उसकी लाइनें गुनगुनाता नजर आया। वह पल मानो लाइव कॉन्सर्ट नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव बन गया। कॉन्सर्ट के दरमियां उनके सुपरहिट गीत नाम तुम्हारा जब लू मैं, दिल ये मेरा धड़के ज्यादा.... भीड़ ने एक सुर में साथ गुनगुनाकर माहौल को रोमांटिक बना दिया।

### एक से बढ़कर एक पापुलर सांग्स पर झूमे श्रोता

कॉन्सर्ट के दौरान आदित्य ने अपने पॉप्युलर सॉन्ग्स तेरी याद..., साहिबा..., क्या करें..., नासमझ... और पारो.... जैसे एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर मेडिकल स्टूडेंट्स की शाम को और भी सुहाना बना दिया। किसी ने मोबाइल की फ्लैशलाइट्स ऑन कर दी, तो कोई वीडियो बनाता नजर आया, वहीं कोई तालियों की गूंज में डूबा हुआ नजर आया। उनकी आवाज और संगीत की धुनों ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

---

**मंत्री कृष्णा की नाराजगी के बाद...**

## *अवधपुरी से एसओएस तक सीसी रोड से हटेंगे बिजली के पोल, जल्द बनेगी सड़क*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल क्षेत्र की अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक करीब तीन करोड रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड के दोनों तरफ लगे दो दर्जन से ज्यादा बिजली के पोल जल्द ही शिफ्ट होंगे। इसके कारण रोड निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था जबकि भूमिपूजन चार माह पहले हो चुका है। बीते सप्ताह क्षेत्रीय विधायक व मंत्री कृष्णा गौर ने उक्त मामले लेकर समीक्षा बैठक में नाराजगी व्यक्त करते हुए बिजली के पोल शिफ्ट करने और रोड का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिए थे।

**चार माह पहले हो चुका है साढ़े तीन लाख से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन**

अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक सवा तीन करोड के सीसी रोड का निर्माण होना है। इसके बन जाने से अवधपुरी से लगी एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों का सीधा जुडाव एसओएस बालग्राम के फोरलेन से हो जाएगा। इस रोड का सीधा जुडाव रायसेन रोड और मंडीदीप बायपास से है। इससे अवधपुरी से बरखेडा मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। जंबूरी मैदान पर आए दिन होने वाले सरकारी कार्यक्रमों व वीआईपी मूवमेंट होने पर जाम के हालात नहीं बनेंगे और लोगों की आवाजाही भी सामान्य रूप से चलती रहेगी। इस दृष्टि से उक्त रोड निर्माण के लिए योजना बनाई गई थी।

इस संबंध में मंत्री कृष्णा गौर का कहना है कि अवधपुरी से एसओएस बालग्राम तक सीसी सडक बनना है। बिजली के पोल नहीं हटने के कारण देरी हुई। जल्द ही रोड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

---

### मिली एनओसी, प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए तैयार

# भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह शहर के लोगों को फ्री यात्रा का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किराया निर्धारित, पहले सप्ताह के बाद 20 से 50 रुपए में मिलेगा टिकट

13 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली करेंगे लोकार्पण, शासन को भेजा प्रस्ताव

भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर राजस्व परिचालन के लिए अब पूरी तरह तैयार है। भोपाल मेट्रो को सीएमआरएस से एनओसी मिल गई है। इसके लिए 13 दिसंबर तारीख तय की गई है। भोपाल मेट्रो के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इंदौर की तर्ज पर भोपाल में भी पीएम वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर मेट्रो का लोकार्पण करेंगे। भोपाल में भी इंदौर की तर्ज पर किराया रहेगा। कम से कम 20 रुपए और अधिकतम 50 रुपए किराया रहेगा।

एमपी मेट्रो ने गुरुवार को भोपाल मेट्रो का किराया घोषित कर दिया है। मेट्रो संचालन की अनुमति कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) से मिलने के बाद अब लोकार्पण की संभावित तारीख भी तय कर दी गई है। भोपाल मेट्रो के डीजीएम स्पेशल अरविंद सोनी ने बताया कि शासन को 13 दिसंबर का प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन तारीख की आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। तारीख मिलते ही औपचारिक उद्घाटन की घोषणा कर दी जाएगी। सुभाष नगर से एम्स तक 7.5 किमी के इस कारिडोर पर मेट्रो की शुरुआत से भोपाल की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की उम्मीद है। शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी और तेज, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन का अनुभव मिलेगा। सीएमआरएस की मंजूरी के बाद उद्घाटन की तारीख का इंतजार कर रहा है। जैसे ही मुख्यमंत्री कार्यालय से तारीख तय होगी, भोपाल मेट्रो का नया सफर शुरू होगा।

**फेयर कमेटी का गठन न होने से महिला,सीनियर सिटीजन, स्टूडेंट्स की स्कीम तय नहीं**



भोपाल मेट्रो के लिए स्टेशन बनकर तैयार है।

भोपाल मेट्रो में पहले सप्ताह सभी यात्रियों को बिना टिकट फ्री सफर का मौका मिलेगा। इस दौरान बेस फेयर पर 100 फीसदी छूट लागू रहेगी। इसके बाद यात्रियों को किराए में विभिन्न चरणों में छूट दी जाएगी। चूंकि फिलहाल फेयर कमेटी का गठन नहीं हुआ है। इस कारण बेस फेयर में महिला, स्टूडेंट्स, सिनीयर सिटीजन के लिए स्कीम तय नहीं हुई है। मेट्रो के अधिकारी बताते हैं कि बेस फेयर इंदौर मेट्रो की तरह रखा जाएगा।

#### प्रायोरिटी कॉरिडोर के लिए भोपाल मेट्रो का किराया तय

एमपी मेट्रो ने फिलहाल 7.5 किमी के प्रायोरिटी कारिडोर के लिए किराया तय किया है। यह किराया संचालन शुरू होते ही लागू होगा। यह आरेंज लाइन कारिडोर के 30 स्टेशनों के लिए निर्धारित दरों का हिस्सा है, हालांकि शुरुआत में सिर्फ प्रायोरिटी कारिडोर पर ही सेवा उपलब्ध होगी।

#### सुबह 8 से रात 8 बजे तक मिलेगी मेट्रो सेवा

- हर 30 मिनट में मिलेगी मेट्रो, सुबह 8 से रात 8 तक सेवा
- प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो सेवा सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी।
- हर 30 मिनट में एक मेट्रो स्टेशन पर पहुंचेगी। सुभाष नगर से एम्स और एम्स से सुभाष नगर तक कुल 50 फेरे लगाए जाएंगे। दोनों दिशाओं में 25-25 फेरे चलेंगे।

#### लगातार ट्रायल रन जारी

फिलहाल भोपाल मेट्रो का ट्रायल रन लगातार जारी है। इस ट्रायल को बिल्कुल वास्तविक परिस्थितियों जैसा बनाया गया है। स्टाफ टिकट खरीदता है। लगेज की जांच होती है। यात्री प्रतीक्षा करते हैं। मेट्रो आगमन के बाद यात्री चढ़कर अगले स्टेशन तक यात्रा करते हैं। इस प्रक्रिया के जरिए मेट्रो संचालन में कोई तकनीकी या प्रबंधन संबंधी कमी न रहे, इसका परीक्षण किया जा रहा है।

---

### भीड़ ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

## सात साल की बच्ची के साथ 17 साल के किशोर ने किया दुष्कर्म का प्रयास



बाल अपचारी को पुलिस को सौंपने के बाद थाने के बाहर जमा भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**शाहजहांनाबाद क्षेत्र के बाबे अली मैदान के पास खंडहर की घटना**

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित बाबे अली मैदान के पास गुरुवार दोपहर कुछ जागरूक लोगों की मदद से बड़ी घटना होते होते टल गई। दरअसल, एक 17 साल का नाबालिग मोहल्ले में रहने वाली सात साल की बच्ची को मोबाइल दिखाकर अपने साथ खंडहर में ले गया था और वहां उसके कपड़े उतारने लगा। इसी बीच कुछ जागरूक लोगों की नजर उस पर पड़ गई। उन्होंने नाबालिग को पकड़कर डायल 112 को सूचना दे दी। डायल 112 बच्ची और नाबालिग को लेकर थाने पहुंची थी। वहां नाबालिग के खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बालअपचारी को किशोर न्यायालय में पेश कर बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

पुलिस के अनुसार 7 साल की बच्ची मूलतः छिंदवाड़ा जिले की रहने वाली है। उसके माता पिता शाहजहांनाबाद इलाके में रहते हैं और मजदूरी करते हैं। इसी इलाके में 17 साल का नाबालिग रहता है। वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। उस पर पूर्व में झपटमारी का प्रकरण दर्ज है। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे उसने मोहल्ले में रहने वाली बच्ची को मोबाइल दिखाया और मोबाइल दिखाकर अपने साथ खंडहर तक ले पहुंचा। इसी बीच परी बाजार की बिल्डिंग से एक युवक ने उसे खंडहर में बच्ची को ले जाते हुए देख लिया। वह अपने साथियों के साथ खंडहर में पहुंचा। इस दौरान नाबालिग बच्ची के कपड़े उतारते नजर आया। युवक ने अपने साथियों के साथ उसे मौके पर ही पकड़ लिया और डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिग को पकड़कर थाने ले आई। वहां उसके खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

---

## बिलासपुर के स्कूलों में कहीं फायर सिलिंडर खाली, कहीं मिला ही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद बिलासपुर के अधिकांश सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र की सुविधा नहीं है। जहां यह उपलब्ध हैं, वहां सालों से रिफिलिंग न होने के कारण बेकार पड़े हुए हैं। शिक्षकों ने रिफिलिंग के लिए फंड न होने को कारण बताया। स्कूलों में आग लगने की स्थिति में हालात कितने गंभीर हो सकते हैं, इसका अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है। सरकारी स्कूलों में आगजनी की स्थिति में फायर सेफ्टी व्यवस्था बदहाल है। कुछ स्कूलों में कई वर्ष पहले फायर इंस्टिग्यूशर सिलिंडर दिए गए थे, जो अब खाली पड़े हैं और रिफिलिंग नहीं कराई गई है। कई स्कूलों में प्राचार्यों ने स्वीकार किया कि उनके यहां अग्निशमन यंत्र उपलब्ध ही नहीं है। कुछ स्कूलों के स्टाफ को यह भी पता नहीं था कि कभी फायर एक्सटिंग्यूशर दिया गया था या नहीं। शिक्षा विभाग की यह लापरवाही दर्शाती है कि सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं और निगरानी पूरी तरह बंद है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन और शिक्षा विभाग के गंभीर नहीं होने से खतरा बढ़ सकता है।

#### राजेंद्र नगर स्कूल में सिलिंडर खाली, रिफिलिंग के लिए फंड नहीं

राजेंद्र नगर स्थित गजानन सारथी स्कूल में प्राचार्य ने बताया कि वर्षों पहले अग्निशमन यंत्र दिया गया था, लेकिन रिफिलिंग के लिए फंड जारी नहीं हुआ। टीम ने देखा कि सिलेंडर एक कोने में निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा था। रिफिलिंग वर्ष 2012 और फिर 2015 में हुई थी, इसके बाद सिलेंडर धूल खाता पड़ा है।

#### आंबेडकर स्कूल में सिर्फ बाल्टी थी, वह भी चोरी हो गई

स्वामी आत्मानंद डॉ. बीआर आंबेडकर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य गोपाल मिश्रा ने बताया कि स्कूल को अग्निशमन यंत्र दिया ही नहीं गया। फायर सेफ्टी के लिए रखी गई एक बाल्टी थी, जो चोरी हो गई। आपात स्थिति में स्कूल में बोरिंग का उपयोग किया जा सकता है या पुलिस एवं फायर ब्रिगेड से संपर्क किया जाएगा।

#### लाजपतराय स्कूल के प्राचार्य को ही नहीं जानकारी

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, लाला लाजपतराय नगर में फायर सेफ्टी सिलिंडर है या नहीं, इस पर प्राचार्य अनामिका तिवारी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में ज्वाइन किया है और उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। स्टाफ को भी पता नहीं था कि स्कूल में अग्निशमन यंत्र मिला था या नहीं।

---

### दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर लाइसेंस रद्द किया जाएगा

## फायर एनओसी और पीसीबी अवधि खत्म 16 अस्पतालों को सीएमएचओ का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के 16 निजी अस्पतालों को फायर एनओसी और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की समाप्त वैधता के कारण सीएमएचओ कार्यालय ने कारण-बताओ नोटिस भेजे हैं। समय पर दस्तावेज नहीं देने पर अस्पतालों का लाइसेंस रद्द किया जाएगा। नर्सिंग होम पोर्टल पर नियमित निरीक्षण के दौरान यह अनियमितताएं सामने आई हैं। इन अस्पतालों को मध्यप्रदेश उपचयार्गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 की धारा 6(1) के तहत दो सप्ताह के भीतर वैध प्रमाणपत्र जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित अस्पतालों का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि अस्पताल संचालन की अनुमति के लिए फायर एनओसी, डॉक्टर और पैरामेडिकल कर्मचारियों की डिग्री-रजिस्ट्रेशन, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सहित सभी अनिवार्य दस्तावेजों की समय-समय पर जांच की जाती है। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में वैध प्राधिकरण जमा न करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी।

#### इन अस्पतालों को जारी हुए नोटिस

- माहेश्वरी हॉस्पिटल
- रेडक्रॉस हॉस्पिटल
- राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल
- लक्ष्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
- सिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
- प्रयास हॉस्पिटल
- डीकेएस हॉस्पिटल
- महर्षि वैदिक हेल्थ सेंटर
- नेत्रिका नेत्रालय
- दुलार चिल्ड्रन हॉस्पिटल
- आयुष हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर
- प्रभात श्री हॉस्पिटल
- दीपशिखा हॉस्पिटल
- श्री बालाजी हॉस्पिटल
- ट्रिनिटी हॉस्पिटल

---

विवाद में डंडे से पत्नी का सिर फूटा तो किया हमला

## रोज-रोज की लड़ाई से परेशान होकर पत्नी ने पति की हत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

शराब के नशे में धुत्त पति के साथ रोजाना हो रहे विवाद से त्रस्त होकर पत्नी ने पत्थर के जांता (चक्की) से सिर एवं सीने में वार हत्या कर दिया। घटना के बाद शव रात भर कमरे में पड़ा। सुबह स्वजन को जानकारी हुई, तब पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।

घटना कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम तुमान का तिलयारी मोहल्ला में गुरुवार की रात हुई। यहां निवासररत मनहरण यादव 40 वर्ष शराब पीकर घर पहुंचा और पत्नी कविता यादव 37 वर्ष के साथ विवाद करने लगा। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मनहरण ने कविता पर डंडा से इतना मारा की, कि उसका सिर फूट गया एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी। रोज-रोज के विवाद एवं डंडा से मारपीट किए जाने से आक्रोशित होकर कविता ने पास ही रखे पत्थर के जांता से मनहरण पर हमला कर दिया।

#### पत्नी ने उसके सिर एवं सीने पर वार किया

*पत्नी ने पति के सिर एवं सीने पर वार किया। गंभीर रूप से चोट लगने पर मनहरण की स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद शव स्थल पर ही पड़ा रहा। सुबह होने पर स्वजन और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी टीम और फॉरेंसिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे।*

#### आरोपी महिला के छह पुत्री तथा दो पुत्र

*मौके का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही आरोपी पत्नी कविता यादव को गिरफ्तार पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि विवाद बढ़ने एवं डंडे से मारपीट किए जाने से नाराज होकर कविता ने पत्थर से वार कर दिया। इससे मनहरण की मौत हो गई। मनहरण यादव एवं कविता यादव की छह पुत्री तथा दो पुत्र हैं।*

---

### अब तक 15 लाख 28 हजार 495 वोटर्स के गणना पत्रक हुए डिजिटाइज

## वीआईपी वोटर्स को कॉल, छह विधानसभा के सवा तीन लाख मतदाताओं की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं पर किए जा रहे एसआईआर का काम जारी है। अब तक 15 लाख 28 हजार 495 के गणना पत्रक डिजिटाइज कर दिए गए हैं, जबकि 2 लाख 70 हजार 324 मतदाता अनकलेक्टेबल केटगरी में दर्ज किए गए हैं। ऐसे में अब भी 3 लाख 27 हजार 89 वोटर ने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं। जिसको लेकर गुरुवार को कलेक्टर ने सभी ईआरओ से सर्चिंग एक बार फिर से करने की हिदायत दी है। जिसको देखते हुए बीएलओ ने दोबारा से इन मतदाताओं को फोन करना शुरू कर दिया है। इधर कलेक्टर ने शहर के जज, अफसर, वकील, पत्रकारों को भी रेंडमली कॉल कराए जा रहे हैं, जिससे कोई भी गणना पत्रक भरने से नहीं छूटे।

**सबसे पहले काम खत्म करने पर बैरसिया की टीम को शिकारे में घुमाया**



बड़े तालाब में शिकारे की सैर करती बैरसिया टीम।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैरसिया विधानसभा में एसआईआर का काम पूरा करने पर एसडीएम आशुतोष शर्मा, तहसीलदार दिलीप चौरसिया सहित 35 लोगों की टीम का सम्मान किया। जिसके बाद टीम के सदस्यों को बड़े तालाब में शिकारे की सैर कराई गई। कलेक्टर ने कहा कि इस काम में सबसे बड़ा योगदान बीएलओ का है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य विधानसभाओं के ईआरओ को भी जल्द एसआईआर का काम निपटाने की हिदायत दी।

#### गोविंदपुरा विधानसभा में 90 हजार वोटर्स की तलाश

जिले की सातों विस में गोविंदपुरा विस का काम पीछे चल रहा था। यहां अब तक 77 फीसद ही काम किया गया है। ऐसे में यहां 90 हजार वोटर्स अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने गणना पत्रक वापस नहीं किए हैं। दक्षिण पश्चिम में 45 हजार मतदाताओं की तलाश की जा रही है। शुरुआत से ही मृतक, शिफ्टेड और गायब मतदाताओं के बारे में पता था। बीएलओ को इनसे जुड़े दस्तावेज या जानकारी जुटाने की हिदायत दी गई। चार दिसंबर आने के पहले इन मतदाताओं की जानकारी एप में दर्ज कर दी गई।

पौष मास के एक माह का सूर्य-अर्चन अनुष्ठान ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज के सान्निध्य में हुई विधिवत शुरुआत

## सूर्योपासना महापर्व का शुभारंभ

# भगवान सूर्य सम्पूर्ण जगत के अंधकार नाशकः ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में पौष मास के पावन आगमन के साथ ही सूर्योपासना महापर्व का शुभारंभ गुरुवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपरा के बीच हुआ। विश्वकल्याण की भावना से परिपूर्ण यह अनुष्ठान पूरे एक माह चलेगा जिसमें प्रतिदिन भगवान सूर्यनारायण की विशेष वैदिक विधियों से पूजा-अर्चना संपन्न होगी। अनुष्ठान की शुरुआत भगवान शिव के अभिषेक से हुई, जिसके उपरांत 5100 गुलाबों की सुगंधित पंखुड़ियों से सहस्त्रार्चन का दिव्य आयोजन किया गया। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज के सान्निध्य में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारों के साथ सूर्य अर्चन सम्पन्न हुआ। पूरा परिसर वैदिक ध्वनियों, ध्यान, तप और शुभ संकल्पों से गूंज उठा।



### अनुष्ठान नहीं, ग्रहण करने का माध्यम

इस अवसर पर भक्तों को सूर्य अर्चन की महत्ता बताते हुए ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज ने कहा भगवान सूर्यनारायण हमारे बीच प्रत्यक्ष रूप में विद्यमान हैं। उनका तेज अथाह, ज्ञान अपार और कृपा अनंत है। वेदत्रय के स्वरूप, अग्नि और चन्द्रमा रूप जगत के कारण तथा सुषुम्न नामक परमतेज के धारणकर्ता भगवान सूर्य सम्पूर्ण सृष्टि के संचालक हैं। उन्होंने आगे कहा कि सूर्य के उदित हुए बिना कोई भी मनुष्य सत्कर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकता। सूर्योपासना मात्र धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह जीवन के प्रत्येक क्षण में प्रकाश, ऊर्जा, बुद्धि और सकारात्मकता को ग्रहण करने का माध्यम है। सूर्य सम्पूर्ण जगत के अंधकार को नष्ट कर धर्म, कर्म और सत्य के मार्ग को प्रकाशित करते हैं। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद ने सूर्य को मुक्ति के द्वार तथा तेजस्विता और जीवन-संवर्धन के मूल स्रोत के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि पौष मास में किया गया सूर्य अर्चन साधक को मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक संतुलन प्रदान करता है।

### यह रहे उपस्थित

मठ परिसर में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। जिनमें मधु यादव, मनीष पांडेय, आदम बाजपेई, श्रीमती नीता पटेल, पद्मा मेनन, रिचा मिश्रा, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, सोनल कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए।



# मुरारी बापू की रामकथा आज से

**जबलपुर।** साइंस कॉलेज ग्राउंड सिविल लाइंस में संत मुरारी बापू की रामकथा का आयोजन आज 6 से 14 दिसम्बर तक किया जाना है। आयोजकों ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुरारी बापू राम चरित मानस के एक प्रसिद्ध व्याख्याता हैं और पिछले 65 वर्षों से दुनिया भर में रामकथा का वाचन कर रहे हैं। उनकी कथा का समग्र सार सार्वभौमिक शांति और सत्य, प्रेम एवं करुणा का संदेश फैलाना है। यद्यपि उनका मुख्य विषय स्वयं धर्मग्रंथ है, बापू अन्य धर्मों के उदाहरणों का भी हवाला देते हैं और सभी धर्मों के लोगों को प्रवचनों में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। ओशो की स्मृति और उनकी जयंती के उपलक्ष्य में जबलपुर में राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। 1931 में जबलपुर के पास कुचवाड़ा में जन्मे प्रबुद्ध रहस्यदर्शी ओशो के जीवन में जबलपुर का एक पवित्र स्थान है। शांत नर्मदा नदी के किनारे, उनकी आंतरिक जागृति की यात्रा सर्वप्रथम आरंभ हुई थी। 11 दिसंबर को मनाया जाने वाला ओशो जन्म महोत्सव, ध्यान, प्रवचनों और आनंदपूर्ण उत्सव के माध्यम से दुनिया भर में भक्ति और श्रद्धा के साथ जागरुकता, प्रेम और आंतरिक शांति के उनके दिव्य दर्शन का सम्मान करते हुए मनाया जाता है। मुरारी बापू की रामकथा आज 6 दिसंबर को सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक एवं 7 दिसंबर से 14 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से 1.30 बजे तक निरंतर जारी रहेगी।



## स्वस्थ शहरों के लिये स्वस्थ मिट्टी थीम पर किया गया जागरूक

# जनेकृविवि में मनाया गया विश्व मृदा दिवस

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में विश्व मृदा दिवस "स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी" थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस, जबलपुर चेप्टर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा में मृदा विशेषज्ञों ने मिट्टी के स्वास्थ्य, जैविक खेती और बायो फर्टिलाइजर के महत्व पर जोर दिया। डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने कहा कि मिट्टी की सतत निगरानी और उचित प्रबंधन टिकाऊ खेती के लिए आवश्यक है। डॉ. बी. एस. द्विवेदी ने शहर को स्वस्थ रखने के लिए मिट्टी की देखभाल पर नागरिकों को जागरूक होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. अमित उपाध्याय ने मिट्टी की गुणवत्ता और उसमें सूक्ष्मजीवों की भूमिका पर प्रकाश डाला। दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी और छात्रों के विचार साझा करने जैसी गतिविधियां भी शामिल रहीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## 'कॉलेज चलों अभियान' सत्र 2026-27 के प्रथम चरण का शुभारंभ

**जबलपुर।** पी.एम.श्री. केंद्रीय विद्यालय क्र. 2, जी.सी.एफ., जबलपुर में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर के द्वारा "कॉलेज चलो अभियान" सत्र 2026-27 का आज से शुभारंभ करते हुये, प्रो. अरुण शुक्ल, नोडल अधिकारी द्वारा विद्यालय के 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,



शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर की विभिन्न शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तिओं, बस सुविधा एवं ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रकिया की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय विषय चयन में विद्यार्थी अपनी अभिरुचि एवं क्षमताओं को ध्यान रखकर विषयों का चयन करें। विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार विषयों का चयन कर अपने कॅरियर को दिशा प्रदान करें। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य श्रीमती आशिमा गोयल, एस.के.मिश्रा, लक्ष्मण सिंह, मनीष रघुवंशी के साथ लगभग 78 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत

**जबलपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी छत्रिय महासभा के सैकड़ों सदस्यों ने आज जबलपुर के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि जिला सागर सन्दई मडिया निवासी मुरारी पांडे के द्वारा जिला कुर्मी समाज एवं किसानों के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जो कि सोशल मीडिया में वायरल है। समाज विशेष के प्रति अमानवीय भाषा, गाली गलौज एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणी से न केवल कुर्मी समाज, किसानों में, बल्कि अन्य समाज में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह की टिप्पणियां सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ने वाली हैं, विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य उत्पन्न करने वाली तथा शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे संभागीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी छत्रिय महासभा के विवेक पटेल ने बताया कि उक्त व्यक्ति पर मामूली धारा लगाकर कार्रवाई की गई है, हम जबलपुर के कुर्मी समाज के सभी लोग मुरारी पांडे पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की मांग करते हैं, अतः जल्द से जल्द इस गंभीर विषय पर पुलिस प्रशासन संज्ञान ले अन्यथा अखिल भारतीय कुर्मी छत्रिय महासभा मध्य प्रदेश संपूर्ण मध्य प्रदेश में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपते समय संभागीय अध्यक्ष विवेक पटेल, जिला अध्यक्ष चौधरी, राजकिशोर पटेल, संभागीय अध्यक्ष महिला संगठन श्रीमती सविता पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, केके पटेल, अरविंद पटेल सहित सैकड़ों की तादाद में कुर्मी छत्रिय समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रवेश पोर्टल पुनः खोलने डी फार्मा जबलपुर इकाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** डी फार्मा पाठ्यक्रम का परिणाम 2 दिसंबर 2025 को जारी किया गया, जबकि बी-फार्मा एवं अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश पोर्टल 30 अक्टूबर 2025 को ही बंद कर दिया गया था। इस कारण हजारों योग्य डी फार्मा छात्र प्रवेश प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं।



छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षित युवा संघ जबलपुर इकाई द्वारा आज दोपहर 12:30 बजे कलेक्टर कार्यालय, जबलपुर में पहुँचकर DTE Admission Portal को पुनः खोलने की माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। NEYU ने कहा कि परिणाम देर से आने की वजह से छात्रों का एक वर्ष व्यर्थ नहीं होना चाहिए। NEYU ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि Portal Reopen नहीं किया गया, तो संगठन प्रदेश-स्तर पर बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा। आज ज्ञापन सौंपने के दौरान नीरज शर्मा (जिलाध्यक्ष), अविनाश गोस्वामी, धीरज शर्मा, आयुष राजपूत, यशराज मौर्य, विपिन, आदित्य साहू, विश्वकर्मा, मनीष प्रजापति, आकाश यादव, देव कुमार, सौरव यादव उपस्थित थे।

## लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सांसद ने जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर स्थापित किये जाने की बात रखी

# डिफेंस क्लस्टर की स्थापना के लिये जबलपुर है पूरी तरह अनुकूल : सांसद

हरिभूमि, जबलपुर।

सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर स्थापित करने की बात तथ्यात्मक रूप से सरकार के समक्ष रखी है। शुक्रवार को लोकसभा में पदेन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी के समक्ष शीतकालीन सत्र में दिए गये उद्बोधन के दौरान सांसद आशीष दुबे ने इस आशय की बात कही। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर में रक्षा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठान कार्यरत हैं जिनमें व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर, ऑर्डेनेंस फैक्ट्री जबलपुर, गन कैरिज फैक्ट्री जबलपुर शामिल हैं, जिस कारण जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर बनाया जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि जबलपुर मध्यप्रदेश का प्रमुख शहर है जिसका समृद्धशाली इतिहास है एवं नगर डिफेंस क्लस्टर स्थापित किये जाने के लिये पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में 5 विश्वविद्यालय भी हैं और पर्यटन की दृष्टि से भी जबलपुर अत्यंत महत्वपूर्ण नगर है। सांसद श्री दुबे ने आगे कहा कि डिफेंस क्लस्टर की स्थापना से जबलपुर में विकास की गति बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाशाली युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वहीं नगर में हर विधा के पारंगत युवाओं को डिफेंस क्लस्टर के माध्यम से भविष्य की नई दिशा मिल सकेगी।



सांसद श्री दुबे ने बताया कि डिफेंस क्लस्टर स्थापित होने से में वृद्धि के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को भी गति मिलेगी जिससे उन्नत रक्षा उत्पादों का विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि जबलपुर में प्रमुख 3 आयुध संस्थानों के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र के अन्य संस्थान भी कार्यरत हैं और डिफेंस क्लस्टर बनने से जबलपुर में संबंधित उद्योगों का विकास हो सकेगा साथ ही नया निवेश आने से देश के आर्थिक विकास की गति भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि डिफेंस क्लस्टर बनाये जाने से रक्षा क्षेत्र में हम और ज्यादा आत्मनिर्भर हो सकेंगे। गौरतलब है कि भारत में अभी कई डिफेंस क्लस्टर काम कर रहे हैं और अगर जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना होती है तो निश्चित तौर पर इससे जबलपुर के विकास की गति और बढ़ेगी।



## उषांकर ट्रस्ट ने गरीबों को बांटी सामग्री

**जबलपुर।** उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट की ओर से स्व.श्री शंकर लाल सोहाने की 39वीं स्मृति दिवस के अवसर पर 01 से 10 दिसम्बर तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला अंतर्गत चतुर्थ कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी विजय नगर जबलपुर में स्थानीय उद्योगपति शशिकांत पचौरी के विशेष सहयोग से ट्रस्टी श्रीमती तृप्ति बरसैंया, सक्रिय सदस्य संदीप बरसैंया, कैम्प प्रभारी डॉ.अरूण सरावगी, विजय सुहाने के संयुक्त प्रयास व समन्वय से जनहित में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आतिथ्य उत्तम चंद बिलैया एवं विशेष अतिथि श्री एवं श्रीमती ददरया, कमलकान्त बहरे, संजय पयासी, सुभाष रावत, जबलपुर कोचिंग संचालिका श्रीमती नीलम साहू, अनुभव मातेले के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ। ट्रस्ट की ओर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों (01 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक) को स्वेटर का वितरण किया गया। उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट की सक्रिय/पारदर्शी गतिविधियों से प्रभावित होकर जबलपुर निवासी निखिल शिवहरे जी द्वारा 50 जोड़ी दस्ताने व टोपे एवं रोशन लाल जायसवाल द्वारा 10 कम्बल ट्रस्टी श्रीमती तृप्ति/संदीप बरसैंया जी को प्रदाय किये गये, जिसका वितरण उपस्थित बच्चों व निःशक्त आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को कार्यक्रम के दौरान किया गया। समस्त बच्चों को बिस्किट एवं टॉफी वितरण संदीप/तृप्ति बरसैंया द्वारा किया गया।

## अस्पताल व एम्बुलेंस संचालकों की कमीशन खोरी से जा रही निर्दोषों की जान : सपा

**जबलपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा के नेतृत्व में एसपी कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में बिना अटेंडेंट एवं बिना नर्सिंग स्टाफ के चल रही जिले की एम्बुलेंस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। बताया गया जबलपुर जिले में पिछले कई वर्षों से एम्बुलेंस की न तो किसी प्रकार की जांच की जाती है न ही किसी प्रकार की उनकी चेकिंग की जाती है जिसके चलते शहर में एम्बुलेंस चालक कमीशनखोरी के चलते



दुर्घटनाग्रस्त लोगों को भटकाते रहते हैं, वहीं प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि जिले में जितनी भी एम्बुलेंस संचालित की जा रही हैं उन सभी की जांच की जाए एवं निर्देश जारी किए जाएं कि हर एम्बुलेंस में नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे। ज्ञापन के दौरान आशीष मिश्रा, कमलेश पटेल, राहुल अहिरवार, शुभम साहू, बीपी उरिया, दिपेन्द्र दबु एवं अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भ्रष्टाचार, बंदरबांट की जड़ें सीएमएचओ आफिस से संचालित

# अनियमित स्वास्थ्य व्यवस्था पर सपा ने किया अर्ध नग्न होकर प्रदर्शन

**जबलपुर।** पिछले लगातार एक वर्षों से समाजवादी पार्टी स्वास्थ्य व्यवस्था और अस्पताल में अनियमितताओं को लेकर अनेक आन्दोलन एवं अनेक शिकायत कर चुकी है। इसके बावजूद भी सीएमएचओ संजय मिश्रा द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। देखने में आ रहा है कि पिछले 6-8 माह में उनके ही विभाग के दो बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथों धरे गए। इससे यह बात साबित होती है कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में जो भी भ्रष्टाचार हो रहा है उसका सम्पूर्ण लेन-देन सीएमएचओ आफिस विक्टोरिया से संचालित हो रहा है।



आरोप है कि लगातार शिकायतें करने के बाद भी अस्पतालों में कार्यवाही के नाम पर सात दिन का नोटिस देकर खानापूर्ति कर दी जाती है और महीनों तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाती है।

विगत दिवस खमरिया स्थित बस हादसे में मरीजों को खमरिया से लाकर एक निजी अस्पताल जो कि होम साइंस कॉलेज स्थित है, उसमें मरीज को भर्ती कराया गया इसमें यह संदेह उठता है कि खमरिया (रांझी) से लेकर होम साइंस तक अनेक अस्पताल एवं सरकारी अस्पताल विक्टोरिया भी आता है पर कमीशन के खेल में मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके चलते अधिक रक्त बह जाने के कारण उसकी मृत्यु हो गई एवं समय पर उसको इलाज न मिल सका। इसके उपरांत मरीज के परिजन से 40,000/-रुपये भी ले लिये गये। यह घटना जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पर कमीशन खोरी के खेल को दर्शाती है, जिसको लेकर समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को विक्टोरिया गेट पर अर्ध नग्न होकर प्रदर्शन किया, जिसमें समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा फोटोग्राफी में अमित सोनी द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

**जबलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली गई 468वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में प्रेस फोटोग्राफर अमित सोनी को द्वितीय पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा दिया गया था, पुरस्कार वितरण के दौरान अमित सोनी के बाहर होने के कारण आज हरे कृष्णा आश्रम में स्वामी रामचंद्रदास महाराज एवं डॉ. वायआर यादव के सानिध्य में उन्हें नगद राशि से सम्मानित किया गया।



## संत रविदास विचार मंच की सभा कल

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 07 दिसम्बर को मध्यान्ह 12.30 बजे से लालमाटी झामनदास चौक खेरमाई मंदिर में मंच की सभा आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ करेंगे। मंच के धर्मेन्द्र सतनामी, मोहनलाल चौधरी, ब्रजलाल चौधरी, तुलसीराम चौधरी, मनोज कुमार, कंधीलाल, रामबाई, सियाबाई, द्रोपदीबाई, मीना चौधरी, श्यामाबाई, सीता चौधरी सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति की अपील की है।

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के शिविर में 300 अधिवक्ताओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हुई

**जबलपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 300 अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मधुमेह व थायराइड की जांच की गई। यह चिकित्सा शिविर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा डा. अश्विनी कुमार त्रिवेदी, डा. विवेक जैन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। डा. अभिषेक श्रीवास्तव, डा. ऋतु श्रीवास्तव द्वारा जांच की गई। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव परितोष त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, रजनीश उपाध्याय, राजेंद्र प्रताप सिंह, विनोद मिश्रा, मनोज कुशवाहा, सपना तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

**नाम सुधार**

I, ANNU SAMUNDRE पति श्री राजू समुन्द्रे निवासी म.नं. 2037, दुर्गा नगर, शंकर शाह नगर वार्ड, रामपुर, जबलपुर मुझ शपथकर्ती के नाम से आधार कार्ड जारी हैं जिसमें मेरा नाम ANNU SAMUNDDREY दर्ज है जिसमें अंग्रेजी के अक्षरो में स्पेलिंग मिस्टेक है जो कि गलत व असत्य नाम हैं। जबकि मुझ शपथकर्ती के मतदाता परिचय पत्र, पेन कार्ड, में मेरा नाम ANNU SAMUNDRE दर्ज हैं, जो कि सही व सत्य है। जबकि मुझ शपथकर्ती का सही एवं वास्तविक नाम ANNU SAMUNDRE है, मेरे इसी नाम को मान्य किया जावे एवं दस्तावेज में दर्ज किया जावे। Affidavit dated in 04/12/2025 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.
सही व सत्य नाम-ANNU SAMUNDRE
गलत व असत्य नाम-ANNU SAMUNDDREY

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कशिश आर्या पति श्री शेखर आर्या निवासी ए.एस.डीए-2 ग्राउंड फ्लोर गुडविल अपार्टमेंट, नेपियर टाउन, जिला जबलपुर मध्यप्रदेश घोषणा करती हूँ कि मेरा पूर्व नाम कंचन नेचलानी पिता श्री रामचंद्र नेचलानी था। यह कि शादी के बाद मेरा नया नाम कशिश आर्या हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि में दर्ज है। अतः मुझे मेरे नये नाम कशिश आर्या पति श्री शेखर आर्या से जाना व पहचाना जावें।

पुराना नाम- कंचन नेचलानी
नया नाम- कशिश आर्या

# मारुति सुजुकी ने की 13 प्रमुख चार्ज प्वाइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ समझौते की घोषणा

## देशभर में मारुति सुज़ुकी के डीलर नेटवर्क पर 2000 से अधिक एक्सक्लूसिव चार्जिंग प्वॉइंट उपलब्ध होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों और एग्रीगेटरों के साथ सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी इस अवसर पर मौजूद थे।

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ हिसाशी ताकेउचि ने कहा कि मारुति सुज़ुकी में, हम अपने ग्राहकों को सुखद ओनरशिप का अनुभव देने का प्रयास करते हैं ताकि कंपनी पर उनका भरोसा लम्बे समय तक बना रहे। आज, हम एक ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं, क्योंकि हम पूरी तैयारी के साथ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, ताकि ईवी चार्जिंग से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जा सके और ग्राहक विश्वास को बढ़ावा मिले। हमने अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क के माध्यम से 1,100 से अधिक शहरों में फैले 2,000 से अधिक मारुति सुज़ुकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। इसके अलावा, हमने देशभर में विशाल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक पहुंच उपलब्ध कराने के लिए 13 चार्ज पॉइंट ऑपरेटरों के साथ सहयोग किया है। सुज़ुकी की वैश्विक दृष्टिकोण के अनुरूप, हम कई ईवी पेश करने की योजना बना रहे हैं और इसे समर्थन देने के लिए हमारे डीलर और सीपीओ पार्टनर्स के साथ हमारा लक्ष्य 2030 तक पूरे भारत में 1 लाख से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स का नेटवर्क स्थापित करना है।



समझौतों पर हस्ताक्षर के दरमियान मारुति के सीईओ, हिसाशी ताकेउचि और सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स), पार्थो बनर्जी और सीपीओ के अन्य वरिष्ठ गणमान्य अधिकारी मौजूद।

### 5 से 10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट

मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पार्थो बनर्जी ने कहाकि आज भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए दौर की शुरुआत है। मुझे यह कहते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मारुति सुज़ुकी पूरी तरह ईवी के लिए तैयार है और हमारा नया व्यापक प्लेटफॉर्म ईवी चार्जिंग ढांचे से जुड़ी प्रमुख चिंताओं का समाधान करता है। देश के सबसे बड़े डीलर नेटवर्क और हमारे चार्जिंग पार्टनर्स के नेटवर्क का लाभ उठाते हुए हम भारत के 100 प्रमुख शहरों में हर स्थान पर औसतन 5-10 किलोमीटर की दूरी पर ईवी चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध करा रहे हैं।

### 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स

ग्राहकों को और भी अच्छी सुविधा देने के लिए हमने 1.5 लाख विशेष रूप से प्रशिक्षित ईवी वर्कफोर्स तैनात की है, जो हमारे ग्राहकों की हर आवश्यकता को पूरा करेगी। हमने देश के हर हिस्से में ईवी ओनरशिप के अनुभव को समर्थन देने के लिए आफ्टर-सेल्स आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 1,100 शहरों में 1,500 से अधिक ईवी-रेडी सर्विस वर्कशॉप्स भी सक्रिय कर दी हैं। बनर्जी ने आगे कहाकि हम इस प्लेटफॉर्म की क्षमता को दिखाने के लिए एक अनोखी 'ई ड्राइव' की शुरुआत कर रहे हैं, जो मारुति सुज़ुकी के व्यापक ईवी चार्जिंग नेटवर्क की वास्तविक दुनिया में प्रभावशीलता साबित करेगी। ''ई ड्राइव' के जरिए हमारा लक्ष्य है यूजर का भरोसा बढ़ाना और तेजी से ईवी अपनाने की दिशा में काम करना, ताकि नेट-जीरो के लिए देश के स्थिरता से जुड़े लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दिया जा सके। कंपनी ने एक मजबूत ईवी इकोसिस्टम भी तैयार किया है, जिसके तहत मारुति सुज़ुकी के शो-रूम नेटवर्क और 1,500 से अधिक सर्विस वर्कशॉप को ईवी-रेडी बनाया गया है। 1.5 लाख प्रशिक्षित ईवी-रेडी वर्कफ़ोर्स के साथ, भारत में ग्राहकों को बेहतरीन ईवी ओनरशिप का अनुभव देने की तैयारी की गई है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने हासिल की 1.72 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के बैंकिंग उपक्रम बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयरों की शेयर बाजार के जरिए सार्वजनिक बिक्री के लिए चल रही ऑफर फॉर सेल (ओएफसी) प्रकिया मेंदूसरे दिन की समाप्ति पर कुल 1.72 गुना अभिदान प्राप्ति हुआ ।वित्त मंत्रालय में निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इसके साथ ही यह बैंक अब न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता की (सेबी) की शर्तों को पूरा करने लगा है।

# रियलमी ने स्मार्टफोन P4X और रियलमी वॉच-5 लॉन्च की

**नई दिल्ली।** रियलमी ने भारत में अपना नया Realme P4X स्मार्टफोन और Realme Watch 5 पेश की है। Realme P4X को 7000mAh बैटरी, Dimensity 7400 Ultra 5G चिपसेट, 90FPS BGMI सपोर्ट और 18GB तक RAM के साथ सेगमेंट का सबसे तेज़ स्मार्टफोन बताया जा रहा है। इसमें 144Hz डिस्प्ले, 50MP AI कैमरा और फास्ट कूलिंग सिस्टम भी दिया गया है। दूसरी ओर, Realme Watch 5 एक नई मेक इन इंडिया स्मार्टवॉच है, जिसे भारतीय मैन्युफैक्चरिंग पार्टनर OEL के साथ मिलकर बनाया गया है। यह फिटनेस और हेल्थ फीचर्स के साथ नए डिजाइन में लॉन्च हुई है। दोनों प्रोडक्ट्स युवाओं के लिए बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक तकनीक पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता दिखाते हैं।




# टाटा स्टारबक्स ने जबलपुर में खोला अपना पहला स्टोर

**जबलपुर।** टाटा स्टारबक्स ने अपने विस्तार अभियान के तहत मध्य प्रदेश के जबलपुर में अपना पहला स्टोर खोल दिया है। यह नया स्टोर नर्मदा रोड स्थित हीरा प्लाज़ा में शुरू किया गया है। शहर के ग्राहक अब 100% एथिकली सोर्स की गई अरेबिका कॉफी से तैयार स्टारबक्स के हैंडक्राफ़्टेड पेय का आनंद ले सकेंगे। कंपनी के सीओओ अदृत मिश्रा ने कहा कि प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान वाले जबलपुर में स्टारबक्स की शुरुआत करना बेहद खास है। स्टोर का डिज़ाइन शहर की खूबसूरती से प्रेरित है, जिसमें डस्टी पिंक–मरून पैलेट और टेराजो टेक्सचर का इस्तेमाल किया गया है। यहां शांत माहौल वाली मेज़ानाइन स्पेस भी मौजूद है। स्टोर में भारतीय स्वाद के अनुरूप इमली शिकंजी कोल्ड ब्रू और स्पाइस्ड क्लासिक हॉट कॉफी जैसे विशेष पेय के साथ नई फेस्टिव ड्रिंक्स की रेंज भी उपलब्ध होगी। नया स्टोर 5 दिसंबर से रोजाना सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक खुला रहेगा।




## गेहूं, मक्का सहित अन्य अनाज की कीमतें एमएसपी से नीचे

# बाजार में दबाव बढ़ा, किसानों और उद्योग को राहत देने की जरूरत

*व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिल वाले ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे हैं*

यह गिरावट अच्छी उपलब्धता, कम दामों पर सरकारी बिक्री, गेहूं उत्पादों की कमजोर मांग और स्टॉक लिमिट के सख्त नियमों के कारण आई

पिछले दो वर्षों में बेहतर दाम मिलने और इस बार की अच्छी नमी तथा बढ़े हुए एमएसपी को देखते हुए बुवाई में तेजी जारी है

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सहित देशभर की कई मंडियों में गेहूं की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे चली गई हैं, जिससे कृषि बाजार में दबाव बढ़ गया है और किसानों के साथ साथ अब गेहूं उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति बन गई है। रबी 2026–27 सीजन के लिए गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, जबकि अधिकांश प्रमुख केंद्रों पर भाव इससे कम दर्ज किए गए हैं।

### किसानों के साथ अब गेहूं उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति


कृषि उपज की फाइल फोटो

भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजीव जैन ने बतायाकि भोपाल कृषि उपज मंडी में मालवा शक्ति 2400 से 2550 रुपए, मिल क्वालिटी 2300 से 2500 रुपए, लोकवन 2650 से 2850 रुपए, 1544 गेहूं 2550 से 2700 रुपए, शरबती 3000 से 3500 रुपए, मक्का 2350 से 1550 रुपए, धान पूसा बासमती 3300 से 3400 रुपए और सोयाबीन 4000 से 4400 रुपए क्विंटल के भाव है। लंबे अंतराल के बाद यह पहली बार है जब बाजार में गेहूं की दरें एमएसपी से नीचे पहुंची हैं।

### व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिलें ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे

अगले वर्ष कटाई के दौरान गेहूं की कीमतों पर दबाव और बढ़ सकता है। वर्तमान में व्यापारी, स्टॉकिस्ट और आटा-मैदा मिलें ब्याज और भाड़े की उच्च लागत से जूझ रहे हैं, जबकि गेहूं की कीमतें सीजन के निचले स्तर पर बनी हुई हैं।

### भोपाल मंडी में उपज के भाव प्रति क्विंटल में

- मालवा शक्ति 2400 से 2550 रुपए
- मिल क्वालिटी 2300 से 2500 रुपए
- लोकवन 2650 से 2850 रुपए
- 1544 गेहूं 2550 से 2700 रुपए
- शरबती 3000 से 3500 रुपए
- मक्का 2350 से 1550 रुपए
- धान पूसा बासमती 3300 से 3400 रुपए
- सोयाबीन 4000 से 4400 रुपए

### कारोबारियों ने निर्यात नीति पर उद्योग की नजर

बताया जा रहा है कि गेहूं उद्योग पिछले कई महीनों से गेहूं उत्पादों के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की उम्मीद में है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई है। फिलहाल केवल चोकर के निर्यात की अनुमति दी गई है, जो उद्योग की मौजूदा परेशानी को पर्याप्त रूप से हल नहीं कर पा रही। व्यापारियों का कहना है कि गेहूं क्षेत्र अन्य कृषि उद्योगों की तुलना में सरकारी नीतियों का सबसे अनुशासित पालन करता है। नीतिगत सुधारों की जरूरत है। एमएसपी से नीचे कीमतें टिके रहने पर अगले वर्ष फसल आवक के समय किसानों को 200–300 रुपए प्रति क्विंटल की और गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे किसानों में निराशा बढ़ सकती है, जबकि सरकारी खरीद का आंकड़ा 50–70 लाख टन तक बढ़ने की संभावना है। सरकारी खरीद शुरू होने से पहले ही नीतिगत सुधार किए जाएं, ताकि किसानों को कम से कम एमएसपी के बराबर मूल्य बाजार से मिल सके और उद्योग को भी स्थिर आपूर्ति और मूल्य का लाभ मिल सके।

### एआई प्लस का लैपटॉप और टैबलेट की सुविधा का नया संगम 'लैपटैब' लांच

**भोपाल ।** टेक्नोलॉजी ब्रांड एआईप्लस ने एआईप्लस लैपटैब लांच किया। एक नई श्रेणी का स्मार्ट डिवाइस, जो लैपटॉप की उत्पादकता और टैबलेट की पोर्टेबिलिटी को एक साथ जोड़ता है। भारत के हाइब्रिड जेनरेशनसीखने वालों, क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया यह लैपटैब तीन साइज में उपलब्ध होगा। 11, 12 और 13, तथा इसके साथ कीबोर्ड और स्टायलस सपोर्ट भी मिलेगा। यह 2026 के पहले क्वॉटर से फ्लिपकार्ट और एआई प्लस के रिटेल पार्टनर्स के माध्यम से पूरे देश में उपलब्ध होगा।

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** – बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की

**कर्क** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** – मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** – मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** – संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## जेएलएल रिपोर्ट : इंदौर बन रहा है मध्य भारत का अगला रियल एस्टेट पॉवर हाउस


# 2027 तक होगा परिवर्तनकारी विकास, स्ट्रेटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर, इंवेस्टमेंट और बढ़ती मेट्रो कनेक्टिविटी

*शहर की आर्थिक बुनियाद इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भारत के सबसे आकर्षक उभरते रियल एस्टेट बाजारों में से इंदौर तेजी से उभर रहा है। आने वाले वर्षों में शहर एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरेगा, जो सेंट्रल इंडिया के कमर्शियल और इंडस्ट्रियल गेटवे के तौर पर इसकी जगह को और पक्का करेगा।

अपनी स्ट्रेटेजिक लोकेशन के फायदों, वर्ल्ड -क्लास एजुकेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स की एक बड़ी परियोजनाओं की महत्वाकांक्षी श्रृंखला के साथ इंदौर सभी रियल एस्टेट एसेट क्लास में लगातार ग्रोथ की एक दिलचस्प कहानी पेश करता है। यह निष्कर्ष जेएलएल की रिपोर्ट बियॉन्ड द मेट्रोज इनसाइट्स इनटू इंडियाज इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्स में सामने आया है। शहर की आर्थिक बुनियाद एक बहुत ही अलग-अलग तरह के इंडस्ट्रियल बेस पर टिकी है, जो इसे सिंगल-सेक्टर पर निर्भर मार्केट से अलग बनाती है। इस इंडस्ट्रियल डाइवर्सिटी ने इंवेस्टमेंट, टैलेंट अट्रैक्शन और रियल एस्टेट की मांग का एक खुद को मज़बूत करने वाला साइकिल बनाया है, जो इंदौर को भारत के टियर-2 शहरों में खास बनाता है। जेएलएल की सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर ईस्ट एंड एमर्जिंग मार्केट्स इंडिया, सुरेखा बिहानी ने कहाकि इंदौर स्ट्रेटेजिक लोकेशन, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इकोनॉमिक डाइवर्सिफिकेशन का एकदम सही मेल है, जो भारत की अगली पीढ़ी के कमर्शियल रियल एस्टेट डेस्टिनेशन को बताता है। 2027 तक ऑफिस स्पेस स्टॉक 38 फीसदी बढ़कर 24.9 मिलियन वर्गफुट तक पहुंचने की उम्मीद है। सुपर कॉरिडोर एक वर्ल्ड-क्लास बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर उभर रहा है, हम सेंट्रल इंडिया के प्रीमियर कमर्शियल गेटवे को बनते हुए देख रहे हैं।




सुपर कॉरिडोर का उभरता हुआ सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट अब प्रमुख आईटी, आईटीईएस कंपनियों और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। न्यू सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट एरिया, जिसमें विजय नगर, एमआर10 और निपनिया शामिल हैं, पहले से ही शहर के प्रीमियम रेंटल रेट 50-55 रुपए प्रति स्क्वेयर फुट पर है। रिटेल स्टॉक 2024 के 5.7 मिलियन वर्गफुट से बढ़कर 2027 तक 5.9 मिलियन वर्गफुट पहुंचने का अनुमान है।

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- सुनहरा अवसर नौकरी परमानेंट बेसिस पर सीधी पक्की भर्ती, 6230 सीट ,पद - वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, वनरेंजर,सैलरी - (28500- 38500/-) (10वी- 12वी पास ) लड़के लड़कियां आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप / कॉल करें -9685327774 (रायपुर /09/ दिस./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## शब्द पहेली - 6069



**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 6068 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | र | ग | ना | ■ | आ | म | रा | य | ■ |
| फि | ■ | न | ज | ला | ■ | फि | क | र | ■ | त |
| त | ल | ■ | ल | य | ■ | स | र | ■ | ला | ल |
| र | ह | ना | ■ | क | हा | र | ■ | ज | ल | बा |
| त | र | सा | ना | ■ | ति | ■ | ज | ल | च | र |
| ■ | ■ | ■ | र | ह | म | दि | ल | ■ | ■ | ■ |
| ब | ग | दा | द | ■ | ता | ■ | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | ■ | स | ई | स | ■ | प | ह | रा |
| ग | ला | ■ | स | दा | ■ | ल | स | ■ | त | य |
| द | ■ | ग | ली | चा | ■ | बा | न | र | ■ | ण |
| ■ | का | श्त | का | र | ■ | र | म | जा | न | ■ |

## सूडोकू नवताल- 6079

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 6078 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |




## दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी स्टारर कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज हो गया है। अब तक फिल्म के पोस्टर ही सामने आए थे, जिनको देखने के बाद फैंस इस फिल्म के ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब फाइनली फिल्म का ट्रेलर सामने आया है। 2 मिनट 50 सेकंड के ट्रेलर की शुरुआत संजय मिश्रा से ही होती है। फिल्म में संजय मिश्रा के बेटे बने मुरली (व्योम यादव) की शादी की बात होती है। इसके बाद व्योम को महक (पलक लालवानी) मिलती है, जिससे वो शादी करना चाहता है। लेकिन उसके घर वाले कहते हैं कि जिस घर में कोई महिला नहीं होगी, उस घर में अपनी बेटी की शादी नहीं करेंगे।

लाइफ Style

# यामी
## पेड प्रमोशन को लेकर फूटा गुस्सा

यामी गौतम ने पेड प्रमोशन और नेगेटिव कैंपेन के गोरखधंधे के खिलाफ खुलकर आवाज उठाई है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने पूरे फिल्म उद्योग से एकजुट होकर इसे खत्म करने की अपील की। यामी की इस बात पर ऋतिक रोशन ने अपना रिएक्शन दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी गौतम ने गुरुवार को अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक लंबी पोस्ट लिखी, जिसमें उन्होंने इस गलत चलन को 'जबरन वसूली' और उद्योग के लिए 'दीमक' बताया। यामी ने लिखा कि आजकल कुछ लोग फिल्म की तारीफ के बदले पैसे मांगते हैं, वरना रिलीज से पहले ही लगातार नेगेटिव बातें होती रहती हैं। यह पैसा देकर अच्छा प्रचार करवाने या किसी दूसरे कलाकार या फिल्म के खिलाफ बुराई फैलाने का धंधा बन गया है। इससे क्रिएटिविटी पीछे छूट रही है और भारतीय सिनेमा का भविष्य खतरे में है। यामी ने आगे कहा कि दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कोई ऐसा करने की हिम्मत नहीं कर पाता, क्योंकि वहां लोग एकजुट हैं। यामी ने सभी निर्माताओं, निर्देशकों और कलाकारों से अपील की है कि वह इस गंदी संस्कृति को अभी रोके, वरना यह सबको नुकसान पहुंचाएगी। यामी ने आगे यह भी लिखा कि वह यह बात एक ईमानदार निर्माता (अपने पति आदित्य धर) की पत्नी और इंडस्ट्री की चिंतित सदस्य के तौर पर कह रही हैं। दर्शकों को खुद तय करने दें कि उन्हें फिल्म कैसी लगी, पैसे देकर जबरदस्ती तारीफ या बुराई न करवाई जाए। यामी की बात से ऋतिक रोशन सहमत हैं।



हॉलीवुड मसाला



## हैंडप्रिंट सेरेमनी में किया गया सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के मशहूर टीसीएल चाइनीज थिएटर में बुधवार को जोनस ब्रदर्स (निक जोनस, केविन जोनस और जो जोनस) ने अपने हाथ-पैरों के निशान सीमेंट में दर्ज करवाए। यह हॉलीवुड की बहुत पुरानी और खास परंपरा है, जो 1927 से चली आ रही है। इस साल जोनस ब्रदर्स को यह सम्मान उनकी बैंड की 20वीं सालगिरह के मौके पर मिला। इस खास मौके पर निक जोनस की पत्नी और बॉलीवुड-हॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा भी मौजूद थीं। उन्होंने पूरे समय निक और उनके भाइयों का जोश बढ़ाया और समारोह के बाद निक को प्यार से किस भी किया।



## भारत में धूम मचाने के लिए तैयार करण औजला

**मुंबई।** पंजाबी म्यूजिक सेंसेशन करण औजला साल 2026 की शुरुआत में भारत में पी-पॉप कल्चर वर्ल्ड टूर के लिए तैयार हैं। इसके तहत वह भारत के छह शहरों में परफॉर्म करेंगे। भारत उनके ग्लोबल टूर का एक बड़ा पड़ाव है। उम्मीद की जा रही है कि उनके कॉन्सर्ट में भारी भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में उनके कॉन्सर्ट के बारे में कई जानकारियां सामने आई हैं। भारत में करण औजला के कॉन्सर्ट फरवरी के आखिर से छह बड़े शहरों में होंगे। यह मार्च 2026 तक चलेंगे। कॉन्सर्ट का शेड्यूल इस तरह से है। नई दिल्ली - 28 फरवरी, मुंबई और पुणे - 4 मार्च, चंडीगढ़ - 14 मार्च, इंदौर - 21 मार्च, बेंगलुरु - 29 मार्च। खबर है कि करण औजला के कॉन्सर्ट बड़े स्टेडियम और खास जगहों पर होंगे। करण अपने सभी गानों के सिंगर, कंपोजर और लेखक हैं।



## बॉर्डर 2 की शूटिंग खत्म इमोशनल हुए अहान

**नई दिल्ली।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी अभिनीत 'बॉर्डर 2' अगले साल आने वाली बॉलीवुड की बड़ी फिल्मों में से एक है। हाल ही में इस फिल्म से पहले वरुण धवन और फिर दिलजीत दोसांझ का लुक सामने आया था। फिल्म की शूटिंग लगातार जारी है, लेकिन कुछ एक्टर्स ने अपना शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फेहरिस्त में अब अहान शेट्टी का नाम भी शामिल हो गया है। अभिनेता अहान शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म 'बॉर्डर 2' के सेट से कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ अहान ने एक इमोशनल नोट भी लिखा, 'बॉर्डर 2 की शूटिंग खत्म हो गई। आज सेट से निकलते वक्त दिल बहुत भारी है। इस फिल्म ने मुझे बहुत चुनौती दी और ऐसे यादगार पल दिए जो मैं कभी नहीं भूलूंगा।



## टीवी पर ढेले भर मेहनत नहीं होती : कपिल

**मुंबई।** कॉमेडियन से अभिनेता बने कपिल शर्मा ने छोटे पर्दे से शुरुआत की और अब वह बड़े पर्दे के अभिनेता बन गए हैं। उन्होंने टीवी पर कई कॉमेडी शो किए। इसके बाद उन्होंने साल 2015 में फिल्म 'किस किसको प्यार करूं' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद वह साल 2017 में फिल्म 'फिरंगी' में नजर आए। जल्द ही वह साल 2015 वाली फिल्म के सीक्वल में नजर आने वाले हैं। इससे पहले उन्होंने टीवी के बारे में एक खास बात बताई है। हाल ही में कपिल शर्मा भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में नजर आए। यहां उन्होंने बताया कि टीवी ने उन्हें आलसी बना दिया। कपिल शर्मा ने आगे कहा 'टीवी में ऐसा नहीं है कि अगर आपका वजन बढ़ जाता है तो आपको काम नहीं मिलेगा। काम चल रहा होता है, बैठना भी सोफा पर होता है, एक ढेले की मेहनत नहीं होती वहां पर।'

टीवी मसाला



## बिग बॉस 19 की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट हैं तान्या

**नई दिल्ली।** 102 दिन पहले 'बिग बॉस 19' में 18 कंटेस्टेंट्स ने घर में एंट्री ली थी। लेकिन, फिनाले की इस रेस में अब केवल 5 घरवाले बचे हैं। ये फिनाले 7 दिसंबर को है। जिसमें गौरव खन्ना, अमाल मलिक, फरहाना भट्ट, प्रणीत मोरे और तानिया मित्तल टॉप 5 कंटेस्टेंट बन गए हैं। लेकिन, इस सभी घरवालों में सबसे ज्यादा किसी के ऊपर तानों, कमेंट और ट्रोलिंग की बौछार हुई है।.. तो वो ग्वालियर की रहने वाली तान्या मित्तल हैं। जिसकी वजह कहीं ना कहीं उनकी बातें और उनका फेंकू अंदाज रहा है। तान्या मध्य प्रदेश के ग्वालियर की रहने वाली हैं। इनकी उम्र 30 साल है और ये भारतीय उद्यमी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और मॉडल है। इन्होंने मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स 2018 का खिताब जीता है। तान्या जब से 'बिग बॉस' के घर में आई हैं तब से अपनी अमीरी को लोगों को बार-बार दिखाती फिर रही हैं। कभी कहती हैं कि अंबानी ने उन्हें साड़ी तोहफे में दी, कभी कहती हैं कि मेरे घर के किचन में लिफ्ट लगी है। कभी कहती हैं कि मेरे घर का एक फ्लोर करीबन 2500 वर्ग फुट का है। ये फ्लोर पूरी तरह से उनके कपड़ों और वार्डरोब के लिए. तान्या की ये फेंकू बातें यही नहीं रुकी। तान्या ने भले ही घर के अंदर कितना भी झूठ क्यों ना बोला हो... लेकिन इतना तो है कि इतना नाटक और नौटंकी करने के बाद भी आज हर किसी की जुबान पर किसी कंटेस्टेंट का नाम है तो वो खुद तान्या ही हैं। घर के अंदर हो या बाहर तान्या का कैमरे को देखकर रोना-धोना, अपनी अमीरी को दिखाना और झूठ के पुलिंदे को लेकर तान्या 'बिग बॉस सीजन 19' की सबसे पॉपुलर कंटेस्टेंट बन गई हैं।

### टीआरपी लिस्ट में अनुपमा नंबर वन पर

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली का सीरियल अनुपमा नंबर वन पर है। इस सीरियल को 2.2 की टीआरपी मिली है,



जबकि इस बार 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। इस बार सीरियल 'क्योंकि सास...' को 1.9 की टीआरपी मिली है। वहीं. 47वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर 'लाफ्टर शेफ्स- अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' सीरियल है। इसको भी 'क्योंकि सास...' की तरह 1.9 की टीआरपी रेटिंग मिली है। इस बार चौथे नंबर पर 'उड़ने की आशा ने अपनी जगह बना ली है। 'उड़ने की आशा' को इस बार 1.8 की टीआरपी मिली है, जो पहले के मुकाबले कम है। इससे पहले इस शो को 2.0 की टीआरपी मिली थी। इस बार पांचवें नंबर पर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'ने अपनी जगह बना ली है। 47वें हफ्ते की टॉप 5 टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता...' को 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यानी कि इन सभी टॉप पांच टीवी शोज की लिस्ट में आखिरी नंबर पर 'ये रिश्ता...' रहा।

## इक्कीस के इवेंट में अगस्त्य और सिमर ने दिखाए जलवे

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' जल्द ही रिलीज होने वाली है। उनके साथ फिल्म में अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया होंगी। दोनों ही इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। फिल्म की रिलीज से पहले एक इवेंट हुआ। इसमें अगस्त्य नंदा और सिमर भाटिया के अलावा निर्माता दिनेश विजान और एक्टर जयदीप अहलावत भी पहुंचे। फिल्म में अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाने के बारे में अगस्त्य नंदा ने कहा 'जब मैंने पहली बार एक नौजवान के बारे में सुना जो बहुत युवा थे और परमवीर चक्र धारक थे। तो मेरे अंदर एक जिम्मेदारी का भाव आया। मैंने सोचा कि मैं अरुण खेत्रपाल के बारे में पहले जानूंगा। 21 साल की उम्र बहुत कम उम्र होती है। इस उम्र में लोग समझ नहीं पाते कि क्या करना है। ऐसे में वह आते हैं और कहते हैं कि वह फैसला करेंगे कि क्या सही है। इसने मुझे इंस्पायर किया। इवेंट में जयदीप अहलावत पहुंचे। उन्होंने धर्मेंद्र के बारे में कहा 'जब वह सेट पर आते थे वह चीजों को आसान बनाते थे। फिल्म में वह जो रोल कर रहे हैं वह आसान नहीं है। वह बहुत कठिन है। यब बात बहुत कम लोगों को समझ में आएगी। मैंने उनके साथ



यह फिल्म की। यह मेरे लिए बहुत ही खास पल था। इवेंट में फिल्म के निर्माता दिनेश विजान ने निर्देशक श्रीराम राघवन की तारीफ की है। उन्होंने राघवन के बारे में कहा 'इस देश में सबसे अच्छे फिल्ममेकर हैं। उन्होंने कहा कि राघवन का कहना था कि जंग, जंग की तरह दिखनी चाहिए। मैं आपसे वादा करता हूं कि जब आप फिल्म देखेंगे तो इसे महसूस करेंगे।

## यहां कोई ड्रामा, ब्रेकिंग न्यूज या अटेंशन नहीं मिलेगा : श्यामली

**मुंबई।** फिल्ममेकर राज निदिमोरु और एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की 1 दिसंबर को हुई योगिक शादी ने सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोरीं। इस बीच तीन दिन बाद राज की एक्स-वाइफ श्यामली डे ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए एक लंबा नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं, मुश्किल हालात और प्राइवेसी की गुजारिश को बेहद सधे हुए तरीके से पेश किया। साल 2015 में राज से शादी करने वाली श्यामली का रिश्ता 2022 में तलाक के साथ खत्म हुआ था, लेकिन सामंथा-राज की शादी के बाद मीडिया और सोशल मीडिया में उठी प्रतिक्रियाओं के बीच लोग उनकी ओर जवाब की उम्मीद कर रहे थे। श्यामली ने स्पष्ट शब्दों में मीडिया और सोशल मीडिया यूजर्स को संदेश दिया कि वो न तो लाइमलाइट चाहती हैं, न किसी तरह की सहानुभूति। उन्होंने कहा कि कोई पीआर टीम या मैनेजर नहीं है- हर मैसेज का जवाब वे खुद दे रही हैं, और इस समय वे



सिर्फ शांति, सकारात्मकता और मानसिक स्थिरता को बनाए रखना चाहती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि कोई उनसे एक्सक्लूसिव इंटरव्यू, टिप्पणी, या विवाद की उम्मीद न करे। । श्यामली ने लंबा-चौड़ा पोस्ट साझा करते हुए बताया कि उन्होंने पिछली रात बेचैनी में गुजारी- परेशानी, सोच-विचार और लगातार पलट-पलट कर जागती हुईं। उन्होंने कहा कि वो जीवन में मिल रहे समर्थन की उपेक्षा नहीं कर सकतीं, इसलिए सबके प्रति आभार व्यक्त करना जरूरी था। उन्होंने यह भी लिखा कि लोग जो भी प्यार और दुआएं उन्हें भेज रहे हैं, यह उसी सकारात्मक ऊर्जा की वापसी है, जिसे उन्होंने वर्षों तक आध्यात्मिक अभ्यासों के माध्यम से दुनिया में भेजा है।

### देश-विदेश में अपनी अदाकारी का मनवाया था लोहा और इंडस्ट्री में बनाई अलग पहचान

# अमिताभ से भी ज्यादा फीस वसूलते थे शशि कपूर, एक समय काम मिलना हो गया था बंद

*__नई दिल्ली।__ शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। शशि कपूर अमिताभ से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। लेकिन, एक समय काम मिलना बंद हो गया था।*



### बाल कलाकार के रूप में कॅरियर की शुरुआत

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थीं।

***उपलब्धियां*** : 2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।

### जब कॅरियर को लग गया ग्रहण

सिनेमा को इतनी हिट फिल्में देने के बाद एक वक्त ऐसा आया, जब शशि कपूर के कॅरियर को भी ग्रहण लग गया। एक समय उन्हें काम मिलना बंद हो गया था। फिल्मों में काम न मिलने की वजह से वह पूरी तरह से निराश हो गए था, लेकिन उन्हें अपना घर तो चलाना ही था और इसके लिए पैसों की जरूरत थी। ऐसे में शशि कपूर को अपनी पसंदीदा स्पोर्ट्स कार बेचनी पड़ गई थी। इसके अलावा उनकी पत्नी जेनिफर को भी पैसों की तंगी के चलते अपना सामान बेचना पड़ा था।



### शशि कपूर के दमदार डायलॉग्स

ख्वाब जिंदगी से कई ज्यादा खूबसूरत होते हैं (सत्यम शिवम सुंदरम)

ये दुनिया एक थर्ड क्लास का डिब्बा बन गई है, जगह बहुत कम है, मुसाफिर ज्यादा (दीवार)

ये मत सोचो कि देश तुम्हें क्या देता है।..सोचो ये कि तुम देश को क्या दे सकते हो (रोटी कपड़ा और मकान)

हम गायब होने वालों में से नहीं है। जहां-जहां से गुजरते हैं जलवे दिखाते हैं।..दोस्त तो क्या, दुश्मन भी याद रखते है (सिलसिला)

### 1958 में की जेनिफर से शादी

1958 में शशि कपूर और जेनिफर की शादी हुई। हालांकि, कपूर खानदान अपने लिए विदेशी बहू को लेकर बहुत सहज नहीं हो पाया था पर शशि कपूर ने सबको मना लिया। एक साल के अंदर शशि कपूर पिता बन गए और उनके पिता ने आर्थिक दिक्कतों और स्वास्थ्यगत समस्याओं के चलते पृथ्वी थिएटर को बंद करने का फैसला कर लिया था। लेकिन, जेनिफर ने शशि कपूर को इस कदर प्यार दिया कि उनके मरने के बाद भी शशि इस प्यार से बाहर नहीं निकल पाए।

**70 के दशक में सितारा बनकर चमके** : इस बात का जिक्र शशि कपूर के बेटे कुणाल ने अपने एक इंटरव्यू में किया था। इतनी मुश्किलें देखने के बाद 70 के दशक में शशि कपूर का समय फिर आया और तब वह एक ऐसा सितारा बनकर चमके जिसकी चमक के आगे बाकी सितारे भी फीके लगने लगे थे। आज भी शशि कपूर की फिल्मों के कई दीवाने हैं। एक ओर जहां शशि कपूर ने कई सुपरहिट फिल्में दी थीं, वहीं उनकी कुछ विवादित फिल्में भी रहीं।

**खबर संक्षेप**

### खेल मंत्रालय ने किया पुणे के इन्फ्लूएंसर के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम फिट इंडिया ने अपनी 64 दिवसीय दौड़ के लिए अल्ट्रा-धावक और 'इन्फ्लूएंसर' आशीष कासोदकर की अगुवाई वाले पुणे स्थित सिंपल स्टेप्स फिटनेस के साथ गठजोड़ किया है। यह दौड़ 24 नवंबर को अरुणाचल प्रदेश की डोंग घाटी से शुरू हुई, जहां भारत अपना पहला सूर्योदय देखता है। इसका समापन अगले साल गणतंत्र दिवस पर गुजरात के गुहार मोती में होगा, जो देश का आखिरी सूर्यास्त स्थल है।
मंत्रालय के अनुसार, 'इस साझेदारी से फिटनेस को जीवनशैली बनाकर फिट इंडिया मिशन को मजबूत करने, देश भर में वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरुकता को प्रोत्साहित करने, समावेशी भागीदारी से मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने तथा स्वास्थ्य, आंदोलन और जागरूकता की स्थायी संस्कृति को प्रेरित करने की उम्मीद है।'
कासोदकर को 60 दिनों में 60 मैराथन दौड़ने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड और 555 किलोमीटर लंबी ला अल्ट्रा दौड़ दौड़ने के लिए जाना जाता है। वह अरुणाचल प्रदेश और असम से लेकर बिहार तक तथा उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश और गुजरात तक कई राज्यों की यात्रा कर रहे हैं। इस दौड़ के दौरान डॉन2डस्क का लक्ष्य ग्रो ट्री फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर 76,000 पेड़ लगाना और देश भर के नागरिकों का अपने-अपने स्थानों से सामूहिक रूप से 7,60,000 किलोमीटर दौड़ना और पैदल चलना है।

### मेस्सी के टूर के दौरान किया जाएगा मिनर्वा अकादमी को सम्मानित



**नई दिल्ली।** इस साल की शुरुआत में यूरोप में तीन खिताब जीतने वाली मिनर्वा अकादमी एफसी की युवा टीम को इस महीने के अंत में लियोनेल मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' के दिल्ली चरण के दौरान सम्मानित किया जाएगा। मिनर्वा की 22 खिलाड़ियों की अंडर 14-15 टीम ने इस साल जुलाई-अगस्त में यूरोप का दौरा किया और स्वीडन में गोथिया कप, डेनमार्क में डाना कप और नॉर्वे में नॉर्वे कप सहित तीन ट्रॉफियां जीतीं। दिल्ली में मेस्सी के प्रवास के दौरान इन युवा खिलाड़ियों को वैश्विक फुटबॉल दिग्गज की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में के साथ नौ-नौ खिलाड़ियों की दो टीमों के बीच एक मैच का आयोजन हो सकता है, जिसमें मेस्सी की भी भागीदारी हो सकती है। मिनर्वा अकादमी एफसी के मालिक और प्रबंधक रंजीत बजाज हैं, जो आई-लीग क्लब दिल्ली एफसी का भी संचालन करते हैं।

### हमारी बल्लेबाजी में संतुलन अच्छा : ब्रीट्जके

**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि भारत शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करेगा लेकिन उन्हें इससे पार पाने के लिए अपनी संतुलित बल्लेबाजी पर



भरोसा है। तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर है और भारत को दक्षिण अफ्रीका से लगातार दूसरी श्रृंखला में पराजय से बचने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इससे पहले टेस्ट श्रृंखला में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। ब्रीट्जके ने कहा, 'हम जानते हैं कि हमें एक बहुत अच्छी टीम का सामना करना होगा। हमें पता है कि वह जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# एशेज : 334 रन पर समाप्त हुई इंग्लैंड की पहली पारी, रूट 138 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के साथ ब्रिसबेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन के पहले सत्र में इंग्लैंड की पहली पारी 334 रन पर सिमट गई। जो रूट 138 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने दूसरे दिन की शुरुआत 9 विकेट पर 325 रन से की थी। 9 रन और जोड़ने के बाद जोफ्रा आर्चर के रूप में दसवां विकेट गिरा। आर्चर 38 रन बनाकर आउट हुए। रूट और आर्चर के बीच दसवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आर्चर ने 36 गेंद पर 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 38 रन की पारी खेली।

**रूट और आर्चर के बीच 10वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी**




## रूट का ऑस्ट्रेलिया की धरती पर पहला शतक

*मैच के पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। रूट का शतक पहले दिन का आकर्षण रहा था। रूट ने ऑस्ट्रेलिया की धरती पर अपना पहला शतक और कुल 40वां टेस्ट शतक लगाया। वह 40 या उससे अधिक टेस्ट शतक बनाने वाले सचिन, कैलिस और पोंटिंग के बाद चौथे बल्लेबाज बने। रूट 206 गेंद पर 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 138 रन बनाकर नाबाद रहे। रूट चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए क्रॉली के साथ 97 रन की और चौथे विकेट के लिए हैरी ब्रूक के साथ 54 रन की साझेदारी की। रूट के अलावा सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने 93 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। आर्चर तीसरे शीर्ष स्कोरर रहे। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज बेन डकेट, ओली पोप, जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स खाता नहीं खोल सके।*

## लाबुशेन ने बनाया नया कीर्तिमान डे-नाइट टेस्ट में पूरे किए 1 हजार रन



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। वह डे-नाइट टेस्ट मैचों में 1 हजार रन का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि तक पहुंचने में मार्नस को सिर्फ 16 पारियां खेलनी पड़ीं, यानी कुल 10 टेस्ट मैच। 2019 से अब तक उन्होंने पिंक बॉल से चार शतक और चार अर्धशतक जड़े हैं। उनका औसत 66 से ऊपर रहा है. एशेज के दूसरे टेस्ट की बात करें तो लाबुशेन ने इस मैच में 85 गेंदों पर 61 रन ठोके। इस बैटर ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए।

## विशाखापत्तनम में दोपहर 1.30 बजे से भारत-द.अफ्रीका के बीच कांटे की टक्कर

# निर्णायक भिड़ंत आज: रो-को से दमदार प्रदर्शन की आस, जायसवाल और बॉलर्स बन सकते हैं गेम चेंजर

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत विराट कोहली और रोहित शर्मा से फिर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगा। भारत के कुछ युवा खिलाड़ी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और ऐसे में उन पर दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद अब वनडे श्रृंखला जीतने में भी कसर नहीं छोड़ेगा और ऐसे में भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की जरूरत है। भारत अगर इस मैच में जीत हासिल करता है तो पिछले कुछ समय से टीम को लेकर चल रही अटकलें पर भी विराम लग जाएगा।

इसके लिए कोहली और रोहित को फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन दोनों का वनडे क्रिकेट में कोई सानी नहीं है और उन्हें इस तरह के दबाव वाले मैच में खेलने का अच्छा अनुभव है। इसलिए भारत की जीत में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। रोहित और कोहली अपनी करियर के अवसान पर हैं और वह इसमें एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ने की कोशिश करेंगे।



### अच्छे फार्म में कोहली और रोहित

कोहली ने अपनी पिछली तीन पारियों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है, जबकि रोहित ने अपनी पिछली चार पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। उन्हें कुछ युवा बल्लेबाजों का अच्छा सहयोग मिल रहा है जैसा कि पिछले मैच में रुतुराज गायकवाड़ ने अपना योगदान दिया था। उन्होंने अपना पहला वनडे शतक लगाया था।

### एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल

एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल होती है और भारत का यहां शानदार रिकॉर्ड रहा है। उसने यहां 2005 से 10 एकदिवसीय मैचों में से सात में जीत हासिल की है लेकिन यहां खेले गए पिछले मैच में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

### वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया भारत

कप्तान केएल राहुल ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन इस श्रृंखला में ओस के कारण टॉस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत वनडे में पिछले 20 मैच से टॉस नहीं जीत पाया है, जिसका खामियाजा उसे रायपुर में दूसरे वनडे में भुगतना पड़ा। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन वह तेज गेंदबाज बर्गर और बल्लेबाज टोनी डी जॉर्जी की फिटनेस को लेकर चिंतित है। यह देखना होगा कि ये दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान/विकेट कीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।
**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी जॉर्जी, रुबिन हरमन, केशव महाराज, मार्को यानसन, एडेन मार्क्रम, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**प्लेयर ऑफ द मंथ**

## सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में शेफाली



एजेंसी ▶▶| दुबई

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में 87 रन की तेजतर्रार पारी खेलने और दो महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली भारतीय क्रिकेटर शेफाली वर्मा को नवंबर महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के चोटिल हो जाने के कारण शेफाली को भारतीय टीम में जगह मिली थी। उन्हें फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था और अब वह महिलाओं के पुरस्कार के लिए नामांकित की गई तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। महिला वर्ग का पुरस्कार हासिल करने के लिए उन्हें संयुक्त अरब अमीरात की ईशा ओझा और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इन दोनों ने बैंकॉक में पहली आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था।

यूएई की कप्तान ओझा ने सात टी-20 मैचों में 137.50 की स्ट्राइक रेट से 187 रन बनाए और सात विकेट लिए। उन्हें टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। पुथावोंग 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रही। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लेकर थाईलैंड को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

### हार्मर, ताइजुल इस्लाम और मोहम्मद नवाज को नामांकित

*पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर, बांग्लादेश के बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम और पाकिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज को नामांकित किया गया है। अब एक स्वतंत्र आईसीसी वोटिंग अकादमी और दुनिया भर के प्रशंसक विजेताओं का फैसला करेंगे। प्रशंसक आईसीसी की वेबसाइट पर मतदान कर सकते हैं।*

**जीता खिताब**

## स्क्वाश इंडियन टूर में चैंपियन बने सेंथिलकुमार और अनाहत




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने स्क्वाश इंडियन टूर 4 में पुरुष वर्ग का और अनाहत सिंह ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

शीर्ष वरीय और दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने मिस्र के एडम हवाल को 11-7, 11-9, 9-11, 11-4 से हराकर पुरुषों का खिताब जीता। महिलाओं के फाइनल में दिल्ली की अनाहत सिंह (दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी) ने अनुभवी हमवतन जोशना चिनप्पा (पूर्व नंबर 10) को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में 11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8 से शिकस्त दी।

पिछले महीने डेली कॉलेज इंडियन ओपन के बाद अनाहत की यह चिनप्पा पर लगातार दूसरी जीत थी। सेंथिलकुमार, अनाहत, जोशना और अभय सिंह अगले हफ्ते यहां शुरू होने वाले स्क्वाश विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### अहलावत ने जीता जयपुर ओपन का खिताब

**जयपुर।** वीर अहलावत ने जयपुर ओपन के चौथे दौर में आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर इस टूर्नामेंट के अपने न्यूनतम स्कोर की बराबरी करते हुए खिताब अपने नाम किया। अहलावत तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से पांच शॉट पीछे चौथे स्थान पर थे लेकिन उन्होंने आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन कर पासा पलट दिया। गुरुग्राम के इस गोल्फर ने दूसरे दौर में भी 62 का कार्ड खेला था। अहलावत (67-62-70-62) ने



कोर्स रिकॉर्ड 19 अंडर 261 के स्कोर के साथ अपना पांचवां खिताब जीता। इस जीत से वह 15 लाख रुपए की विजेता राशि हासिल कर 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 38वें से 18वें स्थान पर पहुंच गए। रामबाग गोल्फ क्लब में इससे पहले सर्वश्रेष्ठ स्कोर का रिकॉर्ड संजय कुमार के नाम था, जिन्होंने 2011 में पीजीटीआई स्पर्धा में में 16 अंडर 264 का स्कोर बनाया था।

### वाशिंगटन को गेंदबाजी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को वाशिंगटन सुंदर की टीम में भूमिका को स्पष्ट करना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है तो यह ऑलराउंडर इसी गफलत में रहेगा कि आखिर उसकी भूमिका क्या है। अश्विन ने कहा कि वाशिंगटन को गेंदबाजी ऑलराउंडर माना जाना चाहिए और उन्हें पूरे ओवर दिए जाने चाहिए, जिससे बल्लेबाजी में भी उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में केवल सात ओवर फेंके और अभी तक उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला है। अश्विन ने कहा, 'एक बार जब आपने वाशिंगटन सुंदर को अंतिम एकादश में रखने का फैसला कर लिया, तो आपको उनकी भूमिका एक गेंदबाज के रूप में देखनी होगी, जो बल्लेबाजी भी कर सकता है। आपको उन्हें उनके कोटे के सारे ओवर करवाने होंगे।' उन्होंने कहा, 'लगातार गेंदबाजी करने पर ही उनकी (वाशिंगटन) मानसिकता एक ऐसे गेंदबाज की होगी, जो बल्लेबाजी भी कर सकता है।



# आईएल टी20 : निसांका ने खेली 81 रन की तूफानी पारी, मुंबई इंडियंस की टीम को रौंदा

**गल्फ जायंट्स ने एमआई अमीरात को छह विकेट से हराया**

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएल टी20) के जारी सीजन में गल्फ जायंट्स ने मुंबई इंडियंस की फ्रेंचाइजी एमआई अमीरात को छह विकेट से बुरी तरह हराया।

आईपीएल 2025 सीजन की नीलामी में 75 लाख के बेस प्राइस वाले पथुम निसांका को किसी टीम ने नहीं खरीदा था। अब उसी बैटर ने कायरन पोलार्ड की कप्तानी वाली एमआई अमीरात के खिलाफ 42 गेंदों में 81 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे गल्फ जायंट्स ने 164 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।



### निसांका के धमाके से जीती गल्फ

164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गल्फ जायंट्स की तरफ से श्रीलंका के पथुम निसांका ओपनिंग के लिए आए। दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे, लेकिन निसांका ने 42 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों के साथ 81 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, 16 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों से 39 रन की नाबाद पारी अजमतुल्लाह उमरजई ने खेली। इन दोनों की मदद से गल्फ जायंट्स ने 14.4 ओवर में ही चार विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसके साथ ही एमआई को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा।

**न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज , होप-ग्रीव्स के बीच 140 रन की साझेदारी**

# होप ने जड़ा शतक, वेस्टइंडीज जीत से अब भी 319 रन दूर

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

शाई होप ने अपना चौथा टेस्ट शतक जड़ा और जस्टिन ग्रीव्स के साथ 140 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने 531 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 212 रन बनाकर अपनी उम्मीदों को कायम रखा।

बड़े लक्ष्य के सामने वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 72 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद होप और ग्रीव्स ने टीम को आगे कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय होप 116 रन और ग्रीव्स 55 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज अभी न्यूजीलैंड से 319 रन पीछे है।



### न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 466 रन पर की घोषित

न्यूजीलैंड ने इससे पहले अपनी दूसरी पारी आठ विकेट पर 466 रन पर समाप्त घोषित की थी। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 231 रन बनाए थे, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 167 रन पर आउट हो गई थी। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी कल के स्कोर चार विकेट पर 417 रन पर समाप्त घोषित करने के बजाय खेलना जारी रखा। उसने आखिर में तब पारी समाप्त घोषित की जब उसका कोई फिट बल्लेबाज नहीं बचा था। विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल और ऑलराउंडर नाथन स्मिथ चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर पाए। मैट हेनरी ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 11 ओवर गेंदबाजी की और उसके बाद उन्हें पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा और वह स्कैन के लिए अस्पताल चले गए। हेनरी और स्मिथ के बाहर होने के कारण जैकब डफी और जैक फाउलकेस ही न्यूजीलैंड के फिट तेज गेंदबाज रह गए।




## एसइसीएल, ठेका कंपनी आरकेटीसी सहित अन्य को नोटिस

# हाईकोर्ट ने बिना सुरक्षा मानक खदान में मिट्टी डालने से मौत पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बिना सुरक्षा मानक खदान में मिट्टी डालने से मौत के मामले में जवाब-तलब किया है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इस सिलसिले में भारत सरकार, एसइसीएल प्रबंधन, ठेका कंपनी आरकेटीसी, थाना प्रभारी धनपुरी, शहडोल, कलेक्टर शहडोल, डीजीएमएस, जबलपुर को नोटिस जारी किए हैं।

याचिकाकर्ता मऊगंज जिला अंतर्गत ग्राम खजुरहन निवासी आरती कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति अनिल कुशवाहा की 11 अक्टूबर, 2025 को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सोहागपुर एरिया की अमलई ओसीएम में प्रबंधन की लापरवाही से मौत हो गई थी। वे ट्रिपर हाइवा चालक थे। एसईसीएल के द्वारा आरकेटीसी कंपनी को ठेका दिया गया था। याचिकाकर्ता के पति ठेका कंपनी के अंतर्गत कार्य कर रहे थे। उस दिन काफी बारिश हुई थी। इसके बावजूद प्रबंधन व ठेका कंपनी द्वारा



टार्गेट पूरा करने बिना सुरक्षा मानकों के मिट्टी डालने के कार्य में लगा दिया। वह खदान 15 वर्ष पूर्व बंद हो गई थी। 90 फुट गहरी थी। उसमें बारिश का पानी भरा था। बारिश के कारण मिट्टी की सतह ठोस नहीं थी। इसलिए वे ट्रिपर सहित नीचे गिर गए। इस वजह से मौत हो गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा 72 घंटे तक रेस्क्यू आपरेशन किया गया। अंततः मृत घोषित कर प्रमाण पत्र दे दिया गया। ओसीएम में कोयला उत्पादन के बाद क्लोजर प्लान के अनुसार मिट्टी से भरकर पौधारोपण करना चाहिए, जो नहीं किया गया। एसईसीएल के सोहागपुर प्रबंधन ने कोयला निकालने के बाद खदान को प्लान के अनुसार बंद नहीं किया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा समय-समय पर खदान के बंद करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया। घटना के समय कोई भी सुरक्षा संबंधी उपाय नहीं किए गए थे। प्रबंधन द्वारा सात दिन के अंदर मृतक की अवशेष अर्थात कंकाल सौपने का भी आश्वासन दिया गया था। पंचनामा बनाया था किंतु संपूर्ण पानी की निकासी नहीं हो सकी। यहां तक कि थाना धनपुरी द्वारा केवल पांच लोगों के खिलाफ मामूली धाराओं में एफआइआर दर्ज की गई हैं। जो घटना के प्रमुख जिम्मेदार थे उनको आरोपित नहीं बनाया गया। याचिका में जांच, भारत सरकार कोल मंत्रालय द्वारा घोषित 40 लाख मुआवजा की राशि, आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत एफआइआर दर्ज करने, मृतक के कंकाल की सुपुर्दगी व खदान को क्लोजर प्लान के अनुसार बंद करने की राहत चाही गई है। ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो।

## राज्य सूचना आयोग का निर्देश

## रादुवि छात्रसंघ मद का समेकित लेखा-जोखा प्रदान करे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के लोक सूचना अधिकारी, कुलसचिव को निर्देश दिया है कि वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक छात्र संघ मद के रूप में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई, उसका समग्र व्यय-लेखा आरटीआई आवेदक अदनान अंसारी को निशुल्क उपलब्ध कराएं। आयोग ने यह निर्देश तब दिया जब प्रारम्भिक तर्कों में लोक सूचना अधिकारी ने कहा था कि मांगी गई जानकारी 165 संबद्ध महाविद्यालयों से संबंधित है। इसलिए सामान्य स्वभाव की न होकर विस्तृत संकलन की मांग है। जिसे उपलब्ध कराना कठिन है। आवेदक ने अपने आरटीआई आवेदन में आरम्भ में विस्तृत जानकारियां मांगी थीं। हालांकि सुनवाई के दौरान उन्होंने अनुरोध संकुचित कर दिया और केवल विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयवार कुल रूप से प्राप्त छात्र संघ मद की समग्र रसीदों-विवरण की प्रति मांगी। आयोग ने यह माना कि मूल आवेदन में मांगी गई विस्तृत जानकारी देना कठिन हो सकता है क्योंकि वह किसी एक विशिष्ट महाविद्यालय से सम्बद्ध नहीं है, परन्तु आवेदक द्वारा संकुचित अनुरोध रिकार्ड आधारित व स्पष्ट है।



## शीतलहर से सर्दी बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

# मौसम : पारा 9 डिग्री पर आया, अलाव की दरकार

**जबलपुर।** जबलपुर में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ठंड व शीतलहर के चलते जनजीवन प्रभावित है। हवा में नमी बढ़ने से गलन अधिक हो गई है। इन हालातों के बावजूद नगर निगम के कर्णधारों को सार्वजनिक स्थानों पर अलाव लगाने की आवश्यकता महसूस नहीं हो रही है। खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले ठिठुर रहे हैं। शहर के सार्वजनिक स्थान रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड, रिक्शा स्टेण्ड, बल्देवबाग, बड़े महावीर, छोटे महावीर, नगर निगम, सिविक सेंटर, गौरीघाट, रानीताल चौक, लेबर चौक, क्षेत्रीय बस स्टेण्ड दमोहनाका में अलाव नजर नहीं आ रहे हैं।

पिछले दो दिनों से शहर में कड़ाके की ठण्ड का दौर चल रहा है। सुबह शाम गलाव भरी ठण्ड और दोपहर में शीतलहर ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। चौबीसों घंटे लोग गर्म वस्त्रों से लदे नजर आ रहे हैं। रात को सड़के जल्दी वीरान हो जाती हैं। ठण्ड से बचने लोग जल्दी घरों में दुबक जाते हैं। वहीं दूसरी ओर सुबह दिनचर्या देर से शुरू होती है। तापमान दिन प्रतिदिन नीचे लुढ़क रहा है। हवा में गलन बढ़ रही है, जिससे ठण्ड बढ़ रही है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 77 प्रतिशत और सायंकाल 52 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.39 बजे और सूर्यास्त शाम 5.25 बजे हुआ। उत्तर पूर्वी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला रीवा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री तक नीचे लुढ़क गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने के साथ ही शीतलहर की संभावना व्यक्त की गई है।

*डुमना एयरपोर्ट की 6 में से 5 फ्लाइट रद्द, दूसरे विकल्प न होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं*

# इंडिगो संकट का रहा जबलपुर पर बड़ा असर

**हरिभूमि, जबलपुर।**

देशभर में इंडिगो एयरलाइन के ऑपरेशनल संकट का सीधा असर गुरुवार को जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पर देखने को मिला, जहां इंडिगो की निर्धारित 6 उड़ानों में से 5 को रद्द करना पड़ा। सुबह से देर शाम तक जारी इस व्यवधान के कारण यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। एयरपोर्ट डायरेक्टर राजीव रत्न पांडेय ने पुष्टि की कि उड़ानें एयरलाइन की आंतरिक तकनीकी और संचालन संबंधी समस्याओं के चलते रद्द की गई हैं, जिससे एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ और अव्यवस्था जैसी स्थिति बनी रही।

### इंडिगो के देशव्यापी संकट

जिसके पीछे क्रू की भारी कमी और नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों का प्रभाव माना जा रहा है का सबसे अधिक असर उन शहरों पर पड़ा है जहाँ हवाई सेवाएँ एक ही एयरलाइन पर निर्भर हैं। जबलपुर भी उन्हीं शहरों में शामिल है। डुमना एयरपोर्ट पर केवल इंडिगो ही नियमित उड़ानें संचालित करती है, ऐसे में विकल्प के तौर पर कोई अन्य एयरलाइन उपलब्ध न होने की वजह से आज यात्रियों को पूरा भार इसी व्यवधान का झेलना पड़ा। यदि एयरपोर्ट से अन्य विमान कंपनियों की भी सेवाएँ संचालित होतीं, तो शहर को इस तरह की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। दिनभर में सभी उड़ानें रद्द रहीं, केवल एक फ्लाइट हैदराबाद से शाम 7:20 बजे आने और 7:50 बजे इंदौर जाने वाली—के संचालन की संभावना जताई गई है।

### डुमना से 5 फ्लाइट कैंसिल

देश के अलग-अलग शहरों से जबलपुर डुमना एयरपोर्ट आने वाली इंडिगो की 6 में से 5 फ्लाइट आज केंसिल हो गई है। जबकि एक फ्लाइट अभी तक आना बताया जा रहा है।

- इंदौर से जबलपुर होते हुए हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट जो कि सुबह साढ़े 8 बजे आती है और 9 बजे जाती है, वह कैंसिल हो गई है।
- मुंबई से जबलपुर होते ही 9 बजकर 40 मिनट में आने वाली और 10 बजे जाने दिल्ली जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई है।
- बैंगलोर से 12 बजकर 45 मिनट पर आने वाली और वापस 1 बजकर 15 मिनट पर बैंगलोर जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई है।
- दिल्ली से दोपहर डेढ़ बजे आकर वापस 2 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई।
- दिल्ली से शाम 5 आकर साढ़े 5 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट कैंसिल हो गई है।
- हैदराबाद से शाम 7 बजकर 20 मिनट पर जबलपुर आकर 7 बजकर 50 पर इंदौर जाने वाली फ्लाइट के आने की संभावना है।

## हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव, जल संसाधन विभाग सहित अन्य को नोटिस जारी किया जवाब-तलब

# राज्य सरकार के सर्कुलर की संवैधानिक वैधता को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने राज्य सरकार के सर्कुलर की संवैधानिक वैधता को चुनौती पर प्रमुख सचिव, जल संसाधन सहित अन्य नोटिस जारी की जवाब-तलब किया है। मामला 35 वर्ष सेवा के बाद भी समयमान वेतनमान से वंचित डिप्लोमाधारकों सब इंजीनियरों की याचिका से संबंधित है।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रवीण वर्मा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता प्रशांत अवस्थी, असीम त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता जल संसाधन विभाग में उप अभियंता के पद पर कार्यरत रहे हैं और सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्होंने 35 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण की है और सभी ने तृतीय कालावधि वेतनमान का लाभ प्राप्त किया, किन्तु चतुर्थ कालावधि वेतनमान (अधीक्षण अभियंता के वेतनमान के समतुल्य) से उन्हें वंचित रखा गया। 14 अगस्त, 2023 के शासकीय परिपत्र के खंड-तीन के अधीन पदोन्नति नियमों (मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग राजपत्रित सेवा भर्ती नियम, 1968) में विनिर्दिष्ट स्नातक डिग्री की योग्यता पूर्ण न करने के कारण यह लाभ निरस्त किया गया। इस आधार पर मुख्य अभियंता के आदेश में स्पष्टतः कहा गया कि डिप्लोमाधारक इंजीनियरों के लिए अधीक्षण अभियंता पद हेतु निर्धारित योग्यता स्नातक अनिवार्य है ।याचिकाकर्ताओं के अनुसार 14 अगस्त 2023 के सर्कुलर का खंड-तीन, जो पदोन्नति सम्बन्धी शैक्षणिक योग्यता को कालावधि वेतनमान से जोड़ता है, संविधान के अनुच्छेद 14 (समता का अधिकार) और अनुच्छेद 16 (सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता) का स्पष्ट उल्लंघन है।

# निगम का बड़ा अभियानः प्रमुख मार्ग अतिक्रमण मुक्त



**जबलपुर।** नगर निगम ने शहर में यातायात सुगम बनाने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों पर यह अभियान शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों और निर्माणाधीन मार्गों पर फैले अस्थाई कब्जों को हटाने के लिए चलाया गया। अभियान की शुरुआत खिन्नी बस्ती से हुई, जहाँ सड़क निर्माण में बाधा डाल रहे सभी अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इसके बाद निगम की टीम ने शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों का रुख किया। पनेरा पेट्रोल पंप से लेकर लॉर्डगंज, बड़ा फवारा, कमानिया गेट, पांडेय चौक तक फैले ठेले, खोखे और अस्थाई गुमटियों को हटाया गया। शंकर जी भंडार से बलदेव बाग और बड़ा पत्थर तक के मार्ग को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

इन क्षेत्रों से अतिक्रमण हटने के बाद फुटपाथ और सड़क की चौड़ाई बढ़ गई है, जिससे आम नागरिकों और वाहनों के आवागमन में सुधार हुआ है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई के दौरान निगम के कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, लक्ष्मण कोरी, वीरेंद्र मिश्रा, अंकित पारस सहित पूरा अतिक्रमण दस्ता और पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा।

## कार्रवाई : खेत में एकत्रित कर रखी गई थी 25 सौ क्विंटल धान

# पाटन में धान का अवैध भंडारण जब्त

**जबलपुर।** पाटन में शुक्रवार पूर्वान्ह अवैध धान भंडारण की सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक दल ने मौके से करीब 2500 क्विंटल धान जब्त करते हुए कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन को बिचौलियों द्वारा कम दामो में किसानों से धान क्रय कर धान का भंडारण किये जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर तहसीलदार पाटन सहित अन्य अमला मौके पर पहुंचा जहां बड़ी मात्रा में धान का भंडारण कर खेत में रखा गया था। हालांकि पूछताछ में किसानों का कहना था की उन्होंने खेत से उठाकर धान उक्त जगह एकत्रित की है और यहाँ से उसे सोसाइटी में ले जाया जाएगा। परंतु तहसीलदार ने मौके पर ही पंचनामा बनाते हुए उक्त भंडारित धान को जब्त करने की कार्यवाही की है ।

गौरतलब हो कि हाल ही में जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आदेश जारी किए थे कि किसानो की धान सीधे सोसाइटी में पहुंचे, बीच मे कोई भी बिचौलिया किसानों से संपर्क कर उनकी कम दामों में धान खरीदी करता है और धान भंडारण करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने अवैध धान भंडारण करने वालो की सूचना देने वाले को 21 हजार रु इनाम देने की भी घोषणा की थी। इसी ऐलान के बाद दो दिनों में शहपुरा के बाद शुक्रवार को पाटन में अवैध धान का भंडारण पाया गया है।




## ओजस अपार्टमेंट में अवैध डेरी पर बड़ी कार्रवाई

# अवैध डेरियों और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की बड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि जबलपुर।**

नगर निगम प्रशासन ने शहर में अवैध डेरियों पर नकेल कसते हुए और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों पर संभाग क्रमांक 1 से 16 के अंतर्गत व्यापक चालानी अभियान चलाया गया। निगमायुक्त ने साफ चेतावनी दी है कि शहर में किसी भी स्थान पर अवैध डेयरी का संचालन पाया गया तो संचालक के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के पहले चरण में ओजस इंपीरिया अपार्टमेंट की पार्किंग में संचालित अवैध डेरी पर निगम की टीम ने सख्त कदम उठाए। डेरी संचालक पर 10 हजार रुपये का भारी स्पॉट फाइन लगाया गया। साथ ही पार्किंग स्थल में रखे गए पशुओं को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया गया। यह कदम शहर में अवैध पशुपालन गतिविधियों को नियंत्रित करने की दिशा में नगर निगम की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



### गंदगी फैलाने वाले 63 नागरिकों पर चालान

स्वच्छता अभियान को मजबूत बनाते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले 63 नागरिकों पर चालानी कार्रवाई की। इन नागरिकों से मौके पर ही 60,700 रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया। निगमायुक्त ने कहा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियम विरुद्ध डेरियों और गंदगी फैलाने वालों पर यही कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### निरंतर सख्त कार्रवाई के निर्देश

निगमायुक्त अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग, अग्नि शमन विभाग और अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध डेरियों के विरुद्ध और गंदगी फैलाने वालों पर यह अभियान निरंतर जारी रखा जाए। कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, फायर अधीक्षक कुसाग्र ठाकुर, सहायक फायर अधीक्षक राजेंद्र पटैल, नीलेश पाटीदार, सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सहित निगम का पूरा अमला मौजूद रहा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240